हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 21.10.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 90 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## पूर्वांचल के बड़े आरोग्य केंद्र व हेल्थकेयर हब के रूप में विख्यात हो रही काशी : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां के हरिहरपुर स्थित आरजे शंकर नेत्र अस्पताल को आमजन के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें शंकराचार्य जी के दर्शन का, प्रसाद पाने का और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। शंकराचार्य के आशीर्वाद से ही काशी से पूर्वांचल को एक और आधुनिक अस्पताल मिल गया। भगवान शंकर की नगरी में शंकरा आई हॉस्पिटल आज से जन-जन के लिए समर्पित है। वे वाराणसी समेत पूर्वांचल के सभी परिवारीजनों को बहुत-बहुत बधाई देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अस्पताल काशी और इस क्षेत्र के आने वाले लोगों के जीवन से अंधकार दूर करेगा, उन्हें प्रकाश की ओर ले जाएगा। यह अस्पताल एक प्रकार से आध्यात्मिकता आधुनिकता का संगम है। ये अस्पताल बुजुर्गों की भी सेवा करेगा और बच्चों को भी रोशनी देगा। यहां बहुत बड़ी संख्या में गरीबों को मुफ्त इलाज मिलने वाला है। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी लेकर आया है।

प्रधानमंत्री कहा कि मेडिकल कॉलेज के छात्र यहां इंटर्नशिप कर पाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि दस साल पहले तक दिमागी बुखार के लिए ब्लॉक स्तर पर उपचार के केंद्र तक नहीं थे। पहले की सरकार कुछ नहीं करती थीं। बीते दशक में काशी ही नहीं पूर्वांचल में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है। दस सालों में दस हजार से ज्यादा नए बेड जोड़े गए हैं। पांच हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। आज बीस से ज्यादा डायलसिस की सुविधा मिल रही है। हेल्थ केयर के प्रति पुरानी सोच को बदल दिया है। काशी की पहचान अनंतकाल से धर्म और संस्कृति की राजधानी के रूप में रही थी, अब काशी यूपी के पूर्वांचल के बड़े आरोग्य केंद्र, हेल्थकेयर हब के रूप में भी विख्यात हो रही है। काशी की पहचान स्वास्थ्य सेवाओं की वजह से भी होती है। काशी में कैंसर के लिए भी आधुनिक अस्पताल हैं। पहले इलाज के लिए मुंबई दिल्ली जाना होता था। अब यहीं पर इलाज हो जा रहा है। झारखंड बिहार से भी लोग यहां इलाज के लिए आ रहे हैं। काशी नवजीवन दायिनी भी बन रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पावन महीने (कार्तिक) में काशी आना एक पुण्य अनुभूति का अवसर होता है। यहां काशीवासियों के साथ ही संतजनों और परोपकारी लोग भी हैं। इससे सुखद सहयोग भला क्या हो सकता है। प्रधानमंत्री ने 90 करोड़ की लागत से निर्मित इस अस्पताल का लोकार्पण करने के बाद विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अस्पताल की स्थापना शंकरा आई हॉस्पिटल, प्रमुख निवेशक राकेश झुनझुनवाला परिवार और शंकरा आई फाउंडेशन (तमिलनाडु) के कांची कामकोटि मेडिकल ट्रस्ट के सहयोग से की गई है।




- प्रधानमंत्री ने आरजे शंकर नेत्र अस्पताल को आमजन के लिए किया समर्पित।
- शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती बोले- नरेन्द्र मोदी के कारण देश में हो रहा विकास।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में काशी में विकास का नया रूप देखने को मिल रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में नित नए प्रतिमान बन रहे हैं। विकास और सेवा के क्षेत्र में नए-नए प्रकल्प यहां काशी में जुड़ रहे हैं। लगभग ढाई हजार करोड़ रुपये की लागत से केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में यहां पर कार्य संपन्न हुआ है। बीएचयू में 430 बेड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल,ईएसआईसी हॉस्पिटल में 150 बेड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण कर उत्तर प्रदेश, बिहार और आसपास के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने की कार्रवाई यहां पर आगे बढ़ी है। वाराणसी में अस्पताल खोलने के लिए मुख्यमंत्री ने आरजे शंकर नेत्र अस्पताल प्रबंधन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पूरी दुनिया में विकास का नया मॉडल है। आने वाले दिनों में गरीबों और आम जनता के लाभ के लिए कई योजनाएं चलाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी की सेवा और विकास के अभियान में एक नई कड़ी जुड़ गई है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन है। जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज की प्रेरणा से 1977 से शुरू हुआ अभियान देश के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों के जीवन में नई रोशनी लाने का काम कर रहा है।

कार्यक्रम में कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु विजयेन्द्र सरस्वती ने भी आर्शीवचन दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि देश में जो विकास हो रहा है इसका मुख्य कारण है कि हमको अच्छे नेता मिले हैं। ईश्वर की कृपा की वजह से ही नरेन्द्र मोदी मिले हैं। अच्छे नेता भी ईश्वर कृपा से मिलते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में व्यक्ति भी मुख्य है और व्यक्तित्व भी मुख्य है। सबको जोड़ने वाला नेता भी चाहिए। भारत की विशेषता के लिए धर्म और संस्कृति का विकास होना बहुत जरूरी है। बहुमुखी प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के लिए यह सब जरूरी है। इसके लिए उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शांति के लिए अच्छा काम कर रहे हैं।

इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य जगदगुरू विजयेन्द्र सरस्वती से आशीर्वाद लिया और उनका कुशलक्षेम पूछा। अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, एस वी बालासुब्रमण्यम (चेयरमैन, एसईएफआई), पद्मश्री डॉ आरवी रमणी (संस्थापक और मैनेजिंग ट्रस्टी, शंकरा आई फाउन्डेशन इंडिया), मुरली कृष्णामूर्ति (एक्जीक्यूटिव चेयरमैन शंकरा आई फाउन्डेशन) आदि भी मौजूद रहे।

### एक नजर

## चाईबासा में नक्सलियों के छिपाए दो एसएलआर बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के जंगलों में भाजपा माओवादी के नक्सलियों के जरिए छिपाये गए हथियार को पुलिस ने बरामद किया है। मई माह में पुलिस नक्सली के बीच हुए मुठभेड़ के बाद बरामद हथियार छिपा कर रखे गये थे। चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया बीते शुक्रवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मई माह में भाकपा नक्सली के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान नक्सली संगठन का सदस्य बुधराम मुण्डा मारा गया था। मुठभेड़ के बाद नक्सली संगठन के ही अन्य सदस्य अमित मुण्डा, प्रभात मुण्डा, चमन उर्फ लम्बु, सालुका कायम, रिसिब उर्फ जिउरी, बुलबुल, बीर सिंह, हेमंती एवं संजय के जरिये कराईकेला थाना क्षेत्र के लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के जंगली क्षेत्र में हथियारों को छुपाकर रख गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसपी अभियान के नेतृत्व में सीआरपीएफ 157 बटालियन के साथ एक संयुक्त अभियान दल का गठन करते हुए इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान कराईकेला थाना क्षेत्र के लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के आसपास जंगली इलाके से दो एसएलआर बरामद हुए।

## राजद का इंडी को अल्टीमेटम, कहा- 12 सीटें दीजिए नहीं तो अकेले लड़ेंगे चुनाव




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजद सांसद मनोज झा ने इंडी गठबंधन को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि राजद कम से कम 12 सीटों पर चुनाव लड़ने में सक्षम है। इनती सीटें हमें मिलनी चाहिये। इंडी गठबंधन यदि इस पर राजी नहीं होता है तो राजद झारखंड के विधानसभा चुनाव में अकेले ही चुनाव लड़ेगी।

मनोज झा प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा के खिलाफ सबसे बड़े प्रतीक में से राजद है, जिस पार्टी का राज्य की 22 विधानसभा सीटों पर पकड़ है, उसे तीन-चार सीटों पर लड़ने को कहना उसका गला काटने जैसा है। राजद नेता ने कहा कि सात सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर हम सहमत नहीं हैं। कार्यकताओं में नाराजगी है और हम 22 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं।

मनोज झा ने निराशा जाहिर करते कहा कि शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य लोगों संग हुई वार्ता से पार्टी कष्ट में है। हालांकि, अभी बात खत्म नहीं हुई है। राजद हर एक सीट और संभावनाओं को देख रहा है। हम कोई विध्वंस नहीं करेंगे। हम हर उस विकल्प का हिस्सा बनेंगे, जिससे भाजपा को पराजित किया जा सके। अब सोमवार की सुबह 11 बजे तक राजद के संबंध में कई और बातें क्लियर हो जाएंगी कि वह चुनाव लड़ने को क्या फैसला लेगा।

मनोज झा ने कहा कि 2019 में चुनाव हो रहा था तब राष्ट्रीय अध्यक्ष रांची में थे। उस समय भाजपा को हटाने के उद्देश्य से सात सीट पर ही हामी भरी। इस बार के चुनाव में भी इसी तरह से दबाव बनाया जा रहा है। एकतरफा फैसला लिया जा रहा है। राजद के नेताओं ने कभी भी झुकना स्वीकार नहीं किया है। वे जेल जाना मुनासिब समझते हैं लेकिन भाजपा के वाशिंग मशीन में धुलना स्वीकार नहीं किया। राजद शुरू से भाजपा के खिलाफ लड़ता रहा है।

इस दौरान मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी मौजूद थे।

### झारखंड पार्टी ने जारी की पांच उम्मीदवारों की सूची

**रांची :** झारखंड पार्टी ने रविवार को पांच उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। तमाड़ से पूर्व विधायक रमेश सिंह मुंडा के पुत्र राजकुमार मुंडा को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, राजकुमार मुंडा के भाई विकास मुंडा के झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ने की संभावना है। चार दिन पहले भी पार्टी ने पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। इसमें मनोहरपुर से महेंद्र जमुदा, सिमडेगा से आयरिन एकका, चाईबासा से कोलंबस हांसदा, कांके से अनिल कुमार पासवान और कोलेबिरा से संदेश एक्का का उम्मीदवार बनाया गया है। अब तक पार्टी ने 10 उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं। झारखंड पार्टी ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

**विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नाम**

- खरसांवा- सिद्धार्थ होनहागा।
- जगन्नाथपुर- लक्ष्मी नारायण गगराई।
- तमाड़- राजकुमार मुंडा।
- बड़कागांव- मुख्तार अंसारी।
- सिमरिया- लाल किशोर दास।

## सीएम हेमन्त सोरेन आज जाएंगे गढ़वा प्रत्याशियों के नामांकन में होंगे शामिल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को गढ़वा पहुंचेंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में होने वाले नामांकन प्रक्रिया में वे गढ़वा एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी की नामांकन प्रक्रिया में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री का मिनट टू मिनट कार्यक्रम निर्धारित हो गया है। गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के नामांकन कार्य में मुख्यमंत्री भाग लेंगे। साथ ही नामांकन सभा को भी संबोधित करेंगे।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 21 अक्टूबर को 12:30 बजे गोसाईंबाग मैदान स्थित हेलीपैड श्री बंशीधर नगर पहुंचेंगे। वहां आयोजित नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात पश्चात 1:30 बजे गोसाईंबाग मैदान स्थित हेलीपैड से गढ़वा के लिए प्रस्थान करेंगे। 1:50 बजे बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क कल्याणपुर गढ़वा में आगमन होगा। यहां से 2:00 बजे गढ़वा अनुमंडल कार्यालय में पहुंचकर मंत्री श्री ठाकुर के नामांकन प्रक्रिया में शामिल होंगे। तत्पश्चात 2:30 बजे अनुमंडल कार्यालय से निकलकर 2:35 बजे गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। यहां आयोजित नामांकन सभा को मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे। उसके बाद 4:00 बजे रांची के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि उनके नामांकन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित महागठबंधन के कई नेता शामिल होंगे। नामांकन कार्यक्रम में महागठबंधन के कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित आमजनों का महाजुटान होगा। विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा, रंका, मेराल, चिनियां, रमकंडा व डंडा सभी प्रखंडों के प्रत्येक गांव से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता शामिल होंगे। सभी लोग रामासाहू उच्च विद्यालय के स्टेडियम में एकत्रित होंगे। वहां से मंझिआव मोड़, मेन रोड, रंका मोड़ होते हुए रैली टाउन हॉल के मैदान में पहुंचेगी।


### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता वाहन को किया रवाना

## स्वयं भी मतदान करें और आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए करें प्रेरित : के रवि कुमार

- वाहन में लगे ऑडियो-विजुवल माध्यम से मतदान के लिए किया जाएगा प्रेरित।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी मतदाताओं से अपील की है कि स्वयं भी मतदान करें और आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने अधिकार का सही इस्तेमाल करें एवं नैतिक मतदान के प्रति सजग बनें।



वे रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उदेश्य से जागरुकता वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान मीडिया से मुखातिब थे। कुमार ने कहा कि विगत निर्वाचनों में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ है, उन सभी क्षेत्रों में इन प्रचार वाहनों के माध्यम से मतदाता जागरुकता से संबंधित संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इसके लिए कुल 36 प्रचार वाहन तैयार किए गए हैं, जो राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में घूम-घूमकर नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करेंगे। प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाएं।

प्रचार वाहनों को रवाना करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोक कलाकारों ने मतदाता जागरुकता से संबंधित स्थानीय लोकभाषा में मतदाता जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के बाबत पूरे राज्य में स्थानीय थीमों को ध्यान में रखते हुए स्वीप के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निदेशक जनसंपर्क आनंद सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभी पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### चुनाव को लेकर डीआईजी ने की बैठक, दिए कई निर्देश

**रांची :** विधानसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीआईजी अनूप बिरथरे ने रविवार को वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीआईजी ने अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। मौके पर डीआईजी ने चुनाव को लेकर जिले मे सुरक्षा को लेकर पुलिस की तैयारी की जानकारी ली। डीआईजी ने जिले के उग्रवाद प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों को पूरी तरह एहतियात बरतते हुए ड्यूटी करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिलों में एस ड्राईव चलाकर लंबित वारंट, कुर्कियों, लंबित काण्डों का शीघ्र निष्पादन करें। लाइसेंसी हथियारों को 21 अक्टूबर तक जमा कराने, सक्रिय अपराधकर्मियों और अन्य उपद्रवियों को चिह्नित करते हुए उन पर कार्रवाई की स्थिति के संदर्भ में समीक्षा की। उन्होंने अन्तर्राज्यीय सीमा क्षेत्रों से लगने वाले जिलों के पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि उनके क्षेत्र से लगने वाले अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट को सक्रिय कर सभी वाहनों की जांच का निर्देश दिए। साथ ही सभी चेक पोस्टों पर सीसीटीवी लगाने को भी कहा।

## झारखंड में रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए एनडीए की जीत जरूरी : शिवराज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभआ चुनाव का बिगुल बजने के बाद भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी प्रत्याशियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रविवार सुबह आठ बजे चर्चा की। इस दौरान शिवराज सिंह ने सभी प्रत्याशियों से विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।

शिवराज ने कहा कि भाजपा ने अटल बिहारी के नेतृत्व में राज्य बनाया तो इसे बचाने और सवारने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा नारा नही संकल्प है। उन्होंने स्थानीय मुद्दों, रोजगार, महिला अपराध जैसे गंभीर विषयों पर फोकस कर विरोधियों को घेरने और प्रदेश में गठबंधन की सरकार के घोटालों, भ्रष्टाचार और नाकामियों को जनता के बीच पहुंचकर उजागर करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की।

प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में जनता एनडीए गठबंधन की सरकार प्रदेश में बनाने को तैयार बैठी है। प्रत्याशी स्थानीय मुद्दों के साथ प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं। प्रत्येक कार्यकर्ता का परिश्रम हमारे लिए उपयोगी है। हम सभी को साथ लेकर चलें और एक बड़े लक्ष्य को साकार करें।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी के उम्मीदों को सभी प्रत्याशी जनता की उम्मीद बनाएं। आज जनता पार्टी से आगे है। भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हम सब जनता के दरवाजे तक जाएं। जनता का आशीर्वाद प्राप्त करें। जनता मोदी के नेतृत्व पर भरोसा करती है। मोदी की गारंटी पर जनता को विश्वास है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने जो ट्रेलर इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों को दिखाया है उसकी पूरी फिल्म विधानसभा चुनाव में सामने आएगी। बैठक को क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी संबोधित किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## एक नजर

### पारिवारिक विवाद में महिला ने की आत्महत्या

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के बढ़ई टोला की एक महिला सल्फास की गोली खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार प्रखंड के बढ़ई टोला में एक पति-पत्नी में आपसी विवाद होने से महिला ने आवेश में आकर सल्फास की गोली दिन रविवार समय सुबह छह बजे खा ली। जिससे महिला की तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी। जिससे आनन- फानन में उसके परिवार वाले विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जिसमें इलाज के दौरान महिला की मृत्यु हो गई। जिसमें मृत महिला का पहचान नीतू देवी उम्र 40 वर्ष पति अर्जुन मिस्त्री के रूप में हुआ। जिसकी सूचना मायके वालों को दी गई। जिसमें मायके वाले विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर काफी हो हंगामा किया। उनका आरोप है कि मेरी बेटी को मारा गया है। काफी हंगामा देख अस्पताल प्रबन्धन ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बूझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेज दिया है।

### पूर्व विधायक से प्रभावित हो कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**चौपारण :** प्रखंड के डाक बंगला कार्यालय चौपारण में भाजपा का मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व विधायक मनोज यादव से प्रभावित होकर कई लोगों ने भाजपा का दामन थामा। पुर्व विधायक ने सबों को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि बरही विधानसभा में भाजपा का जनाधर लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपा में शामिल होने वालों की लंबी लाइन लगी है। अब बरही में परिवर्तन होना तय है। कार्यक्रम में कई लोगों ने भाजपा का दामन थामा जिसमें विधायक के बूथ से ब्रह्मदेव यादव, कारू यादव, रविदास महासभा के पूर्व अध्यक्ष प्रसादी रविदास, बिनोद चनद्रवंशी लोहंडी, प्रकाश चनद्रवंशी नवडीहा, भूपेंद्र यादव तेतरिया, बबलू दास अम्बेडकर नगर, चौपारण पंचायत से लड़न खान, तौकीर आलम, उषा देवी, मेघन रविदास, रामसेवक सिंह सहित अन्य। ताजपुर पंचायत से आनद मुंडा, लखन मुंडा, राम मुंडा, बिरेन्द्र नायक , करुणा सिंह, बिनोद रविदास, चैथी पंचायत से प्रमोद सिंह, कार्तिक भुइयाँ, उमेश पांडेय, विजय दाँगी, रूपलाल तुरी सहित सभी ने भाजपा का दामन थामा।

### कोल्हुआकला पंचायत में बूथ कमेटी का हुआ सत्यापन



**बरही :** बरही प्रखंड के कोल्हुआकला पंचायत में रविवार को पूर्व मुखिया सह मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव और दशरथ यादव ने बूथ कमेटी का सत्यापन किया। इस दौरान बूथ कमेटी के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर महागठबंधन की सरकार को दोबारा सत्ता में लाने और विधायक उमाशंकर अकेला को जिताने का संकल्प लिया। सत्यापन के दौरान मौजूद सदस्यों में प्रभु यादव, गंगाधर पंडित, सुरेंद्र पंडित, शिवनाथ यादव, संतोष यादव, रामदेव यादव, राहुल यादव, रफीक अंसारी, प्रदीप पासवान, रियाज अंसारी, शमशेर अंसारी, मीना देवी, पिंकी देवी, प्रमोद राम, पप्पू राम, दिवाकर यादव, महेंद्र कुमार, शियालाल यादव सहित कई अन्य लोग शामिल थे। सभी सदस्यों ने मिलकर चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की और पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

# सीसीएल, एनटीपीसी व अडानी केंद्र सरकार के इशारे पर कर रही है काम : अंबा प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात किया। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया व बताया कि केंद्र सरकार के प्रायोजित कंपनियों द्वारा लगातार विस्थापितों के हक अधिकार को छीनने हेतु दमनकारी नीतियों से विस्थापित रैयतों को परेशान किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि सीसीएल, एनटीपीसी व अडानी को बड़कागांव के लोगों से कोई सरोकार नही है, उक्त सभी कंपनियां सिर्फ केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है। विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा में अडानी द्वारा जबरदस्ती खनन कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है इस संदर्भ में आम सभा को भी सफल घोषित कर दिया गया है जबकि ग्रामीण कई महीनो से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के विस्थापितों के कट ऑफ डेट 2016 के आधार पर मिलने वाले लाभ पर संशोधन कराने की बात कही और बताया कि इस मामले को विधायक द्वारा कई बार विधानसभा में उठाया गया है लेकिन केंद्र सरकार अपने प्रभाव से इसको होने नहीं दे रही है। वहीं विस्थापन आयोग का गठन राज्य सरकार द्वारा हरी झंडी दे दिए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए विस्थापितों की समस्याओं का निदान करने की बात कही। बड़कागांव में बंद पड़े सिलाई सेंटर को चालू करने के लिए पहल करें। आगे उन्होंने बादम व आंगो कोयला खनन परियोजना का ग्रामीण द्वारा किए जा रहे भारी विरोध पर भी ध्यान आकृष्ट कराते हुए बगैर उनके मांगों को पूरा किया किसी प्रकार का कार्य नहीं कराने को लेकर संज्ञान में लेने का निवेदन किया। आगे विधायक ने कहा किसीसीएल चंद्रगुप्त परियोजना का भी ग्रामीणों ने भरपूर विरोध किया लेकिन केंद्र सरकार व सीसीएल प्रबंधन अपने प्रभाव से आमसभा को फर्जी तरीके से पास करने के लिए कार्य कर रही है जिसका ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं। उक्त सभी मसलों पर राहुल गांधी ने कहा कि सभी मामलों को लेकर दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक किया जाएगा ताकि बड़कागांव की समस्याओं का जल्द निदान हो सके।

## मांडू विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे निर्दलीय प्रत्याशी सुशील कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**विष्णुगढ़ :** प्रखंड स्थित झारखंड विवाह भवन में मांडू विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी सुशील कुमार (महतो) के द्वारा आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभा का संचालन गणेश कुमार ने किया। सुशील कुमार (महतो) ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा में मेरी कार्यशैली को देखकर 2014 में ही भाजपा से मांडू विधानसभा से टिकट मिलने का आश्वासन मिली थी। जो कि नहीं मिला। 2024 विधानसभा चुनाव में भाजपा और आजसू का गठबंधन होने के कारण से आजसू को मांडू विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया किया गया है। जिसमें हम नाखुश हैं। कार्यकताओं और जनता की मांग से मैं मांडू विधानसभा से निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ूंगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए अपने संकल्प को दोहराया और कहा कि वे अपने क्षेत्र के लोगों के लिए पूरी मेहनत से काम करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर उन्हें भाजपा से अब भी टिकट नहीं मिलता है, तो वे स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अभी भाजपा के दामन में है और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीत भी जाते हैं तो भी भाजपा में रहेंगे और भाजपा को ही समर्थन देंगे। उन्होंने मतदाताओं से आशीर्वाद और समर्थन की अपील की। जिसमें बेडाहरियारा मुखिया रामचन्द्र यादव, प्रकाश मंडल, खेम नारायण महतो, अशोक मंडल आदि कार्यकर्ता ने अपने-अपनी बातों को रखा तथा सुशील कुमार महतो को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया।

## उम्मीदवार बनने के बाद भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के दफ्तर में जश्न का माहौल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधानसभा से प्रदीप प्रसाद भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हुए हैं। जैसे ही नाम की घोषणा हुई है वैसे ही उनके कार्यालय में जश्न का माहौल है। समर्थक और उनके शुभचिंतक कार्यालय पहुंचकर एक दूसरे को शुभकामना दे रहे हैं। पिछले 5 दिनों से आखिर भाजपा का उम्मीदवार सदर विधानसभा क्षेत्र से कौन होगा इसे लेकर चर्चा का बाजार गर्म था। हर एक चौक चौराहे पर इस बात को लेकर चर्चा हो रही थी कि पार्टी किस पर विश्वास जताती है और उन्हें उम्मीदवार बनाएगी। हजारीबाग की बात की जाए तो लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक दावेदार ने उम्मीदवार बनने के लिए आवेदन दिया था। सभी आवेदनों पर विचार करने के बाद प्रदीप प्रसाद को भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। उम्मीदवार की घोषणा होने के साथ ही कार्यकर्ता और उनके शुभचिंतकों में खुशी देखने को मिल रही है। प्रदीप प्रसाद समाज सेवा करते हुए राजनीति में अपना कदम रखे थे। इसके बाद उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़कर हजारीबाग में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज की थी। इसके बाद आजसू और फिर कांग्रेस का भी दामन थामा था। पिछले दिनों इन्होने नरेंद्र मोदी के सिद्धांत और काम पर विश्वास जताते हुए भाजपा का दामन थामा। लोकसभा चुनाव में भी इन्होंने पार्टी के लिए बूथ स्तर तक काम किया और इसी का आज यह परिणाम है कि पार्टी ने उन पर विश्वास जाते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है। भारतीय जनता पार्टी ने विश्वास जताते हुए प्रदीप प्रसाद को हजारीबाग सदर से उम्मीदवार बनाया है। प्रदीप प्रसाद समाजसेवी के रूप में हजारीबाग जिले में अपने आपको प्रतिष्ठित किया। इसके बाद 2012 से वह राजनीति में सक्रिय हुए। शुरूआती दौर में प्रदीप प्रसाद रक्तदान और सर्पदंश से पीड़ित लोगों को अपने कार्यालय में मदद पहुंचाते थे। यहीं से उनका नाम और प्रतिष्ठा पूरे हजारीबाग में फैला। हजारीबाग में प्रदीप प्रसाद व्यवसाई के रूप में भी जाने जाते हैं। इसके अलावा भी उनके कई तरह के व्यवसाय भी हैं।

## सांसद ने मां अष्टभुजी और पुरनी पेटो स्थित बुढ़िया माता स्थान में की पूजा- अर्चना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बड़कागांव विधानसभा अंतर्गत केरेडारी प्रखंड के ग्राम कंडाबेर स्थित मां अष्टभुजी के दरबार और पुरनी पेटो स्थित प्राचीन बुढ़िया माता स्थान में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के साथ पहुंचकर पूजा- अर्चना करके आगामी विधानसभा चुनाव प्रचार का विधिवत शंखनाद किया। केरेडारी और बचरा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का नेतद्वय ने किया तूफानी दौरा, मांगा समर्थन हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा द्वारा रोशन लाल चौधरी को प्रत्याशी घोषित किए जाने के रविवार को उनके साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद माननीय मनीष जायसवाल ने केरेडारी प्रखंड के ग्राम कंडाबेर स्थित मां अष्टभुजी और पुरनी पेटो स्थित बुढ़िया माता के दरबार में माथा टेकने के बाद केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बेलतू, पतरा खुर्द, छोटकी गर्री, गर्री कला, पतरा कला गेट, कोदवे, बैंगवरी, बालेदेवरी, चट्टी बरियातू, केरेडारी, लयसुकुवार, पेटो, पुरनी पेटो, बटुका, तरवां, हफुआ, बुंडू, पताल एवं टंडवा प्रखंड स्थित कल्याणपुर, कारो, पिपचो, बचरा एलओ कॉलोनी, बचरा बाजारटांड़ और बचरा चार नंबर गेट का सघन तूफानी दौरा करते हुए जनसमर्थन मांगा। इस क्षेत्र कई जगहों पर हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी का स्वागत और अभिनंदन किया गया।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल वैन का फिटनेस और इंश्योरेंस फेल, दुर्घटना में पांच बच्चे घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** एक बार फिर स्कूल प्रशासन और वाहन मालिकों की लापरवाही की वजह से मासूम बच्चों की जान खतरे में पड़ गई। स्वामी विवेकानंद स्कूल, खोड़ाहर की एक वैन, जिसका फिटनेस और इंश्योरेंस दोनों ही फेल था, एक दर्दनाक दुर्घटना का शिकार हो गई, जिसमें पांच बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना बरही के खोड़ाहर क्षेत्र में घटित हुई, जब स्वामी विवेकानंद स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही टाटा मैजिक वैन वाहन संख्या जेएच 02 एएफ 1443 विपरीत दिशा से आ रहे एक बड़े ट्रेलर वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन में सवार बच्चों में से पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बच्चों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि सभी बच्चों की हालत अब स्थिर है, लेकिन उनकी चोटें गंभीर हैं और आगे की देखभाल की आवश्यकता है। दुर्घटना के बाद, जब जांच की गई तो यह खुलासा हुआ कि टाटा मैजिक वैन का फिटनेस सर्टिफिकेट और इंश्योरेंस दोनों ही समाप्त हो चुके थे। वैन का फिटनेस सर्टिफिकेट 28 जनवरी 2017 को ही समाप्त हो चुका था, जबकि इंश्योरेंस 27 जनवरी 2016 से ही नवीनीकृत नहीं किया गया था। ऐसे में यह साफ हो गया है कि वैन को पूरी तरह से गैरकानूनी रूप से सड़क पर चलाया जा रहा था, जो न केवल बच्चों की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा था, बल्कि कानून का भी उल्लंघन था।

# बरही विधानसभा में दिग्गज नेताओं में होती है भिड़ंत

अक्सर अंसारी



**चौपारण :** बरही विधानसभा का गठन 1952 में ही हो गया था। आजादी के बाद देश में पहला आम चुनाव के साथ ही बरही में विधानसभा का चुनाव हुआ था। आजादी के बाद 1952 से 1977 तक हजारीबाग में रामगढ़ राजा कामाख्या नारायण सिंह और रामगढ़ राज परिवार का ही वर्चस्व कायम रहा। 1952 और 1957 में बरही विधान सभा सहित हजारीबाग के सभी विधानसभा में राजा कामाख्या नारायण सिंह की पार्टी छोटा नागपुर संथाल परगना जनता पार्टी की ही जीत हुई थी। बरही विधानसभा सभा से राजा की पार्टी छोटा नागपुर संथाल परगना जनता पार्टी के प्रत्याशी और सरैया पदमा के रहने वाले एडवोकेट रामेश्वर प्रसाद महथा लगातार दो टर्म में विधायक बने। 1962 में राजा कामाख्या नारायण सिंह और विधायक रामेश्वर प्रसाद महथा में अनबन हो गई। रामेश्वर प्रसाद महथा राजा की पार्टी को छोड़कर इंडियन नेशनल कांग्रेस में शामिल हो गये और बरही से उम्मीदवार बने। राजा कामाख्या नारायण सिंह को विधायक रामेश्वर प्रसाद महथा का पाला बदलना रास नहीं आया और उन्हें हराने के लिए राजा सिंह स्वयं बरही विधान सभा से प्रत्याशी बने। 1962 के विधानसभा चुनाव में बरही से राजा की भारी मतों से जीत हुई। 1967 में राज परिवार से इंद्रजितेन्द्र नारायण सिंह बरही विधानसभा से विधायक चुने गये। 1969 में मध्यावधि चुनाव हुआ और दूसरी बार भी इंद्रजितेन्द्र नारायण सिंह बरही से चुने गये। 1971 के भारत-पाक युद्ध में विजयी भारत की वीरांगणा बनकर उभरी तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का देश भर में प्रभाव पड़ा, जिसमे बरही भी उससे अछुता नहीं रहा। 1972 में हुए विधानसभा चुनाव में एक बार फिर रामेश्वर प्रसाद महथा इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी से भारी मतो से जीत दर्ज की और तीसरी बार बरही के विधायक बने।1977 में एक बार फिर राज परिवार की महारानी ललिता राज लक्ष्मी बरही से विधायक चुनी गई। 1980 और 1985 के विधानसभा चुनाव में लगातार दो बार फुलांग चतरा जिला के रहने वाले कांग्रेस नेता बाबू निरंजन सिंह विधायक चुने गये। 1990 में छतरपुरा चौपारण के भाकपा नेता रामलखन सिंह बरही विधान सभा के विधायक बने और अपने कार्यकाल में बरही को अनुमंडल का दर्जा दिलाए। साथ ही प्रशासनिक ब्लॉक के रूप में पदमा और चंदवारा को बनाए। 1995 में कांग्रेस के युवा नेता के रुप में उभरे मनोज कुमार यादव विधायक चुने गये। 2000 और 2005 में भी चुनाव जीतकर उन्होंने विधायकी की हैट्रिक बनायी। 2009 में भाजपा प्रत्याशी उमाशंकर अकेला ने चुनाव जीता। लेकिन पांच साल के कार्यकाल के बाद 2014 में हार गये और एक बार फिर मनोज कुमार यादव बरही के विधायक बने। 1995 से लगातार विधायक मनोज कुमार यादव और उमाशंकर अकेला चुनाव में एक दूसरे के प्रतिद्वन्दी बनते रहे हैं। 2019 के विधान सभा चुनाव में विधायक मनोज कुमार यादव ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा पार्टी में शामिल हो जाने से प्रतिद्वन्दी रहे दोनों नेता एक ही पार्टी भारतीय जनता पार्टी के नेता बन गये थे। भाजपा का टिकट बंटवारे में टिकट मनोज कुमार यादव के पाले में चला गया। जिससे भाजपा के पूर्व विधायक रहे उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। मनोज कुमार यादव और उमाशंकर अकेला दोनो ने 2019 विधान सभा चुनाव में कांग्रेस-भाजपा पार्टी का अदला-बदली कर प्रतिद्वन्दी बनकर एक दूसरे के आमने-सामने खड़े हो गए। जिसमे कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी उमाशंकर अकेला ने 11 हजार 271 मत से जीत हासिल किया।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा प्रत्याशी के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**हजारीबाग :** हजारीबाग विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर पहली बार नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के द्वारा प्रदीप प्रसाद का जोरदार स्वागत किया गया है। भाजपा शीर्ष एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा हजारीबाग सदर विधानसभा का प्रत्याशी घोषित किए जाने के पश्चात प्रदीप प्रसाद ने परिवारजन एवं कार्यकर्ताओं के साथ आज माँ छिन्नमस्तिका के दरबार में उनके चरणों में शीष झुकाकर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिला मुख्यालय पहुंचे जहां पर भाजपा जिला महामंत्री सुमन कुमार के नेतृत्व मे जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया । पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद प्रदीप प्रसाद हजारीबाग आनंदपुरी अपने निवास स्थान पहुंचे जहां पर अपनी मां का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद कार्यकर्ताओं एवं समर्थको के साथ बुढ़वा महादेव मंदिर एवं कालीबाड़ी मंदिर पहुंच कर भगवान के सामने शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद झंडा चौक स्थित सांसद कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जहां पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सांसद कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदीप प्रसाद ने संगठन का आभार जताते हुए कहां की केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व में मुझ पर जो विश्वास जताया है उसे पर मैं पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा और इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर को भारी बहुमत से जीताने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरा पहला लक्ष्य होगा हजारीबाग को स्वच्छ बनाना सुंदर बनाना एवं विकास के पथ पर अग्रसर करना। जिला महामंत्री सुमन कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल करेगी एवं हजारीबाग विधानसभा सीट रिकॉर्ड मतों से जीतेगी।

### बरही में चला स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**हजारीबाग :** विधानसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अगुवाई में रविवार को बरही प्रखंड के केवाल गांव के बिरहोर टोला में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, बरही एसडीओ जोगन टुडू, बरही बीडीओ एवं सीओ मौजूद रहे। इस दौरान बिरहोर समुदाय के लोगो के बीच नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके उप विकास आयुक्त ने बताया कि केवाल के बिरहोर टोला में लगभग सौ मतदाता है, जिनकी चुनावी भागीदारी आवश्यक है। आज इन लोगों के बीच मतदाता जागरूकता का कार्यकम आयोजित कर चुनाव संबंधी जानकारी दी गई तथा कार्यक्रम के दौरान ईवीएम की मार्गदर्शिका का भी वितरण किया गया। 13 नवंबर 2024 मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र में जाकर अपने मत का प्रयोग करने की अपील की गई।

### जनमानव कल्याण फाउंडेशन के द्वारा छठ तालाब में चलाया गया सफाई अभियान



**हजारीबाग :** जनमानव कल्याण फाउंडेशन, हजारीबाग में एक सक्रिय सामाजिक संगठन है जो स्वच्छता और मानव कल्याण के लिए लगातार काम करता है। हाल ही में इस संस्था ने झील परिसर में एक व्यापक सफाई अभियान चलाया था और रविवार को छठ तालाब में चलाया गया जो खासकर छठ पर्व के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण है। छठ पर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालु तालाबों और जलाशयों पर पूजा-अर्चना के लिए इकट्ठा होते हैं, छठ तालाब में कचरों का ढेर और गंदगी का अंबार लगा हुआ था इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए फाउंडेशन ने यह सफाई अभियान चलाया। अभियान के दौरान संस्था के सदस्यों ने तालाब के परिसर और किनारों से प्लास्टिक, कचरा, और अन्य अपशिष्ट सामग्री को हटाया। इसके अलावा, तालाब के पानी की सफाई पर भी ध्यान दिया गया ताकि श्रद्धालु स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में पूजा कर सकें। फाउंडेशन के इस प्रयास से न केवल छठ पर्व के दौरान स्वच्छता सुनिश्चित हुई, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी प्रसारित हुआ। जनमानव कल्याण फाउंडेशन नियमित रूप से हजारीबाग में स्वच्छता अभियान चलाता है। उनके अभियान ₹स्वच्छ भारत, सुंदर हजारीबाग₹ के तहत विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, जैसे पार्क, सड़कें, और तालाबों की सफाई की जाती है संस्था का उद्देश्य हजारीबाग को एक स्वच्छ और सुंदर शहर बनाना है, और इसके लिए वे आगे भी इस प्रकार के सफाई अभियानों को जारी रखने की योजना हैं।

### हज-ए-उमरा के लिए रसोईया धमना से मदीना के लिए रवाना हुआ काफिला

**बरही :** अल जमयातुल अशरफिया यूनिवर्सिटी मुबारकपुर उत्तर प्रदेश से 1980 में आलिम व फाजिल की डिग्री लेकर जनाब मौलाना मो इस्लाम कादरी मिस्बाही अपने गांव लौटे। उस समय मिस्बाही आलिम हजारीबाग जिला में बहुत कम हुआ करते थे, उच्च शिक्षा पाने के बाद बिहार सरकार और झारखंड सरकार में सरकारी मदरसा अजीजिया जेया उल उलूम में प्रधानाध्यापक के पद पर बच्चों को शिक्षा दिए। साथ ही जामा मस्जिद छोटकी बरही में इमामत के काम कई वर्षों तक किए ।साथ ही सभी जाति धर्म के लोगों के साथ मधुर संबंध रखते हुए अपने तकरीर में हमेशा अमन शांति भाईचारे अपने मुल्क की तरक्की की दुआएं करते रहे। हज उमरा में जाने वाले मौलाना मो इस्लाम कादरी मिस्बाही, सबीरा खातून, रसोईया धमना पंचायत की पूर्व मुखिया रशीदा खातून, समाजसेवी सह पूर्व मुखिया प्रत्याशी मो तस्लीम, मो शाहिद, अब्दुल रज्जाक, माजदा खातून एवं उनके बेटा को रसोईया धमना पंचायत वासियों ने फूलमाला पहना स्वागत रवाना किए। मौके पर समाजसेवी मो तौकीर रजा, मो खलील, मो गनी, पंसस मो तैयब अंसारी, मुफ़्ती सादाब, रजा हाजी, अब्दुल वारिस हाजी, मो यूनुस हाजी, मो अलाउद्दीन हाजी, मो मोबारक हाफिज, मो रुस्तम हाफिज, मो मोजाहिद, मौलाना अब्बास, मौलाना मो कमरुद्दीन, मो इल्यास, मो जलील, मो मुख्तार, मो तबरेज, मो रियाज, मो अंसारी, मो सिफायत, मो अशरफ आदी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### राज्यपाल से मिले शिशु विकास मंदिर समिति के मंत्री



रांची : रांची धुर्वा के शिशु विकास मंदिर समिति के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने राज्यपाल संतोष गंगवार से रविवार को मुलाकात की। आगामी 26 अक्टूबर को विद्यालय में होने वाले विज्ञान एवं वाणिज्य मेला के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सादर आमंत्रित किया। साथ में विद्यालय के प्राचार्य ललन कुमार, सुनील पाण्डेय, रीतेश झा उपस्थित थे।

### बीएयू के डॉ अबसार अहमद ने दिल्ली हाफ मैरथॉन में लिया भाग



रांची: रांची वेटनरी कॉलेज में कार्यरत सांख्यिकी के सहायक प्राध्यापक डॉ अबसार अहमद ने रविवार 20 अक्टूबर दिल्ली में आयोजित 21 किलो मी की दौड़ में भाग लिया और पूरा किया। उन्होंने बताया कि वेदान्ता ग्रुप द्वारा आयोजित इस मैरथॉन में 36000 से ज्यादा लोगों ने अलग-अलग स्पर्धा में भाग लिया। डॉ अबसार ने बताया कि उन्होंने 2 घंटे 4 मिनट में इस दौड़ को पूरा किया। वह इससे पहले दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता और हैदराबाद के मैरथॉन में दौड़ चुके हैं। कुल मिला कर वो 20 हाफ मैरथॉन(21किमी) और 2 मैरथॉन (42 किमी) में भाग ले चुके है।

### श्री काली पूजा आयोजन महासमिति का भूमि पूजन संपन्न

रांची : श्री काली पूजा आयोजन महासमिति मेन रोड का भूमि पूजन पूरे विधि-विधान से रविवार को संपन्न हुआ। कोलकाता के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा मां काली की मूर्ति बनेगी एवं बंगाल से ढाक होंगे। इस वर्ष बहुत ही धूमधाम से काली पूजा किया जाएगा। भूमि पूजन में बहुत सारे लोग शामिल हुए और बहुत ही उत्साह के साथ पूजा करने का संकल्प लिया। बहुत सारे कलाकारों के जरिये सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। शहर के तमाम लोगो को पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। भूमि पूजन में मुख्य रूप से चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा के मुख्य संरक्षक जैनेन्द्र प्रसाद, सचिव रामानंद ठाकुर, कमलेश कुमार अरोड़ा, काली पूजा समिति की अध्यक्ष अर्चना मिर्धा, मुख्य संरक्षक राजेश साहू, सचिव स्वपना चटर्जी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आक्रांताओं के ध्वस्त सभी मंदिरों का करना है पुनर्निर्माण : विष्णु

रांची : सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट और हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस के प्रवक्ता विष्णु जैन ने कहा कि देश में मथुरा सहित अन्य जगहों पर आक्रांताओं द्वारा ध्वस्त मंदिरों को फिर से पुनर्निर्माण करना है। उन्होंने काशी एवं मथुरा श्री कृष्ण मंदिर, गोशाला, कुतुब मीनार आदि कोर्ट केस की वर्तमान स्थिति और आगे की रूपरेखा के बारे में बताया। माइनॉरिटी को नये सिरे से परिभाषित किए जाने की भी बात कही। विष्णु जैन हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। जैन ने कहा कि घुसपैठ के माध्यम से डेमोग्राफिक चेंज करने का जो षड्यंत्र चल रहा है, उसके खिलाफ कानूनी रणनीति भी बनाई गई है। बनाए जाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि हिंदू दारा सिंह की जेल से मुक्ति के लिए हम सभी प्रयासरत हैं।

# राज्य के युवा हर हाल में चुनाव में मताधिकार का इस्तेमाल जरूर करें : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य के युवा हर हाल में चुनाव में मताधिकार का इस्तेमाल जरूर करें। उन्होंने युवाओं को याद दिलाते कहा है कि राज्य सरकार के निकम्मेपन, समय पर परीक्षा आयोजित ना करा पाने जैसे कुकर्मों के कारण यहां के युवाओं का भविष्य दांव पर लगता रहा है। उन्होंने रविवार को एक्स पर भी लिखा है कि झारखंड के चुनाव की तारीखें नजदीक आ चुकी हैं। यह समय है कि हम सभी अपने अधिकारों का इस्तेमाल करें और अपने भविष्य की रक्षा करें। पिछले पांच सालों में हेमंत सोरेन की लापरवाही, भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के कारण सरकार और संस्थानों से युवाओं का विश्वास खत्म हो चुका है। आखिर उस सरकार पर आप कैसे भरोसा कर सकते हैं, जिसने बार-बार आपके सपनों के साथ खिलवाड़ किया है? हेमंत सोरेन, जिन्होंने पांच साल पहले आपसे बड़े-बड़े वादे किए थे, वही हेमंत सोरेन हैं, जो पिछले पांच सालों से सत्ता में रहते हुए आपके भविष्य को लूटने और आपकी मेहनत को मिट्टी में मिलाने का काम कर रहे हैं। बाबूलाल ने सवाल करते कहा है कि क्या आप भूल सकते हैं कि इन पांच सालों में एक भी परीक्षा सुचारू रूप से नहीं हो सकी? कितनी बार आपने पूरी मेहनत से परीक्षा की तैयारी की, फॉर्म भरे और उम्मीदों से भरे रहे लेकिन जब परीक्षा का दिन आया, तो पेपर लीक हो गए। यह सिर्फ लापरवाही नहीं थी, बल्कि एक सोची-समझी साजिश थी, जिसमें हेमंत सोरेन और उनके साथियों को केवल पैसों की परवाह थी। खुद मुख्यमंत्री के करीबी लोग इस भ्रष्ट खेल का हिस्सा थे, जिन्होंने आपके सपनों को पैसों के लिए बेच दिया। याद कीजिए वह दिन जब ईडी ने मुख्यमंत्री के करीबी के घर से परीक्षा के एडमिट कार्ड बरामद किए थे। कितने अभ्यर्थी ऐसे थे जिनसे पैसे लेकर बाकी छात्रों का भविष्य बर्बाद करने की कोशिश की गई थी। बाबूलाल ने युवाओं से अपील करते कहा है कि अब समय आ गया है कि आप इस विश्वासघात का बदला लें। यह चुनाव सिर्फ एक वोट डालने का नहीं है। यह उन लोगों को सबक सिखाने का मौका है, जिन्होंने आपके सपनों के साथ खिलवाड़ किया, जो नेता यह सोचता है कि वह आपकी मेहनत का मजाक उड़ाकर बच जाएगा, उसे यह समझना होगा कि युवा कभी भूलते नहीं हैं। इस बार चुनाव आपका है, भविष्य आपका है और फैसला भी आपका होना चाहिए।

## पूर्व विधायक जनार्दन पासवान लोजपा में हुए शामिल, पार्टी की सदस्यता ली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड के चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान आज दिल्ली में लोजपा (रामविलास) में शामिल हुऐ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल खालिक ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के साथ जनार्दन पासवान को पार्टी की सदस्यता दिलाई` पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद जनार्दन ने प्रधान महासचिव अब्दुल खालिक और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के साथ लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात की। इसके साथ ही उन्होंने चतरा विधानसभा के लिए अपनी दावेदारी पेश करते हुए पार्टी के सिंबल के लिए निवेदन किया` 1995 में चतरा से जीता था चुनाव उल्लेखनीय है कि जनार्दन पासवान ने पहली बार जनता दल के टिकट पर 1995 में चतरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। इसके बाद वह वर्ष 2009 में राजद से दोबारा चतरा के विधायक चुने गए। 2014 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने राजद के टिकट से चुनाव लड़ा था। चतरा विधानसभा सीट एससी सुरक्षित सीट है और इसपर पासवान वोटर्स की संख्या भी अच्छी रही है। इसके साथ ही बिहार से सटे होने के कारण यहां बिहार की राजनीति का भी प्रभाव रहा है।

## सुदेश महतो ने अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस गरुड़ आई हॉस्पिटल का किया उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : आजसू सुप्रीम सुदेश कुमार महतो ने रविवार को रांची के ड्रीम हाइट, चापुटोली, पुंदाग में नवनिर्मित गरुड़ आई हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। उद्घाटन से पूर्व अस्पताल के संस्थापक सदस्य डॉ अभिषेक कुमार सिंह, डॉ मीनाक्षी सिंह, डॉ समीर कुमार और अमित कुमार ने मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो और सभी अतिथियों का स्वागत किया। सुदेश महतो ने अस्पताल के सभी संस्थापकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी उम्मीद है कि यह अस्पताल मेडिकल के क्षेत्र में आने वाले दिनों में जनसेवा के संकल्प के साथ नए कीर्तिमान स्थापित करे। समाज में चिकित्सों की भूमिका अतुलनीय है। सही इलाज हर नागरिक का अधिकार है। गरुड़ आई हॉस्पिटल की पूरी टीम अपने दायित्वों का निर्वाहन करें। अस्पताल के खुलने से लोगों को आंख का इलाज कराने में सहूलियत होगी। अस्पताल के निदेशक डॉ अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि अस्पताल के माध्यम से गरीबों की सेवा करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। हमारा लक्ष्य हर लोगों की आंखों की परेशानियों का हल करना है।

## पहले चरण में 15 सीटों पर चुनाव लड़ेगी सीपीआई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव कॉमरेड डी राजा, राष्ट्रीय सचिव झारखंड सह प्रभारी कॉम रामकृष्ण पांडा मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत में दिवंगत साथियों के सम्मान में 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया झारखंड में वाम एवं धर्मनिरपेक्ष दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ा जाएगा। राज्य के सभी धर्मनिरपेक्ष पार्टियों की जवाब देही है की सभी धर्मनिरपेक्ष दलों को एक सूत्र में बंधकर चुनाव लड़ना चाहिए। सांप्रदायिक शक्तियों को रोकने कॉरपोरेट लूट को रोकने के लिए हम सबको मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए। कामरेड डी राजा ने बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के खनिज संपदाओं पर कॉर्पोरेट और भाजपा घराने की नजर है, जो झारखंड की मिनरल्स को लूटना चाहती है। इसीलिए भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आने से रोकने के लिए हम सभी प्रयास करेंगे बैठक में सर्वसम्मति से प्रथम पेज में 15 विधानसभा क्षेत्र का चयन किया गया, अगर सम्मानजनक समझौता नहीं हुआ तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य में 15 विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेगी। प्रेस वार्ता में लोगों को संबोधित करते हुए झारखंड प्रभारी रामकृष्ण पांडा ने प्रेस वार्ता में झारखंड प्रभारी रामकृष्ण पांडा, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, के डी सिंह अजय कुमार सिंह, सुजीत घोष और इम्तियाज खान श हीत कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा नेता संदीप वर्मा टिकट नहीं मिलने से नाराज, कहा- रांची से निर्दलीय लड़ूंगा चुनाव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : भाजपा नेता संदीप वर्मा ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीजेपी के उम्मीदवारों की सूची देखकर कार्यकर्ता हतप्रभ हैं, सब लोग निराशा में हैं। ये भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता का दर्द है जो संगठन को अपने खून से सींचकर इसे विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाया है। आज पार्टी ऐसे कार्यकताओं की लगातार अनदेखी कर रही है। 2019 की जो गलती पार्टी ने की थी पुनः उसी गलती को आज दोहराया गया। रायसुमारी और सर्वे को अनदेखा कर जिस प्रकार से टिकट का बंटवारा किया गया हम किस मुंह से जनता के बीच परिवारवाद के खिलाफ बात करेंगे। जो परिवारवाद का आरोप दूसरे दल पर हम लोग लगाते थे वही परिवारवाद भाजपा में दिख रही है। रौशन लाल चौधरी 5 मिनट पहले आए शिवराज सिंह चौहान से मिलते हैं और टिकट लेकर निकलते हैं। ढुल्लू महतो के भाई शत्रुघन को टिकट मिलने से हतप्रभ हूँ। जमशेदपुर पूर्वी से रघुवर दास जी की बहु को टिकट दिया गया मैं पूछना चाहता हूँ कि उनका पार्टी में क्या योगदान हैं। मीरा मुंडा का क्या योगदान है। समीर उरांव, गीता कोड़ा, सीता सोरेन को लोकसभा चुनाव में हार के बाद भी किस आधार पर टिकट दिया गया। अर्जुन मुंडा जी की पत्नी को टिकट मिला। चंपाई सोरेन जी के बेटे को टिकट मिला। लेकिन मेरे जैसे कार्यकर्ता को टिकट नहीं मिला। बाबूलाल मरांडी आदिवासी क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं इससे क्या मैसेज जाएगा। सीपी सिंह जी जब युवा थे तब उन्हें रांची से मौका दिया गया। वह 6 बार विधायक रहे फिर भी उन्हें ही टिकट दे दिया गया। संगठन से आग्रह करूंगा कि वह इसपर पुनर्विचार करे नहीं तो मैं निर्दलीय रांची सीट से चुनाव लड़ूंगा। बता दें कि भाजपा चुनाव समिति ने शनिवार को 66 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है।

# बीजेपी की सरकार बनने पर सरना धर्म कोड को लागू कराने का काम करेंगे : सीता सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : सीता सोरेन ने आज मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मंईयां सम्मान योजना महिलाओं को सम्मान देने के लिए नहीं शुरू की गयी, बल्कि इसका मकसद वोट बैंक बढ़ाना है। कहा कि ये योजना महिलाओं को सिर्फ चारा डालने के लिए है। कहा, अगर सरकार सच में महिलाओं का सम्मान करना चाहती है, तो जब से सरकार बनी है तब से महिला को मंईयां सम्मान योजना की राशि मिले। पांच साल की राशि सरकार को एक बार में अब दे देना चाहिये। ऐसा होगा तो हम सरकार को सपोर्ट करेंगे। कहा कि महिलाओं को दिसंबर के बाद कोई राशि मिलने वाली नहीं है। ये वोट बैंक बढ़ाने के लिए था। इसमें महिला को सम्मान देने की भावना नहीं है। बीजेपी में परिवारवाद के सवाल पर कहा कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व का फैसला जो होता है, वो सब पर लागू होता है। कहा टिकट बंटवारे में अगर इस बात को देखा जा रहा है तो ये शीर्ष नेतृत्व का निर्णय है। सोच समझ कर लिया गया फैसला है। कहा कि जो सही समझा गया वहीं किया गया। कहा कि मेरी बेटी को तो टिकट नहीं मिला। मैं इस विषय पर अधिक नहीं बोलना चाहती हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में सीता सोरेन ने कहा, जामताड़ा क्या कहीं से भी चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। कहा कि उनके पति दुर्गा सोरेन पूरे झारखंड के नेता थे। गरीबों के मसीहा था। मेरे साथ भी जनता ने ऐसा ही लगाव दिखाया है। तो मैं कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं। कथित घुसपैठियों के सवाल पर कहा कि ये चुनाव में उनका मुद्दा रहेगा। क्योंकि इससे आदिवासियों को नुकसान हो रहा है। आदिवासी समुदाय को हमें बचाना है। नहीं तो हम डायनासोर की तरह लुप्त हो जायेंगे। आदिवासी की संख्या घट रही है और पहले भी घटी है। हमारी सरकार बनेगी तो घुसपैठियों की समस्या को समाप्त करने का काम करेंगे। सीता सोरेन ने आगे कहा कि बीजेपी में आकर मुझे सम्मान मिला है। कहा कि जामताड़ा में विकास का सिर्फ शोर किया जा रहा है। कहा कि जामताड़ा से मुझे बहुत फोन आते हैं। वहां पानी की समस्या है। विकास नाम की कोई चीज नहीं है। जामताड़ा ही नहीं, हर जगह बदलाव होना चाहिए। बीजेपी की सरकार बनेगी तो सभी तरह का विकास होगा। हम सभी को साथ लेकर चलेंगे। जेएमएम में रहते हुए घुसपैठिया पर नहीं बोलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उस समय ये समस्या इतनी साफ नहीं थी। कहा कि गायबथान की घटना के बाद घुसपैठिया समस्या का पता चला। कहा कि आदिवासी छात्रों को पीटा गया। लेकिन सरकार के किसी नेता या मंत्री ने इस मुद्दे पर कुछ नहीं बोला। इफान अंसारी ने भी कुछ नहीं बोला। सरना धर्म कोड के मामले पर कहा कि आपने सिर्फ बिल को पास करके दिल्ली भेज दिया। इसके लिए पूरी तरह से कोशिश नहीं की गयी। इसके लिए जिस तरह के आंदोलन की जरूरत थी, वो नहीं किया गया। सीता सोरेन ने कहा कि बीजेपी की सरकार बनने पर सरना धर्म कोड को लागू कराने का काम भी किया जायेगा।


## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा की पहली सूची में आधी आबादी पर विशेष फोकस



रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची में आधी आबादी पर विशेष फोकस किया है। 66 प्रत्याशियों की सूची में भाजपा ने 12 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा कुल 68 सीटों पर झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने वाली है। इसमें अभी 66 प्रत्याशियों की सूची जारी की गई है। सूची में कोडरमा से नीरा यादव, निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता, झरिया से रागिनी सिंह, जमुआ से मंजू देवी, गांडेय से मुनिया देवी, सिंदरी से तारा देवी, पोटका से मीरा मुंडा के नाम शामिल हैं। इसके अलावा जमशेदपुर पूर्वी से पुर्णिमा दास साहू, चाईबासा से गीता बलमुचू, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, जामताड़ा से सीता सोरेन, छतरपुर से पुष्पा देवी को प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू को भी टिकट दिया है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को भी पार्टी ने टिकट दिया है। चाईबासा से गीता बालमुचू, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, मझगांव से बड़कुंवर गागराई, चक्रधरपुर से शशी भूषण सामड को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। मनोहरपुर सीट आजसू के खाते में गयी है। आजसू भी सोमवार तक अपना प्रत्याशी घोषित कर देगी। भाजपा ने जिन चार प्रत्याशियों पर दांव खेला है उनमें गीता बालमुचू को छोड़कर अन्य तीनों प्रत्याशी पहले भी विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। गीता कोड़ा जगन्नाथपुर विधानसभा से और बड़कुंवर गागराई मझगांव विधानसभा से दो-दो बार विधानसभा चुनाव जीते हैं जबकि शशी भूषण सामड चक्रधरपुर से एक बार विधायक बन चुके हैं।

### भाजपा परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों की जमात : कांग्रेस



रांची : कांग्रेस प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अपने आप को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भाजपा भाई, बेटा, पत्नी,और पुत्रवधू से ऊपर झारखंड में उठ न सकी। भाजपा परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों की जमात वाली पार्टी है। राज्य गठन के बाद से लंबे समय तक राज करने वाली भाजपा की हालत इतनी खराब हो गई कि राज्य के कई विधासभा में चुनाव लड़ने के लिए सक्षम कार्यकर्ता नहीं मिले। सिन्हा ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दूसरे दल के आयातित लोग को चुनावी मैदान में लाकर भाजपा ने साबित किया कि उनके दल में लोगों का टोटा है। परिवारवाद की बात करने वाले भाजपा को जमशेदपुर पूर्वी सीट में वर्षों से संघर्ष कर रहे समर्पित नेता की जगह रघुवर दास की पुत्रवधू पूर्णिमा दास साहू को उम्मीदवार बनाना। पोटका विधानसभा से तीन बार विधायक रही मेनका सरदार को दरकिनार कर मीरा मुंडा को प्रत्याशी बनाना, घाटशिला में बाबूलाल सोरेन को सिंदरी में बरसों से बीमार चल रहे इंद्रजीत महथा की पत्नी को उम्मीदवार बनाना भाजपा की सच्चाई बयां करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीत स्वार्थ पूर्ति के लिए अपने कार्यकर्ताओं की भी बलि ले सकती है। राज्य को आगे ले जाना भाजपा का एजेंड ही नहीं है। अपने नेता के भाई, पत्नी, बेटा और पुत्रवधु का भविष्य बनाने में जुटी है।

### जदयू ने प्रत्याशियों का किया एलान, जमशेदपुर पश्चिम से सरयू तो तमाड़ से राजा पीटर होंगे उम्मीदवार





रांची : एनडीए के सहयोगी दल जदयू ने झारखंड के 2 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। जमशेदपुर पश्चिम से सरयू राय को एनडीए की ओर से जदयू का उम्मीदवार बनाया गया है। जमशेदपुर पश्चिम से वर्तमान में झारखंड कैबिनेट के मंत्री बन्ना गुप्ता विधायक चुनकर आते हैं। जमशेदपुर पश्चिम से इंडिया गठबंधन के संभावित प्रत्याशी बन्ना गुप्ता को चुनावी मैदान में सरयू राय चुनौती देते नजर आएंगे। हालांकि इंडिया ब्लॉक की ओर से जमशेदपुर पश्चिम से उम्मीदवार के नाम का ऐलान अब तक नहीं किया गया है। वहीं झारखंड की दूसरी सीट तमाड़ विधानसभा से राजा पीटर को जदयू का उम्मीदवार बनाया गया है। राजा पीटर हाल के दिनों में जदयू में शामिल हुए थे। तमाड़ विधानसभा से अब तक इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी का नाम सामने नहीं आया है। चर्चा है कि तमाड़ विधानसभा से विकास मुंडा को इंडिया गठबंधन प्रत्याशी बना सकता है। झारखंड में 18 अक्टूबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एनडीए और इंडिया में सीट शेयरिंग का फामूर्ला तय हो गया है। एनडीए में बड़े भाई की भूमिका में बीजेपी ने 68 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। वहीं आजसू को 10 सीटें दी गई है। जदयू 2 पर चुनाव लड़ रही है। इंडिया ब्लॉक की कमान संभाल रहे हेमंत सोरेन ने पिछले दिनों प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीट शेयरिंग का ऐलान कर दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। बाकी के बचे 11 सीटों पर इंडिया ब्लॉक के सहयोगी दल राजद और भाकपा माले चुनाव लड़ेगी।

### रांची उपायुक्त ने विधानसभा चुनाव को लेकर की बैठक, दिए कई निर्देश

रांची : विधानसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने रविवार को समाहरणालय में समीक्षात्मक बैठक की। उपायुक्त ने सम्बंधित पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन करने सहित कई दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव से जुड़े सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी मतदान केंद्रों में (एमएमएफ) सुनिश्चित रूप से हों, जिसमें संकेत-सूचक, हैल्प डेस्क, शौचालय, पीने का पानी, अलग-अलग प्रवेश एवं निकास द्वार, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर, रैंप यह सभी चीजें मतदान केंद्रों में सुनिश्चित रूप से हो। यह सुनिश्चित पहले से कर लें तथा सभी सम्बंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी भौतिक सत्यापन जा कर लें। किन मतदान केंद्रों में एमएमएफ की सुविधा हैं कहां वैकल्पिक व्यवस्था उनके द्वारा की जा रही हैं, उसकी सूची बना लें ताकि सारी व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित करा लिया जाए। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को वैसे संवेदनशील बूथों की सूची बना लें जहां पर पूर्व में चुनाव के दौरान कोई अप्रिय घटना या कोई विवाद हुआ हो। इसकी सूची जल्द बना लें ताकि इन संवेदनशील बूथों पर पुलिस फोर्स तैनात किया जा सकें। चौकसी बढ़ाया जा सकें। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था अच्छी रहें। इसको लेकर सम्बंधित थाना प्रभारी के साथ बैठक करते हुए समन्वय बना ले साथ संवेदनशील बूथों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल रहें यह सुनिश्चित कर ले। उपायुक्त ने सभी चुनाव से जुड़े पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी रुट चार्ट को बेहतर से देख ले जहां छोटी गाड़ी की आवश्यकता हैं।

## एक नजर

### प्राचार्य मुकेश कुमार को मिला स्कूल लीडर अवार्ड

**बोकारो**: शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर डा. राजेन्द्र प्रसाद पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 रानीपोखर के प्राचार्य मुकेश कुमार को लीडर अवार्ड 2024 से जगन्नाथ पुरी में सम्मानित किया गया। क्रिएटिव लर्निंग सोलुसन थीम पर आधारित संभावना कार्यक्रम में कुल 50 स्कूल के प्राचार्य को लीडर अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें स्कूल की ओर से क्रिएटिव लर्निंग के माध्यम से स्कूल के बच्चों को पढ़ाने को लेकर उन्हें सम्मानित किया गया। प्राचार्य मुकेश कुमार को स्कूल लीडर अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर डा. राजेन्द्र प्रसाद पब्लिक स्कूल के उप प्राचार्य आलोक चतुर्वेदी, गीता कुमारी, बिंदु सिह, विभा रानी, राखी कुमारी, अन्नु सिंह, बीना कुमारी, सरिता सिन्हा, शुकंतला देवी , ज्याति कुमारी, संगीत कुमारी ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

### एक दिवसीय खो-खो चयन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बोकारो** : जिला खो–खो संघ तत्वाधान में दिनांक 20 अक्टूबर को सेक्टर 12 के थाना ग्राउंड में एक दिवसीय खो–खो चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन के मुख्य अतिथि श्री संग्राम सिंह महासचिव क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ के द्वारा किया गया । इस अवसर पर मनीष सिंह उदय प्रताप सिंह के द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। बोकारो जिला खो–खो संघ के संरक्षक कुमार अमरदीप ने सभी अतिथियों का स्वागत किया । बोकारो जिला खो–खो संघ के अध्यक्ष श्री पवन कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष श्री अनिल प्रसाद ने खिलाड़ियों के चयन अपनी भूमिका निभाई।
संघ के महासचिव श्री सुनित कुमार मल्लिक ने बताया कि इस चयन प्रतियोगिता के उपरांत चयनित खिलाड़ी आगामी 3 से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाली18वी जुनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जिसका आयोजन कोडरमा जिला खो–खो संघ के द्वारा के द्वारा किया जाना है में भाग लेंगे। मौके पर मुख्य रूप से संजय कुमार अनंत कुमार अमित कुमार पांडे प्रवीन कुमार विकास कुमार विभिन्न स्कूलों के शारीरिक शिक्षक एवं लगभग 200 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### दांतू की विवाहिता अन्नु कुमारी विष्णुगढ़ चौक से हुई लापता

**जैनामोड़** : कसमार थाना अन्तर्गत दांतू निवासी मनीलाल नायक की 24 वर्षीय विवाहिता अन्नु कुमारी हजारीबाग जिला अंतर्गत विष्णुगढ़ चौक से चानक लापता हो गई। इसकी सूचना कसमार थाना, विष्णुगढ़ थाना , और बगोदर थाना को दी गई है । लेकिन किसी भी प्रकार की लापता की जानकारी नहीं है सकी है । इस संबंध में बताया जाता है कि 2019 में 24 वर्षीय विवाहिता अन्नु कुमारी की सादी हिन्दू रीति–रिवाजों के अनुसार गिरिडीह जिला अंतर्गत बगोदर निवासी बासुदेव साव के पुत्र विकास कुमार नायक के साथ किया गया था । सादी के बाद से ही विवाहिता को ससुराल के लोगों द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा था। इस प्रताड़ना का विरोध अन्नु कुमारी के द्वारा हमेशा किया जाता रहा था। विरोध का मुख्य कारण था कि विकास कुमार नायक नपुंसक रुप में मानसिक तौर पर कमजोर था ।

# संत जेवियर्स में पैरेंट्स मीट का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : संत जेवियर्स विद्यालय के परिसर के विस्तृत क्रीडाक्षेत्र में पैरेंट्स नाइट कार्यक्रम का शानदार आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य मनोभाव सभी छात्र-छात्राओं को अपने अभिभावकों के समक्ष नृत्य एवम् संगीत जैसे कला का प्रदर्शन का अवसर प्रदान कर उनके प्रति हमारी कृतज्ञता व्यक्त करने एवं हृदय से आभार एवं सम्मान प्रदर्शित करने का एक सुअवसर है। मनोमुग्धकारी शाम के मुख्य अतिथि श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी, प्रभारी निदेशक रहे। कार्यकम का शुभारंभ मुख्य अथिति एवम् विद्यालय के आदरणीय प्रधानाचार्य महोदय फादर अरुण मिंज , एस. जे. ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के प्राचार्य महोदय फादर अरुण मिंज एस.जे. ने सभी का सम्मान करते हुए कहा कि पेरेंट्स नाइट हर्षोल्लासपूर्ण समारोह में आप सभी का स्वागत करना सम्मान और सौभाग्य की बात है। आज का दिन न केवल हमारे कैलेंडर में एक घटना है, बल्कि चिंतन, मान्यता और कृतज्ञता का क्षण है - माता-पिता, छात्रों और शिक्षकों के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी को स्वीकार करने का समय, जो सेंट जेवियर्स में एक जीवंत और प्रगतिशील शिक्षण वातावरण की नींव के रूप में कार्य करता है। अभिभावकों के प्यार, प्रोत्साहन और अटूट विश्वास के बिना हमारे प्रयास अधूरे होने की बात कही क्योंकि वो हमें अपने बच्चों को सौंपते हैं - उनके जीवन का सबसे कीमती हिस्सा - और यह विश्वास हमें हर दिन उनका पालन-पोषण करने, मार्गदर्शन करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने इस बात पर भी ध्यान केंद्र किया कि सेंट जेवियर्स में, हम मानते हैं कि शिक्षा केवल ज्ञान प्रदान करने के बारे में नहीं है, बल्कि चरित्र निर्माण, मूल्यों को बढ़ावा देने और रचनात्मकता को पोषित करने के बारे में है। दुनिया तेजी से बदल रही है, और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने छात्रों को न केवल अकादमिक रूप से सफल होने के लिए तैयार करते हैं, बल्कि उन्हें मजबूत नैतिकता वाले दयालु, जिम्मेदार व्यक्ति के रूप में विकसित करते हैं। साथ-ही प्राचार्य महोदय ने पेरेंट्स नाइट के मुख्य अतिथि बीरेंद्र कुमार तिवारी, समस्त अभिभावकगण , छात्रगण , शिक्षकवृंद, विद्यालय प्रबंधनकारिणी समिति एवं समस्त कर्मचारीगण को हृदय से धन्यवाद व्यापित किया। पेरेंट्स नाईट के मुख्य अतिथि श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने इस स्मरणीय पल को अत्यन्त महत्वपूर्ण मानते हुए विद्यालय के प्राचार्य महोदय को धन्यवाद दिया और विद्यालय के द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति सकारात्मक कदम की सराहना की। उन्होंने बच्चों को उनकी रुचि एवं क्षमता के आधार पर तैयारी करने एवं अपने ऊपर पूर्ण विश्वास रखने के लिए प्रोत्साहित किया। सपने देखने, ज्ञानार्जन करने, वास्तविकता को न भूलने, शार्टकट से बचने एवं नहीं डरने की सलाह दी गई। शिक्षकों के प्रति उन्होंने विशेष आभार व्यक्त किया। साथ-ही उनके द्वारा विद्यार्थियों की प्रशंसनीय प्रस्तुति की सराहना की गई। आज हमारे देश के चारों ओर कहीं जंग की स्थिति है तो कहीं अफरा तफरी मची हुई है मगर इन सबसे हट कर हमारा देश भारत आज भी शांति एवं उन्नति का प्रतीक है और विश्व स्तर पर नेतृत्व भी कर रहा है। इसी से प्रेरित प्लस टू के विद्यार्थियों ने अनोखा एवं कर्णप्रिय गीत की प्रस्तुति दी। वहीं हमारे प्राइमरी के नन्हें मुन्ने बच्चों ने 'पंचमहाभूत' पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दे कर काफी महत्वपूर्ण संदेश दिया कि हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए जो कि हमारे जीवन का आधार है। प्राइमरी के बच्चों की दूसरी प्रस्तुति माता-पुत्र और पिता-पुत्री के भावनात्मक जुड़ाव पर आधारित रहा जिसने सभी को भावुक कर दिया। हिंदी मीडियम के बच्चों ने जल संरक्षण पर नाटक प्रस्तुत कर जल के महत्व को ले कर सभी को जागरूक किया और गोवा प्रदेश के पारंपरिक नृत्य 'कुनबी' को प्रस्तुत कर ग्रामीण गोवा संस्कृति की सादगी से सभी को अवगत कराया।
मिडिल स्कूल के बच्चों ने विभिन्न देशों जापान, कोरिया और स्पेन जैसे देशों के प्रसिद्ध नृत्य से सभी का दिल जीत लिया।

## आरपीएफ ने एक ही गांव के दो नाबालिग का किया रेस्क्यू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आरपीएफ ने एक साथ दो नाबालिक लड़को का बोकारो रेलवे स्टेशन पालटेफॉर्म 1 एग्जिट गेट के पास से रेस्क्यू किया। ज्ञात हो कि दोनों लड़के की उम्र लगभग 16 वर्ष एवं एक ही गांव डुमरडीहा थाना बरकट्ठा झारखंड के जिला हजारीबाग का निवासी है दोनों लड़के जो की एग्जिट गेट प्लेटफार्म संख्या एक पास बिना उचित टिकट के इधर-उधर घूमते पाया गया । ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ पुलिस द्वारा जब पूछताछ किया गया तो पता चला कि वह दोनों बिना घर में बताए काम की तलाश में घर से भाग गए हैं रेस्क्यू किया टीम ने दोनो नाबालिग को स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर वन से पकड़ा। आरपीएफ एसआई अरुण उरांव के साथ एएसआई सुधांशु शेखर, सीटी राजेश कुमार मीणा,एलसी मनीषा कुमारी एवं भगवती, मेरी सहेली टीम, सीपीडीएस तथा सीआईबी के सदस्य की सतर्कता से दोनो का रेस्क्यू किया जा सका। बताया जाता है कि आरपीएफ सहित अन्य टीम प्लेटफार्म पर ड्यूटी पर मौजूद थी। जब प्लेटफार्म नंबर एक के निकासी द्वार के पास संदिध तरीके से उक्त को टहलते हुए देखा गया। जब दोनो से पूछताछ की गई तो। दोनो ने अपनी आप बीती सुना डाली। उसने बताया कि घरवालों के जानकारी दिए बगैर वह अपने घर से भाग गई है तथा उसके पास यात्रा टिकट या कोई यात्रा प्राधिकरण भी नहीं है और भटकते हुए यहां पहुंची है आरपीएफ ने लड़की को रेलवे चाइल्ड लाइन को सौप दिया।

## पुलिस ने 22 लाख की अवैध विदेशी शराब को किया जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से विधानसभा चुनाव संपन्न कराने तथा चुनाव में धन-बल का प्रभाव अथवा अन्य माध्यम से मतदाताओं को प्रलोभन देने की रोकथाम के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने सभी एनफोर्समेंट एजेंसियां को निर्देश दिया है। इस कड़ी में रविवार की सुबह उत्पाद विभाग ने टुंडी थाना से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक अवैध शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। जहां से करीब 22 लाख रुपए की अवैध विदेशी शराब बरामद की गई है। उत्पाद विभाग के सहायक उत्पाद आयुक्त श्री रामलीला रवानी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर अवैध शराब की बिक्री करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में टुंडी थाना क्षेत्र के नीमटांड़ मधुशा गांव में विदेशी शराब का अवैध कारोबार की गुप्त सूचना मिली। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्पाद विभाग की टीम ने रविवार की अहले सुबह बीनूलाल टुडू के घर में छापेमारी की। यहां से इंपीरियल ब्लू समेत दूसरे ब्रांड के 250 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। साथ ही मौके से 840 लीटर कच्चा स्प्रिट के अलावा अंग्रेजी शराब निर्माण से जुड़े विभिन्न ब्रांड के रैपर, कॉर्क और पैकेजिंग, रीफिलिंग के सामान बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अवैध शराब को विधानसभा चुनाव में खपाने की योजना थी। फिलहाल मामले में एक व्यक्ति, बीरू लाल, को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है। वहीं इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि जिले के लोग भी अवैध शराब सहित अन्य अवैध कारोबार की सूचना जिला प्रशासन को दे सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। ऐसी सूचना मिलने पर जिला प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। छापामारी दल में उत्पाद विभाग के एसआई जितेंद्र कुमार, एसआई जॉय हेंब्रम, एसआई कुलदीप कुमार और टुंडी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर उमाशंकर के अलावा उत्पाद विभाग और पुलिस विभाग के जवान शामिल थे।

## श्री दुर्गा पूजा समिति सेक्टर-2 को मिला सर्वश्रेष्ठ पंडाल का पुरस्कार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : रोटरी क्लब चास द्वारा रोटरी भवन, चीरा चास में दुर्गा पूजा अवार्ड-2024 का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि विगत 16 वर्षों से रोटरी क्लब चास दुर्गा पूजा अवार्ड का आयोजन कर रहा है। बिनोद चोपड़ा ने कहा की पूजा समितियां और रोटरी क्लब चास भारत की समृद्ध विरासत और संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम कर रही है । कार्यक्रम के संयोजक नरेंद्र सिंह ने कहा कि शहर की विभिन्न पूजा समितियां के सदस्यों की अथक मेहनत एवं परिश्रम से बोकारो वासियों को बेहतर रूप में दुर्गा पूजा देखने का मौका मिलता है। नरेंद्र सिंह ने कहा कि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पारितोषिक मिलना चाहिए, जिससे दूसरों को अच्छा करने के लिए प्रेरणा मिलती है। मुख्य अतिथि डॉ श्रवण ने कहा की ऐसे आयोजनों से समाज में समरसता, एकजुटता और आपसी सौहार्द बढ़ता है । डॉ श्रवण ने कहा की पूजा समितियां उत्कृष्ट कार्य कर रही है। जिससे बोकारो वासियों को भव्य दुर्गोत्सव देखने को मिल रहा है । डॉ श्रवण ने अवार्ड की निरंतरता पर भी चास रोटरी की प्रशंसा की। इसके पूर्व माधुरी सिंह ने पौधा भेंटकर मुख्य अतिथि डॉ श्रवण कुमार का स्वागत किया। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश केजरीवाल ने कहा कि रोटरी क्लब चास सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए समाज में बेहतर करने वालों को सम्मानित करने का कार्य निरंतर करते आ रही है। और आगे भी करती रहेगी। पूर्व अध्यक्ष डॉ सुमन ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा की पूजा समितियां समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम कर रही है । डॉ सुमन ने कहा अच्छे कार्यों की सराहना करना सामाजिक दायित्व है।

## पत्नी की हत्या कर शव को कूलिंग पौंड में फेंका, पति फरार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : सेक्टर 9 के बसंती मोड स्थित पेट्रोल पंप के पास झोपड़ी में रहने वाले करण राम ने अपनी पत्नी शांति देवी की हत्या कर शव को कुलिंग पौड में को फेंक दिया। मामला सेक्टर 9 के बसंती मोड स्थित पेट्रोल पंप के पास झोपड़ी की है घटना की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने महिला के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस व आसपास के लोगों की माने तो पता चला कि करण राम मानसिक रूप से विक्षिप्त है जो पहले भी घर में लगातार झगड़ा करता था तथा पत्नी के साथ मारपीट करता था। मृतक शांति देवी धनबाद की रहने वाली है। शादी के बाद से ही पति करण उसे प्रताड़ित करता था। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को अंजाम देने के बाद पति फरार है, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर हरला पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# भाजपा सत्ता में आते ही आरक्षण को खत्म करने की कोशिश कर रही है : कल्पना सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**टुंडी** : झामुमो की स्टार प्रचारक और माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन आज टुंडी के पोखरियां आश्रम में झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंची। सभा को सम्बोधित करने से पूर्व कल्पना सोरेन ने स्व. श्यामलाल मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इसके बाद सभा में शामिल हुईं। मंच पर कल्पना सोरेन के साथ विधायक मथुरा प्रसाद महतो, मिडिया पेनेलिस्ट डॉ. नीलम मिश्रा, जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला सचिव मन्नू आलम मंचसीन थे। कल्पना सोरेन ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सत्ता में आते ही आरक्षण को खत्म करने की कोशिश कर रही है। 27 फीसदी आरक्षण को घटाकर 24 फीसदी कर दिया है। सरना धर्म कोड को हम पारित कराते है तो वहीं भाजपा उसे रोकने का काम करती है। नियोजन नीति में भी भाजपा हमारा साथ नहीं दी। उन्होंने कहा भाजपा के नेता बहरूपिया हैं जो बोलते कुछ हैं और करते कुछ हैं। झारखण्ड की जनता ऐसे बहरूपिये को राज्य से खदेढ़ने का काम करेगी। भाजपा ने माननीय हेमंत सोरेन को जेल भेजकर उन्हें झुकाने की कोशिश की पर वे नहीं झुके, जब गुरु जी नहीं झुके तो आखिर भला उनका बेटा क्या झुकेंगे। उन्होंने कहा इस चुनाव में हमें दिखा देना है कि झारखंडी क्या होते हैं। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू ऐसे वीर झारखण्ड की धरती पर हुए जिनके सम्मान के लिए झारखण्ड की जनता को इस चुनाव में भाजपा को जवाब देना जरुरी है। उन्होंने अपने भाषण के अंतिम पड़ाव में जनता से इण्डिया गठबंधन के पक्ष में वोट देकर माननीय हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत बनाने की अपील की। कल्पना सोरेन ने टुंडी में आज 9 अलग- अलग जगहों पर कार्यक्रम में भाग ले रही हैं। पोखरिया आश्रम में चुनावी सभा के बाद टुण्डी थाना मोड़, दुगार्डीह, रूपन, शहरपूरा मोड़ में चुनावी सभा करेंगी। इसके अलावे शंकरडीह मोड़,शहीद हरीश मरांडी चौक, सुन्दर पहाड़ी चौक लोधरीया चौकपर उनका स्वागत समारोह का कार्यक्रम है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वीप कार्यक्रम के तहत लुबी सर्कुलर रोड में हैप्पी स्ट्रीट का हुआ आयोजन




**धनबाद** : आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिले में शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज सुबह 6 :00 बजे से 10 :00 तक लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता, मत प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से योगा, कराटे, डर्ट गेम, बैंड कंसर्ट, डांसिंग, सिंगिंग, स्केटिंग, थ्री डी पेंटिंग, जादूगरी तथा बच्चों व बुजुर्गों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजन खेल आदि का आयोजन किया गया। हैप्पी स्ट्रीट में नृत्य–संगीत के साथ लोगों ने विभिन्न खेलों का भरपूर लुत्फ उठाया। हेल्थ चेक अप कराने के साथ लोगों ने योगाभ्यास किया। सुबह छह से 10 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में स्कूली बच्चे, महिलाएं व पुरुषों ने भाग लिया। स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त श्री रविराज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को वोट के प्रति जागरूक करना था। कम्युनिटी हेल्थ सेंटर से लेकर जमाडा के मुख्य द्वार तक तरह–तरह के गेम, हेल्थ चेक अप कैंप, योगा, रॉक बैंड सहित कई स्ट्रीट फूड के स्टॉल लगाये गये थे। सुबह छह से दश बजे तक चले हैप्पी स्ट्रीट में लोगों ने संडे को फन डे के रूप में मनाया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सहायक नगर आयुक्त, एसएमपीओ समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

### लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी ने आयोजित किया विजयादशमी मिलन समारोह



**धनबाद**: लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी के सदस्यो ने विजयादशमी मिलन समारोह मनाया। बंगाली समाज में विजयादशमी का एक अलग ही महत्व है, दुर्गा पूजा के प्रतिमा विसर्जन के बाद विजयादशमी का मिलन समारोह आयोजन किया जाता है। इस मिलन समारोह में धनबाद के हिरापुर स्थित लिन्डसे क्लब एंड लाइब्रेरी के सभी सदस्यो एवं महिला सदस्या आपस मे मिलकर एक दुसरे को बधाई दिये । इस अवसर पर एक संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में लिन्डसे क्लब के सदस्यो एवं सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक गीत,कविता की प्रस्तुति की गई। क्लब के अध्यक्ष अमलेन्दु सिन्हा ने आये हुये सभी सदस्यो का अभिवादन स्वीकार किए एवं हृदय से सभी को अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाए दी। साथ ही लिन्डसे क्लब के सचिव सलिल विश्वास ने सभी सदस्यो को विजयादशमी कि शुभकामनाएं दिए एवं क्लब को सफलता की नई ऊंचाई में पहुंचाने के लिए सभी सदस्यो का अपना योगदान एवं प्रयास पर जोर दिए।

### जेल में बंदी की मौत, परिजन ने लगाए गंभीर आरोप, अस्पताल में हंगामा



**धनबाद** : धनबाद मंडल कारा में एक कैदी की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन ने जमकर हंगामा किया। बताया जाता है कि गोधर बस्ती निवासी सोबरन चौहान को केंदुआ पुलिस ने शुक्रवार की रात शराब से संबंधित मामले में गिरफ्तार किया था। जिसकी शनिवार की देर शाम अचानक तबियत बिगड़ जाने से उसे एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी जानकारी मृतक के परिजन को रविवार की सुबह हुई। जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल पहुँचकर जमकर हंगामा शुरू कर दिया। वही परिवार वालों ने जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। बताते चले कि शनिवार की देर शाम जेल में छापेमारी की गई थी। परिजनों का कहना है कि मौत रात को जब हुई थी सूचना क्यों नही दी गई। जांच का विषय है।

### भाजपा के टिकट से बोकारो में तीसरी बार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे बिरंची नरायण



**बोकारो** : भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा बोकारो विधानसभा क्षेत्र से बोकारो विधायक बिरंची नारायण को प्रत्याशी घोषित होने के बाद रांची से बोकारो आने के क्रम में पेटरवार, दांतू ,जैनामोड़,बालीडीह पाण्डेय टोला,बालीडीह,कुमीर्डीह,कुमीर्डीह बाजार,रेलवे स्टेशन, रितुडीह,नया मोड़, दूंदीबाग बाजार,सेक्टर 12 मोड़ सहित दर्जनों जगह पर भव्य स्वागत कार्यकताओं और आम जनता ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया प्रत्याशी घोषित होने के बाद बोकारो पहुंचने पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने केंद्रीय और राज्य नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ हमें प्रत्याशी बनाया है उसे सम्मानित कार्यकताओं से मिल रहे निरन्तर सहयोग से पूरा करेंगे श्री नारायण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है. अब समय आ रहा है, जब झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी और झारखंड राज्य सरकार के सहयोग से बोकारो के विकास में नया आयाम लिखेंगे साथ ही अधूरे कार्यो को पूरा करेंगे और बोकारो राज्य का एक नंबर विधानसभा बनाएंगे
शशिभूषण ओझा मुकुल,धीरज झा,संजय त्यागी,सुभाष महतो,मंटू राय,माथुर मंडल,टिंकू तापड़िया,मुकेश राय,इंद्र कुमार झा,मुकेश राय,मनोज सिंह,अविनाश सिंह,धनंजय चौबे,विनय किशोर,हरीश किशोर,अमर स्वर्णकार,विक्की राय,हरीश चंद्र सिंह,अनिल सिंह,हरिपद गोप, ऋषभ राय, पन्नालाल कांदू,सनातन सिंह,बैधनाथ प्रसाद,मनराज सिंह,ब्रज दुबे,पंकज सिंह,राजेश घोषाल,हसन शेख,सतीश शर्मा,प्रेम कुमार,प्रकाश चटर्जी,सुनील गोस्वामी,त्रिलोकी सिंह,जितेंद्र गोस्वामी,जे पी गांधी,राजेश घोषाल,के के बोरला,राधाकांत सिंह,अविनाश झा,मोहन गोराई,सुधा गुप्ता आशा देवी,उषा देवी,हरे कृष्ण,कनैया गुप्ता,उदय सिंह,मंजू देवी शामिल थे।

# अमन साहू को चुनाव लड़ाने के लिए छत्तीसगढ़ और झारखंड हाई कोर्ट में फाइल होगी याचिका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू का नाम लॉरेंस बिश्नोई के साथ भी जुड़ा हुआ है। अमन साहू जेल में रहने के बावजूद अपने गैंग को बहुत अच्छी तरीके से हैंडल भी करता है। इस बार उसने बड़कागांव विधानसभा से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। सोमवार को उनके अधिवक्ता हेमंत सिकरवार छत्तीसगढ़ और झारखंड हाई कोर्ट में पिटीशन फाइल करेंगे। झारखंड हाई कोर्ट में उन दोनों मामलों को उठाया जाएगा, जिस पर अमन साहू को सजा हो चुकी है। रामगढ़ कोर्ट के द्वारा आर्म्स एक्ट में उसे 6 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। लातेहार कोर्ट के द्वारा उसे इसी वर्ष 3 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। इन दोनों सजा पर स्टे लेने के लिए हाई कोर्ट के अधिवक्ता हेमंत



सिकरवार चीफ जस्टिस और क्रिमिनल ऑफिंस सिंगल बेंच संजय द्विवेदी के कोर्ट में पिटीशन फाइल करेंगे। कोर्ट का फैसला क्या होगा यह तो अभी नहीं कहा जा सकता, लेकिन अमन साहू को कोर्ट से राहत की उम्मीद है। हथियार के साथ पकड़ा गया था अमन, दस्तावेजों से की थी छेड़छाड़ मोस्ट वांटेड गैंगस्टर अमन साहू और उसके सहयोगी बाबूलाल तुरी को पुलिस ने एक साथ पकड़ा था। उनके पास हथियार थे और कई आपत्तिजनक वस्तुएं भी पुलिस ने बरामद की थी। अमन साहू ने फर्जी तरीके से कई दस्तावेजों से भी छेड़छाड़ की थी जिस पर रामगढ़ कोर्ट में सुनवाई हुई थी। अमन साहू को कोर्ट ने आर्म्स एक्ट में 6 वर्ष की सजा सुनाई और 5 हजार का जुमार्ना लगाया। फर्जी तरीके से दस्तावेज में छेड़छाड़ के आरोप में 3 वर्ष की सजा और 2 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। सरगना चलाने के आरोप में एक वर्ष की सजा सुनाई है। वहीं बाबूलाल तुरी को आर्मस एक्ट में 6 वर्ष की सजा और 5 हजार जुमार्ना। सरगना के संचालन के आरोप में 1 वर्ष की सजा सुनाई थी।

**सफेद स्कॉर्पियो पर पुलिस ने अमन को किया था गिरफ्तार**

पतरातू थाना क्षेत्र के तालाटांड़ के पास रांची पतरातू मार्ग पर 9 दिसंबर 2015 को सफेद स्कार्पियो संख्या जेएच01बिजी-5885 पर सवार अमन साहू को 9 एमएम पिस्टल के साथ पकड़ा गया था। इस दौरान उसकी सहयोगी चंदवा जिला लातेहार निवासी बाबू लाल तुरी उर्फ शंकर जी उर्फ प्रभात जी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अमन साहू के वकील ने लातेहार जिले के बालूमाथ थाना कांड संख्या 152/20 में हुए सजा को स्टे करने की मांग की है। अमन साहू को अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रणव कुमार की अदालत ने तीन वर्षों का कारावास एवं पांच हजार रुपए जुमार्ना की सजा गत 27 जून 24 को सुनाई थी। तेलीबांधा शूटआउट मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस ने लिया रिमांड

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर में तेलीबांधा शूटआउट मामले में अमन साहू को कोर्ट में पेश किया जाना है।

## उल्टा नाम जपत जग जाना बाल्मीकि भए ब्रह्म समाना : विहिप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** उल्टा नाम जपत जग जाना, बाल्मीकि भए ब्रह्म समाना' यह चौपाई रामायण से ली गई है। इसका अर्थ है कि जगत ने तो देखा कि बाल्मीकि जी उल्टा नाम जप रहे हैं, लेकिन किसी ने नहीं देखा कि वे एक शब्द को पकड़कर वास्तविक ध्यान में उतर गए हैं। आज पलामू क्लब के पास स्थित सेवा बस्ती में बाल्मीकि जयंती समारोह को समरसता दिवस के रूप में आयोजित किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने उपरोक्त उद्गार प्रकट किया। महर्षि वाल्मीकि के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने आगे बताया कि बाल्मीकि संस्कृत में रचित रामायण के रचयिता हैं, जो आदि कवि के रूप में प्रसिद्ध हैं। रामायण एक महाकाव्य है जो कि राम के जीवन के माध्यम से हमें जीवन के सत्य व कर्तव्य से परिचित करवाता है। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी महर्षि वाल्मीकि के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। आयोजन में विश्व हिंदू परिषद के पलामू जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला मंत्री दामोदर मिश्र,सह मंत्री अमित तिवारी, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, धर्म प्रसार प्रमुख विनय गुप्ता, बलो पासना प्रमुख विकास कश्यप, जिला विद्यार्थी प्रमुख विवेक सिंह, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय, मनीष पांडेय, नगर संयोजक दिलीप गिरी, रूपेश कुमार, सेवा बस्ती से अर्जुन कुमार, करण कुमार, संजय कुमार, कार्तिक कुमार, पूजा देवी, रेणु देवी, सोनी देवी, राधिका देवी, पुष्पा देवी इत्यादि की सहभागिता रही।

## रक्तदान शिविर में 38 यूनिट रक्त संग्रह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक स्थित माधुरी नर्सिंग होम में रविवार को कुड़मी संस्कृति विकास समिति के तत्वाधान में शहीद अजित धनंजय महतो की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प का उद्घाटन तिरूलडीह उप स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हरेन्द्र सिंह मुण्डा, नर्सिंग होम संचालक सृस्टिधर महतो,आयोजन समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष सपन कुमार महतो,राम प्रसाद महतो, भुतनाथ महतो आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं ब्लड डोनेशन कैंप में सुदुर वर्ती गांव के भी रक्त दाताओं का काफी भीड़-भाड़ रहा।दिन भर में कुल 38 युनिट रक्त संग्रहित किया गया।वहीं कुड़मी संस्कृति विकास समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष सपन कुमार महतो ने कहा कि समिति द्वारा हर महिने गांवों में जाकर रक्तदान शिविर का




आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि गरीब मरीजों को अस्पताल में रक्त के लिए जान गंवानी पड़ती है,जिसको देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में भी युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि मिलन चौक में भी आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है और बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र में भी रक्तदान के लिए माहौल बन रहा है, लोगों के सोच में परिवर्तन हो रहा है। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी नव किशोर महतो, सुदर्शन महतो, अशोक महतो, हृदय रंजन महतो, सृष्टिधर महतो, डॉ आदित्य महतो, डॉ पटेल, मुकेश महतो, अंजलि कुमारी आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने शहर के अनेक जगहों पर चलाया वाहन जांच अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हैएस पी रिश्मा रमेशन के आदेशानुसार चुनाव के दौरान असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए जांच अभियान तेज कर दिया है पुलिस लगातार सभी गाड़ियों की संघन जांच कर रही है जिसमें छः मुहान चौक पर जॉच अभियान मे कुछ मोटरसाइकिल चालक बिना हेलमेट के पकड़े गये कई बिना लाइसेंस तथा कुछ ट्रिपल लोड मे पकड़े गये उनके वाहनों को जब्त कर लिया गया और शहर थाना परिसर में रखा गया है। जिस में13 मोटरसाइकिल 01 टेंपो सवारी गाड़ी तथा 01 एक ट्रक 03 पिकअप माल वाहक गाड़ी जो नो एंट्री में पकड़े गये हैं इन सभी वाहनों को फाइन हेतु परिवहन कार्यालय मे भेजा गया है। आज परिवहन कार्यालय डाल्टनगंज पलामू से 18 मोटरसाइकिल का चलान फाइंन 27000 हजार रुपया आया और 02 मालवाहक पिकअप गाड़ी का चालान राशि 2300 रुपया जिसमें 02 टेंपो सवारी गाड़ी का चालान की फाइन राशि 4300 हैऔर 01 ट्रक गाड़ी का फाइन 6150 रुपया है टोटल चालान फाइन राशि 39,750 रुपया प्राप्त हुवा ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया की ये अभियान निरंतर चलेगा सभी वाहन चालकों से प्रभारी ने अपील किया है यातायात नियमों का पालन करें वाहनों की जरूरी कागजात साथ मे लेकर चले नवयुको को आगाह करते हुये चेतावनी दी है बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाते पकड़े जाने पर कानूनी कारवाई की जाएगी तथा उनके वाहनों को जब्त कर उनके अभिभावकों के ऊपर कारवाई की जाएगी।

## स्वतंत्रता सेनानी अवध बिहारी दीक्षित बने थे कोडरमा के पहले विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा विधानसभा क्षेत्र का गठन वर्ष 1951 में हुआ था और वर्ष 1952 में कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में पहली बार चुनाव हुआ था। आजादी के आंदोलन में सक्रिय स्वतंत्रता सेनानी अवध बिहारी दीक्षित डोमचांच स्थित तेतरियाडीह के रहने वाले थे। उन्हें कोडरमा का पहला विधायक बनने का गौरव हासिल हुआ था। अवध बिहारी दीक्षित 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में कोडरमा स्टेशन में रेल परिचालन को ठप करने, डाकघर खजाना लूटने और आग के हवाले करने के आरोप में जेल भी गए थे।

पहले विधानसभा चुनाव में स्व दीक्षित कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़े थे। उस चुनाव में कोडरमा विधानसभा क्षेत्र से तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में खड़े थे, जिसमें अवध बिहारी दीक्षित कांग्रेस पार्टी से जबकि यशराज सिंह सोशलिस्ट पार्टी से और अमिया माधो राय बतौर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे थे। उस समय कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 39,728 थी जिसमे से मात्र 18,417 लोगों ने ही अपने मतों का प्रयोग किया था।

वोट प्रतिशत की बात करें तो 46.36 प्रतिशत वोट पड़ा था। तीनों प्रत्याशियों में अवध बिहारी दीक्षित सर्वाधिक 12106 मत लाकर विजयी हुए थे, जबकि सोशलिस्ट पार्टी के प्रत्याशी और वर्तमान में भाजपा नेता रमेश सिंह के पिता यशराज सिंह दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 4300 वोट मिला था। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी अमिया माधो राय को 2011 वोट मिला था।

## पलामू में डैम में गुब्बारे उड़ाकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** आगामी विधानसभा चुनाव में जिले के सभी मतदाता अपने बूथ पर जाकर मतदान करें, इसके लिये स्वीप के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के नेतृत्व में अनोखी पहल करते हुए सतबरवा के मलय डैम में विन्हिन्न प्रकार की जल क्रीड़ा का आयोजन किया गया।इस दौरान डीईओ ने डैम के बीच से स्वीप का झण्डा को बुलंद किया,वहीं गुब्बारे उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।इस दौरान उपायुक्त, नगर आयुक्त जावेद हुसैन,छत्तरपुर एसडीओ आशीष



गंगवार,सदर एसडीएम ने कयाकिंग का भी लुत्फ उठाया। इसके पूर्व सभी अधिकारियों ने मलय डैम परिसर में पौधरोपण भी किया। फ्यूचर के मतदाता,पहली बार के मतदाताओं द्वारा मलय डैम परिसर में बनाया गया रंगोली व पेंटिंग,सभी ने लिया मतदाता प्रतिज्ञा सतबरवा के मलय डैम परिसर में फ्यूचर के मतदाता,पहली बार के मतदाताओं द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षित करने वाले रंगोली बनाया गया था यह सभी रंगोली में मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश लिखे गये थे। इसी तरह सभी फ्यूचर मतदाताओं ने चार्ट पेपर में पैंटिंग बनाकर लोगों से 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की। वहीं कई छात्राओं ने अपने हाथों में मेहंदी लगाकर भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।इस अवसर पर सभी लोगों ने योगा भी किया।इस कार्य में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के बीच स्वीप की ओर से कॉफी मग का वितरण किया गया। इस दौरान पूरे परिसर में मौजूद सभी लोगों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आज के इस गतिविधि में जैसे आप सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ठीक वैसे ही आप सभी अपने दोस्तों व स्वजनों को 13 नवंबर को मतदान में भी हिस्सा लेने को लेकर जागरूक करें। उन्होंने कहा कि याद रखें 13 नवंबर आपको अपनी सरकार चुनने का दिन है इससे कतई न चुकें। 13 नवंबर अवकाश का दिन नहीं,मतदान करने का,थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक ने लोगों को किया आकर्षित इस अवसर पर मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा 13 नवंबर अवकाश का दिन नहीं,मतदान करने का है थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक किया जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा।

## एक नजर

### एनएच-33 पर टोल प्लाजा के पास धू-धू कर जल गई शिवम बस

**रामगढ़:** रामगढ़ रांची राष्ट्रीय राजमार्ग–33 पर रविवार की शाम एक यात्री बस शिवम् में अचानक आग लग गई। टोल प्लाजा के पास हुए इस हादसे के बाद वहां अफरा तफरी मच गई। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की सहायता से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। लेकिन आग इतनी तेज थी कि कोई भी उसके नजदीक नहीं जा पा रहा था। धीरे–धीरे कर पूरी बस धूं–धूं कर जल गई। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची। बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। लेकिन पूरी बस जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि रांची से बिहार जाने वाली शिवम बस जेएच 22 बी 3663 यात्रियों को लेकर निकली थी। शाम में जैसे ही वह रामगढ़ थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास पहुंची, वहां उसके केबिन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। एसी बस पूरी तरीके से पैक थी और आग धीरे–धीरे यात्रियों की तरफ बढ़ने लगी। जैसे ही आग लगी बस पर सवार सभी लोग उतर गए और आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। लेकिन उनकी सारी कोशिशें नाकाम रही।

### प्रत्याशी बनाये जाने के बाद ममरला पहुंचे कोचे मुंडा, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**खूंटी:** जनजातियों के लिए सुरक्षित तोरपा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने के बाद वर्तमान विधायक कोचे मुंडा रविवार को अपने पैतृक गांव ममरला पहुंचे। कार्यकताओं ने फूलमालाओं से लाद दिया और उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी। आज कोचे मुंडा का जन्मदिन भी था। इस उपलक्ष्य पर कोचे मुंडा ने पत्नी मोनिका मुंडा के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर कोचे मुंडा ने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने छठी बार बार मुझ पर भरोस जताया है। इसके लिए मैं भाजपा शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व के साथ ही तोरपा विधानसभा के पार्टी कार्यकताओं और नागरिकों का आभार व्यक्त करता हूं। मुंडा ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि इस बार भी क्षेत्र के मतदातओं का आशीर्वाद उन्हें मिलेगा और तोरपा विधानसभा क्षेत्र में इस बार भी कमल खिलेगा। इस मौके पर तोरपा मंडल भाजपा अध्यक्ष पूरेन्द्र मांझी, गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह, रनिया मंडल अध्यक्ष सीताराम नाग, नारायण साहू, विनोद धान,सहित अन्य भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### भाजपा नेता उज्जवल दास ने किया कई प्रखंडों का दौरा

**चतरा:** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास ने रविवार को कई प्रखंडों का दौरा किया। वे मयूरहंड और इटखोरी पहुंचे। यहां मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना की। वे गिद्धौर के बलबल स्थित बागेश्वरी मंदिर और पत्थलगड़ा के लेंबोईया पहाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की। सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय में भी उन्होंने हनुमान मंदिर में मत्था टेका और आम लोगों से मुलाकात की।

भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास रविवार को पत्थलगडा पहुंचे। वे प्रखंड के प्रसिद्ध मां दक्षिणेश्वरी देवी चामुंडा मंदिर में समर्थकों के साथ पूजा अर्चना की।

सिमरिया विधानसभा का टिकट मिलने के बाद यहां पहुंचे और मत्था टेक कर देवी चामुंडा से आशीर्वाद लिया। यहां पहुंचने पर पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों ने उनका गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। वे पत्थलगडा प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और यहां दुकानदारों व आम लोगों से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो उन पर भरोसा जताया है वे सभी कार्यकताओं व समर्थकों का आभारी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ने चेक नाकों का किया औचक निरीक्षण



**रामगढ़:** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पैसे और शराब का उपयोग चुनाव को प्रभावित करने के लिए ना हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। एसपी अजय कुमार रविवार को खुद उन सभी चेक नाकों का निरीक्षण करने पहुंचे, जो दूसरे जिलों और दूसरे प्रदेशों से सटा हुआ है। एसपी ने स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से अंतर जिला चेकपोस्ट तालातांड पतरातू घाटी (रॉची सीमा) एवं पालू पतरातू–खेलारी रोड़ का औचक निरीक्षण किया। चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। एसपी अजय कुमार ने दूसरे जिलों से रामगढ़ आने–जाने वाले वाहनों की जांच की। साथ ही चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों को रामगढ़ जिला से आने–जाने वाले वाहनों की अच्छे से जांच करने के सख्त निर्देश दिए। औचक निरीक्षण में डीएसपी हेडक्वार्टर चंदन कुमार वत्स, पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार, डीएसपी, फौजान अहमद, सार्जेंट मेजर मन्टू यादव, पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार



**ईचागढ़:** ईचागढ़ थाना क्षेत्र में आचार संहिता लगते ही अबैध शराब के खिलाफ धर पकड़ अभियान भी तेज हो गया है। लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को सालुकडीह गांव के 26 वर्षीय भूवनेश्वर उर्फ मलखान महतो को अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर जिला के पुलिस कप्तान के निर्देश पर थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर सालुकडीह गांव में छापामारी कर 35 लिटर अवैध महुआ शराब ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस को देखकर भाग रहे अवैध शराब कारोबारी को पुलिस दौड़ाकर पकड़ लिया। छापेमारी दल द्वारा 35 लिटर अवैध देशी महुआ शराब व एक हीरो स्पलेंडर प्लस बाइक को भी जप्त किया गया। कागजी कार्रवाई के बाद अवैध शराब कारोबार के खिलाफ मामला दर्ज कर सरायकेला जेल भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। चुनाव को लेकर पुलिस अवैध धंधों के खिलाफ सक्रिय नजर आ रहे हैं।

### पंचायत में दिव्यांग अध्यक्ष तबरेज अंसारी ने मतदान जागरूकता अभियान चलाया



**अनगड़ा:** हेसल पंचायत में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अनगडा प्रखंड के दिव्यांग अध्यक्ष तबरेज अंसारी के नेतृत्व में पूरे पंचायत में आंगनबाड़ी सेविका संग संगीता देवी सहिया किरण देवी ने मतदान जागरुकता अभियान चलाया।

### शहर थाना क्षेत्र में 30 लीटर देसी शराब बरामद, युवक फरार



**मेदिनीनगर (पलामू):** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस की गश्ती के दौरान शहर थाना क्षेत्र के अस्पताल रोड में एक युवक को संदिग्ध सामान ले जाते देखा गया। पुलिस जब उसके पास पहुंचने लगी, तो युवक सामान छोड़कर भाग गया। तलाशी के दौरान पुलिस को 30 लीटर देसी शराब बरामद हुई। युवक की तलाश जारी है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### स्थानीय फुटबॉल खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं : स्नेहा महतो



**ईचागढ़ :** कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के ओड़ीया में रविवार को एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में अतिथि के तौर पर निवर्तमान विधायक सविता महतो के पुत्री स्नेहा महतो शामिल हुई। इस दौरान कमेटी के सदस्यो द्वारा स्नेह महतो को पुष्प गुच्छदेकर सम्मानित किया गया। स्नेहा महतो ने फुटबॉल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। खिलाड़ियों व खेलप्रेमी को संबोधित करते हुए स्नेहा महतो ने कहा स्थानीय फुटबॉल खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नही है। खिलाड़ी मन लगाकर खेल को खेले निश्चय ही लक्ष्य कि प्राप्ति होगी। इस अवसर पर काबलु महतो, इंद्रजीत महतो, नव किशोर हांसदा, धीरज महतो, टिंकू महतो, राहुल वर्मा आदि काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र, झारखंड में हरियाणा दोहराया जाएगा

एस. सुनील

> आदिवासी हों या पिछड़े या सदान या सामान्य जाति के लोग पांच साल के जेएमएम, कांग्रेस और राजद के राज में सबने किसी न किसी तरह की मुश्किल झेली है। सरकार का पूरा कार्यकाल भ्रष्टाचार के आरोपों और लूट पाट वाला रहा है। चुनाव से ठीक पहले राज्य सरकार ने खजाना खोल कर अनेक सेवाएं और वस्तुएं मुफ्त देने का वादा किया है लेकिन इस मामले में भी भाजपा का रिकॉर्ड बाकी पार्टियों से बहुत बेहतर है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के चुनाव प्रचार में कहा था कि हरियाणा कांग्रेस के लिए मध्य प्रदेश साबित होगा। उनकी बात सौ फीसदी सही साबित हुई। जिस तरह से मध्य प्रदेश में कांग्रेस हारी वैसे ही हरियाणा में जीत का पूरा माहौल बनाने और नैरेटिव सेट करने के बावजूद कांग्रेस हार गई क्योंकि वह न तो हरियाणा की 10 साल की डबल इंजन सरकार के प्रति बने प्रो इन्कम्बैंसी को समझ पाई और न कांग्रेस विरोध की अंतधार्रा को समझ पाई। जम्मू कश्मीर में भी नेशनल कॉन्फ्रेंस की जीत हुई है, कांग्रेस तो बुरी तरह से हारी ही है। उसकी सीटें 12 से घट कर छह रह गईं और भाजपा की 25 से बढ़ कर 29 हो गईं। असल में इस वास्तविकता को ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषक नजरअंदाज कर रहे हैं कि भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों की सरकारों के खिलाफ अपवाद के तौर पर ही कहीं एंटी इन्कम्बैंसी यानी सत्ता विरोधी माहौल पैदा हो रहा है। ज्यादातर जगहों पर प्रो इन्कम्बैंसी यानी सत्ता समर्थन की लहर पैदा हो रही है, जिससे एनडीए की सरकारें बार बार सत्ता में वापसी करती हैं।

इस बात को आंकड़ों के आधार पर भी समझा जा सकता है। केंद्र में ही देखिए तो 50 साल के बाद ऐसा हुआ कि कोई सरकार लगातार तीसरी बार जीती। नरेंद्र मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के पंडित नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की। 1977 में कांग्रेस जब पहली बार हार कर सत्ता बाहर हुई तो उसके बाद किसी भी पार्टी की सरकार लगातार तीसरी बार नहीं लौटी। वह रिकॉर्ड पीएम नरेंद्र मोदी ने तोड़ा। इसी तरह अनेक राज्यों में देखा जा सकता है। हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की ज्यादा बहुमत और ज्यादा वोट के साथ सरकार बनी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, असम, त्रिपुरा, गोवा, मध्य प्रदेश, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, नगालैंड यानी 12 राज्यों में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों ने लगातार दो बार या उससे ज्यादा बार सरकार बनाई। इसके मुकाबले कुछ प्रादेशिक पार्टियों की तो सरकारें वापस लौटी हैं लेकिन कांग्रेस ने पिछले 10 साल में किस भी राज्य में लगातार दो बार सरकार नहीं बनाई है। इसका मतलब है कि कांग्रेस की जहां भी सरकार बनती है वहां पांच साल में उसके खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल बन जाता है और लोग उसे हरा देते हैं। एक दिलचस्प आंकड़ा यह भी है कि दिल्ली जैसे अपवाद को छोड़ दें तो भाजपा लगातार 10 साल तक किसी भी राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी नहीं रही है। यानी वह जहां एक बार मुख्य विपक्षी पार्टी बनती है वहां वह पांच साल में सत्ता में वापसी करती है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि इसकी मिसाल हैं।

इन दोनों आंकड़ों को प्रकट करने का उद्देश्य यह बताना था कि झारखंड में भाजपा पांच साल से मुख्य विपक्षी पार्टी है और इस बार उसके वहां सत्ता में वापसी करने का समय है तो महाराष्ट्र में भाजपा के गठबंधन की सरकार है, जिसके खिलाफ कोई सत्ता विरोधी माहौल नहीं है क्योंकि आमतौर पर एनडीए सरकारों के खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी नहीं होती है। इसलिए वहां भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां लगातार तीसरी बार सरकार बनाएंगी। यह ध्यान रखने की जरुरत है कि 2019 में भी भाजपा चुनाव नहीं हारी थी। पांच साल तक यानी 2014 से 2019 तक सरकार चलाने के बाद जब भाजपा और शिव सेना गठबंधन चुनाव में गया तब कहा जा रहा था कि एंटी इन्कम्बैंसी है और एनडीए चुनाव हार जाएगा। लेकिन इसका उलटा हुआ। एनडीए को 161 सीटें मिलीं, जिसमें भाजपा ने 105 और शिव सेना ने 56 सीटें जीतीं। दोनों को मिला कर 42 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। लेकिन चुनाव के बाद श्री उद्धव ठाकरे ढाई ढाई साल की सत्ता के लिए अड़ गए, जिसकी वजह से गठबंधन टूटा और कांग्रेस, एनसीपी ने जनादेश को धोखा देकर श्री उद्धव ठाकरे के साथ सरकार बनाई। महाराष्ट्र की जनता उस धोखे का भी इस बार बदला लेगी।

कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार का गठबंधन यानी महा विकास अघाड़ी लोकसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर इस उम्मीद में है कि उसकी जीत हो जाएगी। लेकिन लोकसभा चुनाव का नतीजा एक अपवाद था। उसमें भी अगर वोट के आंकड़े देखें तो भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन यानी महायुति को कांग्रेस गठबंधन के मुकाबले सिर्फ तीन फीसदी कम वोट मिले हैं। यानी वोट का अंतर सिर्फ तीन फीसदी है और उतने पर ही तकनीकी कारणों से सीटों का अंतर दोगुने का हो गया। अगर आंकड़ों की बात करें तो लोकसभा में भाजपा को सिर्फ नौ सीटें मिलीं, जबकि पिछली बार उसे 23 सीटें मिली थीं। यानी उसकी 14 सीटें कम हो गईं लेकिन उसको वोट का नुकसान सिर्फ 1.66 फीसदी का हुआ था। 2019 में भाजपा को 27.84 फीसदी वोट मिले थे और 2024 में 26.18 फीसदी वोट मिले। ध्यान रहे भाजपा ने पिछले चार चुनावों में 25 से 27 फीसदी का अपना वोट प्रतिशत बचाए रखा है।

जहां तक शिव सेना की बात है तो वह भी महाराष्ट्र के लोगों ने दिखा दिया कि असली शिव सेना श्री एकनाथ शिंदे की है। लोकसभा चुनाव में श्री उद्धव ठाकरे की शिव सेना 21 सीटों पर लड़ कर सिर्फ नौ सीट जीत पाई, जबकि एकनाथ शिंदे की शिव सेना ने 15 सीटें लड़ कर सात पर जीत हासिल की। ठाकरे के मुकाबले शिंदे की शिव सेना का स्ट्राइक रेट बेहतर रहा। शिव सैनिक पूरी तरह से उनके साथ रहे। उद्धव ठाकरे को कांग्रेस और एनसीपी का वोट मिला, जिसमें एक बड़ा हिस्सा उनके मुस्लिम वोट आधार का है। तभी हैरानी नहीं है कि श्री उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी के नेता स्वर्गीय बाला साहेब ठाकरे के हिंदुत्व का रास्ता छोड़ कर मुस्लिम तुष्टिकरण के रास्ते पर चल रहे हैं। जैसा केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि श्री उद्धव ठाकरे कांग्रेस और एनसीपी की सोहबत में औरंगजेब को अपना नायक बना रहे हैं। सो, तुष्टिकरण की राजनीति चाहे उद्धव ठाकरे करें या शरद पवार करें या कांग्रेस करे उसका कोई फायदा महाराष्ट्र में नहीं होना है। महाराष्ट्र में श्री एकनाथ शिंदे की भाजपा समर्थित सरकार ने 'माझी लड़की बहिन योजना' के तहत महिलाओं को डेढ़ हजार रुपया महीना देना शुरू किया है। लाड़ला भाई योजना के तहत युवाओं को छह से 10 हजार रुपए महीना दिए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को पांच लाख रुपए तक की मुफ्त चिकित्सा की घोषणा की है। किसानों के लिए रबी की फसलों पर एमएसपी में बढ़ोतरी हुई है। एकीकृत पेंशन की योजना आई है। ऐसी तमाम सकारात्मक योजनाओं के दम पर भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों ने सत्ता के समर्थन की अंतधार्रा पैदा की है।

उधर झारखंड में पांच साल के जेएमएम, कांग्रेस और राजद के भ्रष्ट और परिवारवादी शासन से लोग ऊबे हुए हैं। वहां लोकसभा चुनाव में भाजपा को पिछली बार के मुकाबले तीन सीटों का नुकसान जरूर हुआ लेकिन अगर विधानसभा सीटों के हिसाब से देखें तो वह 50 से ज्यादा सीटों पर जीती थी। यानी लोकसभा चुनाव की तरह भी भाजपा गठबंधन का प्रदर्शन हो तो उसे 50 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। झारखंड का विश्लेषण जो लोग भी 2019 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर कर रहे हैं उनको समझदारी का नया चश्मा लगाने की जरुरत है। 2019 में भी भाजपा हारी नहीं थी। पांच साल के शासन के बाद भी कोई एंटी इन्कम्बैंसी की लहर नहीं थी। उलटे श्री रघुवर दास के नेतृत्व में भाजपा का वोट 2.11 फीसदी बढ़ा था, जबकि जेएमएम के वोट में 1.71 फीसदी की कमी आई थी। इसके बावजूद जेएमएम को ज्यादा सीटें इसलिए मिल गईं क्योंकि भाजपा की गठबंधन की पुरानी सहयोगी आजसू अलग चुनाव लड़ी थी। उसने 53 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए और उसे आठ फीसदी से ज्यादा वोट मिले। इस बार का चुनाव पिछली बार से अलग इसलिए है क्योंकि आठ फीसदी की वोट पूंजी वाली आजसू भाजपा के साथ है और साढ़े पांच फीसदी वोट की पूंजी वाले श्री बाबूलाल मरांडी की भाजपा में वापसी हो गई है। यानी भाजपा के खाते में 13 फीसदी से ज्यादा वोट जुड़ा है। तभी लोकसभा में एनडीए का वोट 47 फीसदी पहुंच गया था।

यह जरूर है कि भाजपा आदिवासी सीटों पर नहीं जीत पाई लेकिन इसका यह कतई मतलब नहीं है कि आदिवासी भाजपा के विरोधी हैं। अगर सबसे बड़े वोट समूह यानी आदिवासी का वोट भाजपा को नहीं मिलता तो उसका वोट प्रतिशत 47 तक कैसे पहुंचता? भाजपा ने झारखंड के सबसे बड़े आदिवासी नेता और विकास पुरुष की छवि वाले बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है और दोनों पड़ोसी राज्यों छत्तीसगढ़ व ओडिशा में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया है। यह भी ध्यान रखने की जरुरत है कि झारखंड में आदिवासियों के सामने अस्तित्व का संकट है। बांग्लादेशी घुसपैठ से आदिवासी बहुल झारखंड की जनसंख्या संरचना बदल रही है। आदिवासियों की आबादी कम हो रही है। रोटी, बेटी और माटी का संकट खड़ा हो गया है। इसलिए भी आदिवासी समाज तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों से पीछा छुड़ा कर भाजपा का साथ देगा। आदिवासी हों या पिछड़े या सदान या सामान्य जाति के लोग पांच साल के जेएमएम, कांग्रेस और राजद के राज में सबने किसी न किसी तरह की मुश्किल झेली है। सरकार का पूरा कार्यकाल भ्रष्टाचार के आरोपों और लूट पाट वाला रहा है। चुनाव से ठीक पहले राज्य सरकार ने खजाना खोल कर अनेक सेवाएं और वस्तुएं मुफ्त देने का वादा किया है लेकिन इस मामले में भी भाजपा का रिकॉर्ड बाकी पार्टियों से बहुत बेहतर है।

(लेखक सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग (गोले) के दिल्ली स्थित विशेष कार्यवाहक अधिकारी हैं, या लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं)

## संपादकीय

## युद्ध नहीं, सिर्फ बुद्ध

भारत दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि बुद्ध की शिक्षाएं दी हैं, दुनिया का समाधान बुद्ध में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता दिये जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में यह कहा। संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन को याद करते हुए कहा हमने दुनिया को बुद्ध की शिक्षाएं दी हैं। यह हमें याद दिलाता है कि करुणा और सद्भाव ही दुनिया को बेहतर स्थान बनाने की कुंजी है। अभिधम्म दिवस भगवान बुद्ध के अभिधम्म की शिक्षा देने के बाद अवतरण की याद दिलाता है, जिसे मूल रूप से पाली भाषा में लिखा गया है। पाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने को उन्होंने भगवान को बुद्ध को श्रद्धांजलि बताया। इस कार्यक्रम में चौदह देशों के शिक्षाविदों व भिक्षुओं ने भाग लिया। केंद्र सरकार ने अलग साहित्यिक परंपराओं वाली भाषाओं, जो मौलिक हों और जिन्हें किसी अन्य भाषा समुदाय से उधार नहीं लिया गया है, उन्हें शास्त्रीय भाषा के तौर पर चिह्नित किया है। पाली, प्राकृत, मराठी, असमिया व बंगाली को इसी माह शास्त्रीय भाषा के तौर पर चिह्नित किया है। इनमें से पाली भाषा को बुद्ध की विरासत माना जाता है। भगवान बुद्ध की शिक्षाएं व प्रमुख ग्रंथ त्रिपिटक मूल रूप से पाली भाषा में ही उपलब्द्ध हैं। यह भारत की प्राचीनतम ज्ञात भाषाओं में से है। जिसे ब्राह्मी लिपि में लिखा जाता है। फिलवक्त रूस-यूक्रेन, इस्राइल-फिलिस्तीन जैसे मुल्कों के बीच जारी युद्ध में बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं, वे विस्थापन झेलने को मजबूर हैं, उनको आवास, भोजन, पीने का पानी, जरूरी दवाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में बुद्ध की शिक्षाओं के माध्यम से शांति का पथ-प्रशस्त करके अस्थिरता व अशांति से मुक्ति का मार्ग पाया जा सकता है। विश्व शांति के लिए बुद्ध को याद करना जख्म पर मलहम लगाने जैसा हो सकता है। इस सख्त वक्त में मोदी ने बुद्ध के ज्ञान को दोहरा कर बड़ा संदेश देने का सार्थक प्रयास किया है। हालांकि बौद्ध धर्म के दुनिया में जितने अनुयायी हैं, उस अनुपात में यदि उनकी शिक्षाओं पर तनिक भी आस्था होती तो इस अशांति से मानव यूं त्रस्त न होता।

## चिंतन-मनन

## भगवान का सबसे प्रिय आहार अहंकार

अहंकार शब्द बना है अहं से, जिसका अर्थ है मैं। जब व्यक्ति में यह भावना आ जाती है कि जो हूं सो मैं, मुझसे बड़ा कोई दूसरा नहीं है तभी व्यक्ति का पतन शुरू हो जाता है। द्वापर युग में सहस्त्रबाहु नाम का राजा हुआ। इसे बल का इतना अभिमान हो गया कि शिव से ही युद्ध करने पहुंच गया। भगवान शिव ने सहस्त्रबाहु से कह दिया कि तुम्हारा पतन नजदीक आ गया है। परिणाम यह हुआ कि भगवान श्री कृष्ण से एक युद्ध में सहस्त्रबाहु को पराजित होना पड़ा। रावण विद्वान होने के साथ ही महापराप्रमी था। उसे अपने बल और मायावी विद्या का अहंकार हो गया और उसने सीता का हरण कर लिया। इसका फल रावण को यह मिला कि रावण का वंश सहित सर्वनाश हो गया। अंत काल में उसका सिर भगवान राम के चरणों में पड़ा था। भगवान कहते हैं मेरा सबसे प्रिय आहार अहंकार है अर्थात अहंकारियों का सिर नीचा करना भगवान को सबसे अधिक पसंद है। अहंकारी का सिर किस प्रकार भगवान नीच करते हैं इस संदर्भ में एक कथा है कि, नदी किनारे एक सुन्दर सा फूल खिला। इसने नदी के एक पत्थर को देखकर उसकी हंसी उड़ायी कि, तुम किस प्रकार से नदी में पड़े रहते हो। नदी की धारा तुम्हें दिन रात ठोकर मारती रहती है। मुझे देखो मैं कितना सुन्दर हूं। हवाओं में झूमता रहता हूं। पत्थर फूल की बात को चुपचाप सुनता रहा। पानी में घिसकर पत्थर ने शालिग्राम का रूप ले लिया था। किसी व्यक्ति ने उसे उठाकर अपने पूजा घर में स्थापित किया और उसकी पूजा की। पूजा के समय उस व्यक्ति ने फूल को शालिग्राम के चरणों में रख दिया। फूल ने जब खुद को पत्थर के चरणों में पाया तो उसे एहसास हो गया कि उसे अपने अहंकार की सजा मिली है। पत्थर ने अब भी कुछ नहीं कहा वह फूल की मन स्थिति को देखकर मुस्कुराता रहा।

# वैश्विक जलचक्र असंतुलन से जुड़ी चुनौतियां की गंभीरता



ललित गर्ग

संतुलित जलचक्र के कारण समूची दुनिया के समुख पानी एक बड़ी गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण समस्या बन रही है। पृथ्वी के चारों ओर पानी के घूमने की प्रणाली को जल-चक्र कहा जाता है, जीवन को संचालित करने के लिए जिसका सुचारु होना आवश्यक होता है। पूरी दुनिया में पीने के पानी की भारी समस्या है और उसके अधिक विकराल होने की संभावनाओं की चेतावनी लम्बे समय से दिये जाने के बावजूद हम नहीं चेत रहे हैं। पानी के दुरुपयोग, जल संसाधनों के कुप्रबंधन, बदलते जलवायु, भूमि के बढ़ते उपयोग और वन क्षेत्रों में कटौती ने समूचे जल-चक्र को असंतुलित कर दिया है। कहते हैं कि पानी की असल अहमियत वही शख्स समझता है, जो तपते रेगिस्तान में एक बूंद पानी की खोज के लिए मीलों भटका हो। वह शख्स पानी की कीमत क्या जाने, जो नदी के किनारे रहता है। भारत के कई राज्यों में पीने के पानी की भारी समस्या है और उसके अधिक विकराल होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में अगले ही साल 21 शहरों में भूजल खत्म होने की आशंका व्यक्त करते हुए एक बार फिर चेताया है।

नीति आयोग की रिपोर्ट बड़े खतरे का संकेत दे रही है। अब जलचक्र के असंतुलित होने का असर भारत पर भी पड़ना निश्चित है। इसलिये भारत में जल-समस्या जीवन-संकट बन सकती है। भारत में पुराने जमाने में तालाब, बावड़ी और नलकूप थे, तो आजादी के बाद बांध और नहरें बनाईं। वक्त के बदलने के साथ-साथ सोच भी बदली, अति भोगवाद, सुविधावाद बढ़ा तो प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति उपेक्षा भी घनघोर होती गयी। संयम का सूत्र छूट गया। आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही है कि वह प्रकृति में निहित संदेश को हम सुन नहीं पा रहे हैं। जलसंकट पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। समय-समय पर प्रकृति चेतावनियां देती है पर आधुनिकता के कोलाहल में हम बहरा गये हैं। आज देश का कोना-कोना जल समस्या से ग्रस्त है। वर्ष 2018 में कर्नाटक ने अभूतपूर्व बाढ़ देखी थी, किंतु अब 2019 में उसके 176 में से 156 तालुके सूखाग्रस्त घोषित हो चुके हैं। महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ भयंकर जल समस्या का सामना कर रहे हैं। विश्लेषकों द्वारा तृतीय विश्वयुद्ध की आशंका पानी के लिए व्यक्त की जाती रही है। निकट भविष्य में पानी का प्रयोग अस्त्र रूप में भी संभावित है। कुछ समय पहले पाकिस्तान से तनाव हो जाने पर भारत द्वारा सिंधु नदी के प्रवाह को रोक कर पानी की उपलब्धता बाधित करने की चेतावनी दी गई थी। जबकि देश में ही पानी की अनुपलब्धता की समस्या पूरे राष्ट्र में पिछले 10-15 साल से चल रही है। इसके मूल में नियमित रूप से वर्षा का न होना तथा सूखा पड़ते रहना तथा सरकार की गलत नीतियां भी हैं। पानी की उपलब्धता की स्थिति को देखते हुए यह लगने लगा है कि विश्वयुद्ध हो या न हो, पर हर गली-मोहल्ले में, शहर -शहर में, गांव- गांव में पानी के लिए 10-15 वर्ष में ही युद्ध होंगे और भाईचारे के साथ रह रहे पड़ोसी पानी के लिए आपस में लड़ेंगे।

भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश जल-समस्या से पीड़ित है। पृथ्वी पर तीन अरब लोग पहले से जल संकट का सामना कर रहे हैं। अब जल-चक्र असंतुलन से न जाने और कितने लोग संकट में आ जाएंगे। बड़ी चिंता यह भी कि इससे दुनिया की जीडीपी को आठ से पंद्रह प्रतिशत तक नुकसान हो जाएगा। दरअसल, प्रकृति की उपेक्षा के साथ-साथ सिर्फ अपना लाभ देखने की दुष्प्रवृत्ति ही इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है। जल की बबार्दी, वन क्षेत्रों का खात्मा, पेड़-पौधों का लगातार काटना, ओजोन परत को नुकसान, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु संकट और इन सब के कारण अंततः जीव-जंतुओं के अस्तित्व पर ही आती आंच के रूप में इसके दुष्परिणाम सामने है। एक तथ्य यह भी है कि इन दुष्परिणामों की चिंता तो खूब होती रही है, लेकिन सरकारें एवं आमजन इस समस्या के प्रति उतना गंभीर नहीं है, जितनी अपेक्षा है। देश के जो क्षेत्र जल संकट की भयावह स्थिति का सामना कर रहे हैं, उन क्षेत्रों में एक घड़े पानी की कीमत व्यक्ति या मनुष्य के जीवन से अधिक है। वहां गर्मी में तो महिलाएं प्रातःकाल से ही जल की व्यवस्था में जुट जाती हैं। बदलते जलवायु परिवर्तन का आलम यह है कि देश में जहां सूखा पड़ता था, अब वहां बाढ़ आ रही है। चरम जलवायु घटनाओं का स्वरूप बदल रहा है। जल चक्र पर भी इसका असर पड़ रहा है। बीते समय में चरम घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इन्हीं घटनाओं से होने वाले नुकसान को कम करने और इसका मुकाबला करने के लिए मोदी सरकार ने मिशन मौसम शुरू किया है। 'मिशन मौसम' के तहत सरकार टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके मौसम की भविष्यवाणी को बेहतर बनाने का काम करेगी। हर साल चक्रवात, बाढ़, सूखा और हीटवेव जैसे जलवायु परिवर्तन से उपजी आपदाओं के चलते करीब 10,000 लोगों की मौत हो जाती है। 'मिशन मौसम' की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मौसम की सटीक भविष्यवाणी से इनमें से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। सरकार ने 'मिशन मौसम' के लिए 2,000 करोड़ रुपए का बजट रखा है। इतना ही नहीं ये सरकार को आपदा के आने से पहले तैयार होने और उसके बाद जनजीवन को जल्द से जल्द सुचारु करने में भी मदद करेगा। मिशन 'मौसम प्रबंधन' तकनीकों का पता लगाएगा और इसमें कृत्रिम रूप से बादलों को विकसित करने के लिए एक प्रयोगशाला बनाना, रडार की संख्या में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करना और नए उपग्रह, सुपर कंप्यूटर और बहुत कुछ जोड़ना शामिल है। भारतीय मौसम वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि अगले पांच सालों में उनके पास इतनी विशेषज्ञता होगी कि वे न केवल बारिश को बढ़ा सकेंगे बल्कि कुछ क्षेत्रों में ओलों और बिजली के साथ-साथ इसे भी रोक सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जलचक्र के असंतुलित होने से उत्पन्न समस्याओं को लेकर भी आवाज बुलंद होती रही हैं, पर जैसे हालात बनते जा रहे हैं इन चिंताओं का असर ढाक के तीन पात जैसा ही है। इससे भी गंभीर बात यह कि जल-चक्र बिगड़ने से दुनिया का आधा खाद्य उत्पादन ही खतरे में आ गया है। तब उन देशों का क्या होगा, जो पहले से खाद्यान्न संकट को झेल रहे हैं। जाहिर है, संकट में शामिल देशों की सूची बढ़ती ही जाएगी। कहना न होगा कि अब भी नहीं संभले और विकास का वैकल्पिक रास्ता नहीं खोजा, तो भयावह स्थिति को कोई नहीं रोक सकता। जलचक्र के असंतुलन की स्थिति का आकलन कोरी कल्पना पर आधारित नहीं है। विशेषज्ञों के समूह 'ग्लोबल कमीशन ऑन द इकोनॉमिक्स ऑफ वॉटर' ने तथ्यों और परिस्थितियों के गहन वैज्ञानिक अनुसंधानों और विश्लेषणों के माध्यम से भयावह हालात की ओर आगाह किया है।

# वैश्विकी: संकट के दौर में ब्रिक्स सम्मेलन



डॉ. दिलीप चौबे

रूस की मेजबानी में आयोजित होने वाला ब्रिक्स सम्मेलन कई अर्थों में ऐतिहासिक है। यदि ब्रिक्स नेताओं ने राजनीतिक सूझबूझ और साहस का परिचय दिया तो यह सम्मेलन नहीं विश्व व्यवस्था के निर्माण की शुरूआत बन सकता है। संगठन के मूल पांच सदस्य देशों के साथ इस बार विस्तारित ब्रिक्स के अन्य देश भी इसमें शिरकत करेंगे। दुनिया के अनेक देश ब्रिक्स में शामिल होना चाहते हैं। यह मौजूदा देश के लिए यह एक अवसर और चुनौती है। सामान्य सोच यह है कि जितने अधिक देश होंगे संगठन उतना ही प्रतिनिधिमूलक और प्रभावशाली होगा, लेकिन सर्वसम्मति या मतैक्य से चलने वाली संगठन में निर्णय प्रक्रिया की समस्या पैदा हो सकती है। विशेषकर ऐसे समय जब विभिन्न देशों के अलग-अलग राजनीतिक हित हैं। उदाहरण के लिए सैन्य संगठन नाटो का सदस्य देश तुर्की ब्रिक्स में शामिल होना चाहता है। रूस और चीन नाटो को यूरोप और पूर्व एशिया में चुनौती दे रहे हैं। ऐसे समय ब्रिक्स में तुर्की का शामिल होना नाटो के एक 'भेदया का जोखिम' उठाना है। पश्चिम एशिया में ईरान और सऊदी अरब के बीच वर्चस्व की लड़ाई भी एक बड़ा सिरदर्द है। आने वाले दिनों में यदि इस्राइल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करता है तो इस क्षेत्र में नई लामबंदी शुरू हो जाएगी। ब्रिक्स इन देशों के परस्पर विरोधी हितों में कैसे सामंजस्य स्थापित करता है यह अन्य देशों के नेताओं की राजनीतिक सूझ-बूझ की परीक्षा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस यात्रा पर भी सबकी नजर रहेगी। तीन महीने के दौरान मोदी दूसरी बार रूस यात्रा पर जा रहे हैं। इस अवधि में काफी कुछ बदल गया है। कनाडा और अमेरिका के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा हुआ है। कनाडा के साथ तो टकराव की स्थिति है। वहीं खालिस्तानी आतंकवादी गुरु पतवंत सिंह पन्नू को मोहरा बनाकर अमेरिका भारत पर दबाव बना रहा है। लगता है मोदी सरकार उसके निशाने पर है। कुछ राजनीतिक समीक्षा का आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं कि आखिर अमेरिका मोदी सरकार को क्यों अस्थिर करना चाहता है जबकि यह सरकार भारत में अब तक की सबसे अधिक अमेरिकी अनुकूल सरकार है। इन समीक्षकों का यह भी मानना है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी विरोधी प्रलाप के पीछे भी अमेरिका है। ट्रूडो को यह खुशफहमी है कि वह कनाडा एक बड़ा शक्तिशाली देश है। हकीकत यह है कि कनाडा हर महीने में अमेरिका का पिछलग्गू देश है। 'फाइव आईज' के अन्य देशों ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पर भी यही बात लागू होती है। हाल के घटनाक्रम से यह भी स्पष्ट हो गया है कि जर्मनी, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश भी अमेरिकी कुनबे के सक्रिय सदस्य बन गए हैं। इसे यूरोप और पश्चिम एशिया में तनाव के नये हालात बन गए हैं।

हाल में ऐसी रिपोर्ट सामने आई कि उत्तर कोरिया के दस हजार से अधिक सैनिक यूक्रेन में रूस की ओर से मोर्चा संभालने वाले हैं। यदि उत्तर कोरिया रूस की मदद करने के लिए अपने सैनिक भेज रहा है तो यह भी स्वाभाविक है कि उसे रूस की ओर से यह आश्वासन मिला होगा कि दक्षिण कोरिया और जापान से संभावित संघर्ष में उसे रूस की मदद मिलेगी। इससे पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा हालात खतरनाक हद तक बिगड़ जाएंगे। भारत के लिए भी यह एक चुनौती होगी कि वह क्वॉड में अपनी भूमिका पर गौर करे। कजान (रूस) में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच यदि शिखर वार्ता होती है तो उसे पता चलेगा कि भारत अमेरिका और रूस के साथ अपने संबंधों में कैसे संतुलन बनता है। प्रधानमंत्री मोदी के लिए चीन के साथ अपने संबंधों को पटरी पर लाने का एक अवसर है। ब्रिक्स आयोजन के समय दुनिया को किसी अनहोनी के लिए भी तैयार रहना चाहिए। संभव है कि इसी दौरान इस्राइल ईरान को निशाना बनाएं यदि ऐसा होता है तो ईरान भी जवाबी कार्रवाई करेगा। इस्राइल अपने बलबूते ईरान की चुनौती का सामना करने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में अमेरिका सैनिक मदद के लिए संघर्ष में सीधे रूप से शामिल हो सकता है। चुनाव में लड़खड़ा रही डेमोक्रेटिक प्रत्याशी कमला हैरिस के लिए यह फायदे का सौदा हो सकता है। यह बात दूसरी बात है कि दुनिया में भारी तबाही का कारण बन सकता है?

## एक नजर

### अज्ञात चोर ने विद्यालय से आलमीरा तोड़ की दो टैब की चोरी

**बरहरवा:** शनिवार को बरहरवा थाना क्षेत्र के मिजार्पुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिजार्पुर हिंदी में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने का असफल प्रयास किया गया। वही इस मामले को लेकर विद्यालय के प्रधान अध्यापक मोहम्मद कमालुद्दीन ने बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह को लिखित आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया है कि रविवार को सुबह 10:00 बजे जब मैं विद्यालय पहुंचा तो देखा कि ऑफिस का ताला टूटा हुआ है और अंदर का कागजात बिखरा पड़ा हुआ है। जिससे मुझे अंदाजा लग गया कि विगत रात को उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिजार्पुर हिंदी में अज्ञात व्यक्ति ने ताला तोड़कर कंप्यूटर रूम में पहले घुसा था,परंतु वहां पर लगे गैजेट को देखकर सामान को चोरी करने में असफल रहा। फिर ऑफिस का ताला तोड़कर गोदरेज से दो टैब चोरी किया, जो विभाग से दिया गया था। जिसका अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार रुपए है। साथ ही गोदरेज में रखें कागजात के साथ छेड़छाड़ किया गया है। बता दें की विद्यालय के उपरी मंजिल में कंप्यूटर कक्ष है। उसका भी ताला टूटा हुआ है। लेकिन किसी का आने की भनक लगते ही मौके से फरार हो गया होगा। उन्होंने प्रशासन से उचित कार्रवाई करने की मांग की है। मामले को लेकर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने कहा की आवेदन मिला है,पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है।

### बासुकीनाथ धाम के पास लगी भीषण आग, दर्जनों दुकानें जलकर राख

**दुमका:** दुमका जिले में बासुकीनाथ धाम के पास अचानक से भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। इस अग्निकांड में दर्जनों दुकानें जलकर राख हो गईं, जिससे दुकानदारों को करोड़ों का नुकसान हुआ है। बासुकीनाथ धाम की पहचान तीर्थ नगरी के रूप में है। मंदिर और आस पास के इलाके में हजारों दुकानें संचालित होती है। 19 अक्टूबर की देर रात लगभग दर्जनों दुकानों में आग लग लगी, जिससे दर्जनों दुकान जल कर खाक हो गई। आग लगने का पता नही चल पाया है। वहीं दमकल को टीम दुमका से बासुकिनाथ पहुंचकर बड़ी मशकत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि चूड़ी गली में एक दुकान में लगी आग के चपेट में लगभग दर्जनों दुकान में आग लग गई। आग विकराल रूप धारण कर लिया और देखते देखते कई दुकानें जल कर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का अथक प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। दुमका जिला मुख्यालय से जब तक दमकल की गाड़ी पहुचीं तब तक सब कुछ जल कर राख हो गया था। दमकल की दो गाड़ियों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आखिरकार आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक स्थानीय दुकानदारों की दुनियां उजड़ चुकी थी।

### तीसरे साहित्य समागम वर्षगांट में देशभर के प्रख्यात साहित्यकार लेंगे हिस्सा

**साहिबगंज:** तृतीय साहित्य समागम को लेकर साहित्य की दुनिया की बैठक शहर के द लाइटहाउस कैफे रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। मंच के अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि तृतीय वार्षिकोत्सव और साहित्य समागम का आयोजन एक बार फिर से साहिबगंज में ही कराया जाए। बैठक में सभी सदस्यों ने 21 और 22 दिसंबर को कार्यक्रम करने को लेकर सहमति व्यक्त की। मंच के महासचिव सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि साहित्य की दुनिया मंच का तीसरा वर्षगांठ साहित्य समागम के रूप में 21 और 22 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के प्रख्यात साहित्यकार भाग लेंगे।

# बंगरासाई गांव में ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का लिया निर्णय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव प्रखंड की नकटी पंचायत के बंगरासाई गांव में नाला पर निर्माण नहीं होने व विकास कार्य से गांव को वंचित रखे जाने से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को बैठक की। बैठक में विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि बंगरासाई गांव स्थित बड़ा नाला पर पुल निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन जन प्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। बारिश के मौसम में नाला में पानी भर जाने के कारण विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में परेशानी होती है। वहीं गांव में अगर कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाता है तो लंबी दूरी तय कर कीचड़मय रास्ते से उसे अस्पताल ले जाना पड़ता है। जन प्रतिनिधि चुनाव के वक्त गांव पहुंचते हैं। उसके बाद उनका दर्शन दुर्लभ हो जाता है। इस कारण ही ग्रामीणों ने इस वर्ष के विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार का मन मना लिया है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में सड़क की भी अच्छी स्थिति नहीं है। गांवों को जोड़ने के लिए पक्की सड़क नहीं है। नल जल योजना के तहत पानी कनेक्शन का लाभ भी नहीं मिल पाया है। चुनाव से पूर्व हमारी मांगों पर विचार नहीं किया जाता है तो एकजुटता के साथ वोट बहिष्कार करेंगे। इसकी जवाबदेही जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों की होगी। मौके पर डाकुवा महादेव हेम्ब्रम, राम सिंह हेम्ब्रम, लखन हेम्ब्रम, अर्जुन हेम्ब्रम, सुखराम हेम्ब्रम, वीरसिंह गागराई, प्रधान गागराई, किशोर गागराई, गंगाराम गागराई, जोगलाल गागराई, सुनील हेम्ब्रम, रामकृष्ण हेम्ब्रम, लालो गागराई, राजेश हेम्ब्रम, गुरु हेम्ब्रम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थ।

## चुनाव को लेकर पुलिस ने विभिन्न चेक नाकों में चलाया वाहन चेकिंग अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों पर नकेल कसने हेतु लेकर बरहरवा थाना पुलिस अब काफी रेस हो गई है। रविवार को थाना पुलिस ने पश्चिम बंगाल की सीमा से लगते महापुर स्थित अंतर राज्य चेतनाका में बारीकी से वाहनों की जांच की। जांच के दौरान पुलिस को भले ही कोई आपत्तिजनक सामग्री हाथ ना लगी हो पर बगैर कागजात के वाहन चालकों में चेकिंग को लेकर हड़कंप मच गया है।जानकारी मिली है कि, उपरोक्त चेक नाका में दिनभर बरहरवा थाना के सब इंस्पेक्टर सीदाम रविदास के नेतृत्व में दो वाहन, चार वाहन, एवं अन्य छोटे बड़े सवारी गाड़ियों की बारीकी से जांच की गई। बता दें कि विधानसभा चुनाव को लेकर कोटालपोखर थाना क्षेत्र के जीवनपुर तथा रहीम टंडन, एवं बरहरवा थाना क्षेत्र में बेहबतपुर, फरीदपुर, फुटानीमोड़, सहित दोनों थाना मिलकर बंगाल की सीमा पर कुल 6 जगह पर बेरीकेटिंग लगाया गया है। वाहन जांच के दौरान दंडाधिकारी के रूप में जिला प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्ति रोजगार सेवक अमीरुल इस्लाम तथा सुल्तान अहमद भी मौजूद थे। इन लोगों ने बताया कि जांच के दौरान किसी प्रकार के कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है।

## अनंत ओझा ने कन्हैया स्थान व मां पगली दुर्गा मंदिर में की पूजा-अर्चना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** शनिवार को देर शाम भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर अपना प्रत्याशी घोषित किया। राजमहल विधानसभा से भाजपा ने वर्तमान विधायक अनन्त ओझा पर तीसरी बार विश्वास जताया हैं उनको प्रत्याशी बनाया हैं। देर शाम जब राजमहल विधायक अनंत ओझा के नाम का घोषणा होते ही राजमहल विधानसभा में भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। जगह-जगह मिठाई बटने लगा, जगह जगह आतिशबाजी होने लगी। राजमहल विधायक अनन्त ओझा के प्रत्याशी घोषित होने से यहां के कार्यकत्ताओं में खुशी हैं।

**राजमहल विधायक कन्हैया स्थान पहुँचे**

राजमहल विधायक अनंत ओझा राजमहल स्थित प्रसिद्ध कन्हैया स्थान में पूजा-अर्चना करके आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने राजमहल विधायक अनन्त ओझा का भव्य स्वागत किया।

**माँ पगली के दरबार में राजमहल विधायक अनंत ओझा पूजा अर्चना किया**

राजमहल विधायक अनन्त ओझा राजमहल स्थित मां पगली के मंदिर में पूजा अर्चना किया। प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों के लिए आशीर्वाद मंगलकामना की। इस अवसर पर कार्यकताओं ने राजमहल विधायक अनंत ओझा का भव्य स्वागत किया। राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने इस अवसर पर भाजपा केंद्रीय शीर्ष नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व कर प्रति आभार जताते हुए कहा कि जिस प्रकार से मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्त्ता की तीसरी बार राजमहल विधानसभा की देवतुल्य जनता की सेवा करने के लिए अवसर प्रदान किया हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार जताया। कहा जिस प्रकार से दस सालों में यहां के लोगो का हर सपने को पूरा करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया हैं उसी प्रकार से यहाँ की जनता का आशीर्वाद प्राप्त करके जो अधूरे कार्य रह गए हैं उसे पूरा करूंगा।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव को लेकर बरारी एवं कालू पंचायत में की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** बुथ कमेटी की समीक्षात्मक चर्चा तथा विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को बरहरवा प्रखंड के कालू तथा बरारी पंचायत में कांग्रेस कार्यकताओं ने बैठक किया। कालू पंचायत के लिए बैठक की अध्यक्षता प्रदीप रमानी ने किया जबकि बरारी पंचायत के बैठक की अध्यक्षता शरद चंद्र मंडल ने की। दोनों जगह पर आयोजित बैठक में विशेष अतिथि के तौर पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान तथा कोर कमेटी के सदस्य मोहम्मद नसीरुद्दीन परमिट तिवारी एवं तमिजुद्दीन शेख भी इस बैठक में उपस्थित थे। दोनों जगह पर आयोजित बैठक में बूथ कमेटी के पिछले क्रियाकलापों की समीक्षा की गई तथा कमेटी के सभी सदस्यों को सरकार द्वारा चलाई गई योजना के बारे में जन-जन को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। दोनों जगहो पर उपस्थित बूथ कमेटी के सदस्यों एवं वरिष्ठ कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एक विचारधारा की पार्टी है जो सिर्फ और सिर्फ समाज के सभी वर्ग के लोगों की हितों की राजनीति करती है। यही वजह है कि महागठबंधन की सरकार ने एक तरफ जहां पूरे झारखंड में बकाया बिजली बिल माफ किया। वही मैया सम्मान योजना तथा अबुआ आवास के तहत गरीब तबके के लोगों को घर एवं अनुदान राशि देकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम किया। इतना ही नहीं हमारी सरकार फूल बाई योजना के तहत शिक्षण रत किशोरियों को भी लाभ दिलाने का काम किया।उन्होंने आगे बताया कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने पुल पुलिया तथा सड़कों का जाल बेचकर जहां कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए क्षेत्र में रोजगार के संसाधन उत्पन्न करने का काम किया।

## सरायकेला के कमलपुर गांव में अवैध मिनी शराब फैक्टरी का भंडाफोड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** एसपी को मिली गुप्त सूचना पर सरायकेला एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत डुडरा पंचायत के कमलपुर गांव में छापेमारी कर एक अवैध मिनी शराब फैक्टरी का उद्भेदन किया गया है। इस संबंध में एसडीपीओ समीर संवैया ने बताया कि छापेमारी में भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब और शराब पैकिंग और ट्रांसपोटिंग के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले वाहन बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान एक मालवाहक वाहन (जेएच05एटी9923) व एक स्कूटी (जेएच05डीएन2385) समेत काफी संख्या में प्रतिबंधित सामग्रियों को भी जब्त किया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान पुलिस के आने की भनक मिलते ही शराब तस्कर गोविंदा कैवर्त और आशीत कैवर्त मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। एसडीपीओ ने बताया कि छापेमारी में 436 लीटर नकली शराब, 200 लीटर स्प्रिट, 750 मिली के 1400 खाली बोतलें, 300 ढक्कन, बैटरी, इन्वर्टर, बोतलों में चिपकाने वाले विभिन्न प्रकार के शराब के स्टिकर्स, एक लाल रंग का बड़ा प्लास्टिक डस्टबिन डब्बा, 20 लीटर पानी वाला 11 जार बरामद किया गया है।

# अवैध संबंधों में हुई थी रोहित सिंह की हत्या, मुख्य आरोपी सहित चार गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम के बागबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्वाला पट्टी में रहने वाले रोहित सिंह उर्फ छोटू की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपित बाबू बंगाली को गिरफ्तार कर लिया है। बाबू बमार्माइंस के कैरेज कॉलोनी का निवासी है और उसे बागबेड़ा के बडौदा घाट से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पुलिस ने चार अन्य आरोपितों राजू हिस्सा, नीतीश राय, मनीष अग्रवाल और रौशन गुप्ता को भी हथियारों के साथ पकड़ा है, जो सभी आदित्यपुर के निवासी हैं। एसएसपी किशोर कौशल ने रविवार को बताया कि 13-14 अक्टूबर की रात रोहित की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद कुंदन सिंह और मनीष उर्फ रायडर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था। एसएसपी ने बताया कि घटना के बाद पुलिस लगातार आरोपितों की तलाश कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि बाबू बडौदा घाट के पास छिपा हुआ है। सिटी एसपी के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई और छापेमारी की गई, जिसमें बाबू सहित चार अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से दो देशी पिस्टल, 9 जिंदा गोलियां, 3 मैगजीन, घटना में प्रयुक्त बाइक और तीन मोबाइल बरामद किए हैं। घटना में शामिल कुंदन ने कुछ दिन पहले कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है जबकि मनीष अभी फरार है। जांच में पता चला कि कुंदन और बाबू रिश्ते में जीजा-साला हैं। बाबू ने कुंदन की बहन से शादी की थी। रोहित का कुंदन की बहन के साथ अवैध संबंध था, जिसे लेकर कुंदन ने उसे कई बार चेतावनी दी थी। जब रोहित ने उसकी चेतावनी को नजरअंदाज किया, तो कुंदन, बाबू और मनीष रायडर ने रोहित की हत्या की साजिश रची। 13-14 अक्टूबर की रात तीनों रोहित के घर पहुंचे और गोली मारकर भाग गए। अन्य गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस बल एवं युवा समिति ने मिलकर नया टोला में वाहन जांच अभियान चलाया




**बरहरवा:** रविवार को बरहरवा थाना अंतर्गत नया टोला में सभी पुलिसकर्मी के सम्मान में बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, थाना पुलिस बल एवं नया टोला युवा समिति के साथ मिलकर विषेश वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान हेलमेट, सिट बेल्ट, प्रदुषण कागज, इंसोरेंस, लाइसेंस, जांच के साथ साथ लोगों को वाहन सुरक्षा हेतु जागरूक करने के लिए बिना हेलमेट, सिट बेल्ट के पाए जाने पर फूल माला, गुलाब एवं एक बैनर के साथ फोटो खींच कर सुरक्षा हेतु चेतावनी दी गई। नया टोला युवा समिति के मुख्य सदस्य गौरव झा और सूरज कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान 21 अक्टूबर को मनाए जाने वाले पुलिस स्मरण दिवस के उपलक्ष्य में समस्त पुलिस कर्मियों को समर्पित है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को सड़क दुर्घटना से बचने के लिए उनको जागरूक करना है। इस अभियान में मुख्य रूप से बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, एसआई सुदामा सिंह सह अन्य पुलिसकर्मियों के साथ नया टोला युवा समिति के सदस्य सुजीत कुमार महतो, विजय यादव, ऋषभ कुमार, शिवम् कुमार राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

### झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का पूर्वाभ्यास



**साहिबगंज:** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी– सह– उपायुक्त हेमंत सती की उपस्थिति में 01– राजमहल विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी कपिल कुमार, 02– बोरियो विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी अंगारनाथ स्वर्णकार, 03 –बरहेट विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी गौतम कुमार भगत ने नामांकन प्रक्रिया का पूर्वभ्यास किया।

### नक्सलियों के छिपाए दो एसएलआर बरामद



**पश्चिमी सिंहभूम:** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के जंगलों में भाजपा माओवादी के नक्सलियों के जरिए छिपाये गए हथियार को पुलिस ने बरामद किया है। मई माह में पुलिस नक्सली के बीच हुए मुठभेड़ के बाद बरामद हथियार छिपा कर रखे गये थे। चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया बीते शुक्रवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मई माह में भाकपा नक्सली के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान नक्सली संगठन का सदस्य बुधराम मुण्डा मारा गया था। मुठभेड़ के बाद नक्सली संगठन के ही अन्य सदस्य अमित मुण्डा, प्रभात मुण्डा, चमन उर्फ लम्बु, सालुका कायम, रिसिब उर्फ जिउरी, बुलबुल, बीर सिंह, हेमंती एवं संजय के जरिये कराईकेला थाना क्षेत्र के लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के जंगली क्षेत्र में हथियारों को छुपाकर रख गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसपी अभियान के नेतृत्व में सीआरपीएफ 157 बटालियन के साथ एक संयुक्त अभियान दल का गठन करते हुए इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान कराईकेला थाना क्षेत्र के लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के आसपास जंगली इलाके से दो एसएलआर बरामद हुए। इलाके में सुरक्षाबलों का नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

### विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण



**साहिबगंज:** राजमहल विधानसभा, बोरिया विधानसभा, एवं बरहेट विधानसभा, को लेकर विधानसभा आम चुनाव में आने वाले सुरक्षा कर्मी के रहने के जगहों के साथ साथ मूलभूत सुविधाओं का मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव ने एसएसबी कमांडेड एसएस चौहान व साहिबगंज एसडीपीओ किशोर तिर्की एवं राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी को निरीक्षण करवाया। निरीक्षण करने के दौरान पुलिस पदाधिकारी ने मूलभूत आवश्यकताओं को दुरुस्त करने को लेकर मिजाचौकी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द सभी सुविधाओं को ठीक करें जो भी कमियां रह गई है। जहां रहने वाले सुरक्षा कर्मी के जवानों को मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

### महिलाओं ने नशामुक्त अभियान चलाकर किया जागरूक



**पटमदा:** पटमदा प्रखंड के दिघी गांव में रविवार को गांव के विभिन्न महिला समितियों ने मिलकर नशा मुक्ति अभियान चलाकर गांव को नशा मुक्ति करने को लेकर गांव के सभी लोगों से अपील की। इस बीच महिला समिति के सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के नारा लगाकर पूरे गांव का भ्रमण किया। दिघी पंचायत के मुखिया मंजू टुडू,जेएलकेएम के नेता देवब्रत महतो,महिला समिति के सदस्य जगधात्री महतो,स्नेहालता महतो,पार्वती महतो,झुनपुकी माहली, नियति मुखी, लक्ष्मी महतो, सरला महतो,आभा महतो, फुदकी महतो, सुमित्रा सिंह ममता सहिस आदि उपस्थित थे।

# दीपम ने अधिकारियों से कहा, सार्वजनिक कंपनियों के शेयरों में कारोबार करने से बचें

**- अधिकारियों के पास हो सकती है सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के बारे में संवेदनशील जानकारी**

नई दिल्ली । निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने अपने अधिकारियों से कहा है कि वह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में कारोबार से बचें। दीपम ने यह सलाह इसलिए दी है क्योंकि उसके अधिकारियों के पास सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के बारे में बाजार की दृष्टि से संवेदनशील जानकारी हो सकती है। एक आंतरिक आदेश में दीपम ने कहा कि विभाग में शामिल होने वाले किसी भी अधिकारी को सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में अपनी हिस्सेदारी घोषित करनी होगी और ऐसे शेयरों को संबंधित अधिकारी द्वारा विभाग से मंजूरी के बाद ही बेचा जा सकता है। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाला दीपम सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में सरकारी हिस्सेदारी का प्रबंधन करता है। इसके अलावा वह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री, रणनीतिक विनिवेश और निजीकरण के लिए भी जिम्मेदार है। एक अधिकारी ने बताया कि दीपम ने एक आंतरिक आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि विभाग के अधिकारी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शेयर नहीं खरीदेंगे या इन्हें साझा नहीं करेंगे। इसके पीछे विचार यह है कि दीपम के अधिकारियों के पास कुछ ऐसी जानकारी हो सकती है, जो कंपनियों के शेयर की कीमतों को प्रभावित कर सकती है। ऐसा नहीं होना चाहिए कि वे उस जानकारी से लाभ उठा सकें। अधिकारी ने कहा कि दीपम केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) शेयरों के मूल्य को अधिकतम करने की दिशा में काम कर रहा है। यह पूरी तरह स्पष्ट है कि मूल्य-संवेदनशील जानकारी का किसी भी तरह से दुरुपयोग नहीं होना चाहिए।सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 और 2022-23 में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के क्रमशः 16,507 करोड़ रुपये और 35,294 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

# खुदरा विक्रेताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक कटौती की गई

## चार से छह रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ सकते हैं सीएनजी के भाव

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने शहरी खुदरा विक्रेताओं को सस्ती घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक कटौती की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है, तो वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी के भाव चार से छह रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ सकते हैं। भारत में अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक के स्थलों से जमीन के नीचे और समुद्र तल के नीचे से निकाली गई प्राकृतिक गैस ऐसा कच्चा माल है जिसे वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में बदला जाता है। सूत्रों ने कहा कि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन की कीमतें सरकार द्वारा नियंत्रित की जाती हैं। इनका उपयोग शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को किया जाता है। इन क्षेत्रों से उत्पादन सालाना पांच प्रतिशत तक घट रहा है। इस वजह से शहरी गैस वितरण कंपनियों को आपूर्ति में कटौती की गई है। घरों में रसोई के लिए आपूर्ति की जाने वाली गैस संरक्षित है। ऐसे में सरकार ने सीएनजी के लिए कच्चे माल की आपूर्ति में कटौती की है। पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस मई, 2023 में सीएनजी की 90 प्रतिशत मांग को पूरा करती थी और इसमें लगातार गिरावट आ रही है। उन्होंने कहा कि 16 अक्टूबर से आपूर्ति में कटौती कर सीएनजी की मांग का सिर्फ 50.75 प्रतिशत कर दिया गया है, जो इससे पिछले महीने 67.74 प्रतिशत था। शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को इस कमी की भरपाई के लिए आयातित और महंगी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे सीएनजी की कीमतों में 4-6 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी होगी। पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस की कीमत 6.50 अमेरिकी डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) है, जबकि आयातित एलएनजी की कीमत 11-12 डॉलर प्रति इकाई है।सूत्रों ने कहा कि फिलहाल खुदरा विक्रेताओं ने सीएनजी की दरें नहीं बढ़ाई हैं क्योंकि वे इसके समाधान के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं।

# पूरी दुनिया में इंटरनेट कवरेज देता है एलन मस्क का स्टार लिंक सैटेलाइट




नई दिल्ली ।

सरकार ने सैटेलाइट इंटरनेट स्पेक्ट्रम आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसें में स्टारलिंक सर्विस का जिक्र दोबारा से शुरू हो गया है। स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट पूरी दुनिया में बेहद पॉपुलर है। यह पूरी दुनिया में इंटरनेट कवरेज देता है। इसके लिए स्टारलिंक को जमीन के भीरत कोई तार नहीं बिछाने होते हैं। न ही स्टारलिंक की ओर से कोई मोबाइल टावर लगाए जाते हैं। यह एक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस है, जिसकी मदद से देश के दूर-दराज के इलाकों तक बिना तार, केबल और मोबाइल टावर के हाई स्पीड इंटरनेट और कॉलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्पेस एक्स कंपनी के तहत काम करती हैं, जिसके ओनर एलन मस्क है। वहीं एलन मस्क जिन्होंने हाल ही में सोशल नेटवर्किंग साइट टिवटर को खरीदा था। स्टारलिंक एक ग्लोबल ब्रॉडबैंड नेटवर्क है, जो लोअर-अर्थ आर्बिट बेस्ड सैटेलाइट सिस्टम पर काम करता है। यह हाई स्पीड इंटरनेट सर्विस पर काम करती है। एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स की स्थापना साल 2002 में हुई थी। स्टारलिंक सर्विस को खराब मौसम को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यह खराब मौसम जैसै बारिश, कोहरे और गर्मी में आराम से काम करती है। जब बादल होते हैं, उस वक्त भी स्टारलिंक सर्विस बिना किसी दिक्कत के काम करती है। स्टारलिंक मौजूदा वक्त में 36 देशों में मौजूद है। इसमें अमेरिका का नाम प्रमुखता से आता है। कंपनी 2025 तक ज्यादा से ज्यादा देशों तक पहुंचना चाहती है। भारत में सैटेलाइट स्पेक्ट्रम आवंटन शुरू हो चुका है। कंपनी जल्द ही भारत में सैटेलाइट सर्विस ऑफर कर सकती है।


# एचडीबी फाइनेंशियल को आईपीओ लाने के लिए मिली मंजूरी

नई दिल्ली ।

आईपीओ बाजार के लिए साल 2024 खासा शानदार साबित हुआ है और एक के बाद एक कई बड़ी कंपनियों ने अपने इश्यू पेश किए हैं। हाल ही में ऑटोमोबाइल कंपनी हुंडई मोटर इंडिया ने एलआईसी का रिकॉर्ड तोड़ते हुए देश का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च किया था, जो 27,000 करोड़ रुपये से ज्यादा आकार का था। अब देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर के बैंक एचडीएफसी की सब्सिडियरी कंपनी एचडीबी फायनेंशियल से विंसेज अपना इश्यू पेश करने के लिए तैयार है और इसकी जानकारी बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में दी है। आईपीओ निवेशकों को जल्द ही निवेश के लिए एक और बड़ा मौका मिलने वाला है।

दरअसल एचडीएफसी बैंक की सब्सिडियरी फर्म के आईपीओ का रास्ता साफ हो गया है। एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एचडीबी फाइनेंशियल को आईपीओ लाने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में शेयर की गई जानकारी के मुताबिक एचडीबी आईपीओ का फुल साइज 12,500 करोड़ रुपये हो सकता है। इसमें 10000 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री ऑफर फॉर सेल के जरिए की जाएगी, जबकि कंपनी 2500 करोड़ रुपये के फ्रेश शेयर जारी करेगी। एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज में 94.64 फीसदी की स्टेकहोल्डिंग एचडीएफसी बैंक के पास में है। शेयर बिक्री के बाद भी ये एचडीएफसी बैंक की सहायक कंपनी बनी रहेगी। हालांकि आईपीओ का आकार और शेयरों की बिक्री अभी मार्केट स्थिति, रेग्युलेटरी अप्रूवल समेत अन्य चीजों पर निर्भर करेगी। इस प्रस्तावित आईपीओ का प्राइस बैंड और अन्य विवरण भी इसी पर निर्भर करेगा। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि इस 12500 करोड़ रुपये के अनुमानित आईपीओ को कंपनी इस साल के अंत तक पेश कर सकती है।

# मेटा के बाद अब नोकिया ने की 2000 कर्मचारियों की छंटनी




मुंबई।

मेटा के बाद अब नोकिया ने भी ग्रेटर चीन क्षेत्र में लगभग 2000 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। यह संख्या कंपनी के कुल वर्कफोर्स का करीब पांचवां हिस्सा है और इसका उद्देश्य लागत में कटौती करना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नोकिया यूरोप में भी 350 कर्मचारियों को निकालने की योजना बना रही है। नोकिया के बीजिंग और शंघाई के साथ-साथ हांगकांग और ताइवान में कई ऑफिस हैं, जो कंपनी के ग्रेटर चीन क्षेत्र का हिस्सा हैं और जहां से यह चाइना मोबाइल जैसे क्लाइंट्स को सेवाएं देती है। नोकिया ने पहले ही घोषणा की थी कि वह 2026 तक 80 करोड़ यूरो से लेकर 1.2 अरब यूरो के बीच बचत करने के लिए 14,000 नौकरियों में कटौती करेगी। यह छंटनी उसी योजना का हिस्सा है। नोकिया के प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि यूरोप में 350 कर्मचारियों की छंटनी को लेकर कंसल्टेशन शुरू हो गया है लेकिन ग्रेटर चीन में हुई छंटनी पर कोई टिप्पणी नहीं की। कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर 2023 तक नोकिया के पास ग्रेटर चीन में 10,400 और यूरोप में 37,400 कर्मचारी थे। जब नोकिया ने पिछले साल नौकरी में कटौती की घोषणा की थी, तो उसके कुल कर्मचारी 86,000 के आसपास थे। कंपनी का लक्ष्य 2026 तक इस संख्या को घटाकर 72,000 से 77,000 के बीच करना है। वर्तमान में नोकिया के पास लगभग 78,500 कर्मचारी हैं। नोकिया के लिए कभी चीन दूसरा सबसे बड़ा बाजार हुआ करता था लेकिन 2019 से पश्चिमी देशों द्वारा हुवावे पर लगाए गए प्रतिबंधों के बाद, नोकिया और एरिक्सन के लिए चीनी टेलिकॉम ऑपरेटर्स की ओर से कॉन्ट्रैक्ट्स में कमी आ गई। 2019 में नोकिया की शुद्ध बिक्री का 27 फीसदी हिस्सा ग्रेटर चीन से आया था लेकिन हाल की तिमाही में यह योगदान 6 फीसदी से भी कम रह गया है।

# चेक कंपनी का अधिग्रहण कर सकता है जिंदल समूह

नई दिल्ली । अपनी वैश्विक उपस्थिति मजबूत करने घरेलू जिंदल समूह चेक कंपनी विटकोवाइस की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए बातचीत कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि समूह अपनी इकाई जिंदल स्टील इंटरनेशनल के जरिये इस वित्त वर्ष के अंत तक यह अधिग्रहण पूरा कर सकता है। यह यूरोप में जिंदल समूह का पहला अधिग्रहण होगा। नवीन जिंदल के स्वामित्व वाले कारोबारी घराने की पहले से ही ऑस्ट्रेलिया, मोजाम्बिक और ओमान जैसे देशों में इस्पात, बिजली और खनन जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। उद्योग सूत्रों ने कहा कि दोनों पक्षों का प्रबंधन इस सौदे के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। सौदे के हिस्से के रूप में जिंदल समूह विटकोवाइस स्टील में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगा। सूत्रों के अनुसार सौदे का आकार लगभग 15 करोड़ यूरो यानी लगभग 1,000 करोड़ रुपये हो सकता है। विटकोवाइस स्टील के अधिग्रहण से जिंदल समूह को यूरोपीय बाजार में पैठ जमाने में मदद मिलेगी। समूह ओमान में अपनी इकाई वल्कन ग्रीन स्टील (वीजीएस) के माध्यम से हाइड्रोजन आधारित स्टील विनिर्माण इकाई भी स्थापित कर रहा है।




# स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटाएगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली । केंद्र सरकार टर्म जीवन बीमा पॉलिसियों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में जीएसटी छूट दे सकती है। राज्य मंत्रिस्तरीय पैनल के अधिकांश सदस्यों ने आम लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए करों में कटौती का समर्थन किया है। जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर पर निर्णय लेने के लिए मंत्री समूह की हाल ही में बैठक हुई। जिसमें जीवन बीमा तथा वरिष्ठ नागरिकों द्वारा स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम को कर मुक्त किया जा सकता है। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए पांच लाख रुपये तक के कवरेज वाले स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया गया। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा लिया जाएगा। फिलहाल पांच लाख रुपये से अधिक के स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लगता रहेगा। इस समय टर्म पॉलिसी और फैमिली फ्लोटर पॉलिसी के लिए भुगतान किए गए जीवन बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लग रही है। बैठक में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि जीओएम के सदस्य बीमा प्रीमियम पर दरों में कटौती के लिए व्यापक रूप से सहमत हैं। अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा लिया जाएगा। जीएसटी परिषद ने पिछले महीने अपनी बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर कर के बारे में निर्णय लेने के लिए 13 सदस्यीय मंत्री समूह गठित करने का निर्णय लिया था। सम्राट चौधरी मंत्री समूह के संयोजक हैं। इसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, मेघालय, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना के मंत्री शामिल हैं।

# करवा चौथ पर 22,000 करोड़ की बिक्री होने का अनुमानः सीएआईटी

नई दिल्ली । भारत में इस बार करवा चौथ 20 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (सीएआईटी) ने कहा कि करवा चौथ के मौके पर दिल्ली एवं देश के बाजारों में लगभग 22 हजार करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 46 प्रतिशत अधिक होगा। पिछले वर्ष यह आंकड़ा लगभग 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक का था। पिछले 2 दिनों से कुछ समय से देश के बाजारों में इस पर्व की खरीदारी को लेकर जोश बना हुआ है। कपड़ों, ज्वैलरी से लेकर श्रृंगार-कॉस्मैटिक का सामान, गिफ्ट आइटम्स, पूजा के आइटम्स की जमकर शॉपिंग की जा रही है। इसके लिए दिल्ली समेत देश भर के बाजारों में खूब भीड़ दिखाई दे रही है। इस त्यौहारों के लिए लोग काफी खरीदारी कर रहे हैं। इस साल बाजारों में पिछले साल के मुकाबले रौनक भी ज्यादा दिखाई दे रही है। अगस्त में जन्माष्टमी के त्यौहार पर 25,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार हुआ। व्यापारियों के सबसे बड़े संगठन के अनुसार विकासशील अर्थव्यवस्था में ज्यादा बिक्री कारोबार मजबूत उपभोक्ता खर्च को दर्शाता है, जो त्यौहारों के दौरान बढ़ जाता है। सीएआईटी को इस वर्ष त्यौहारी सीजन की बढ़ी हुई अवधि के कारण 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक की बिक्री की उम्मीद है। देश में त्यौहारी सीजन 19 अगस्त को रक्षा बंधन के साथ शुरू हुआ और तुलसी विवाह के दिन 15 नवंबर तक चलेगा।





# कंपनियों के नतीजों, वैश्विक रुझान से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**- इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका**


नई दिल्ली ।

इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। एक वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक ने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों पर सभी की नजर रहेगी। इसके अलावा इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है तथा बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) अभी तक भारतीय बाजार के प्रदर्शन में प्रमुख भूमिका निभाते रहे हैं। उनका रुख वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और घरेलू राजनीतिक घटनाक्रम पर निर्भर करेगा। एचडीएफसी बैंक का सितंबर तिमाही का मुनाफा छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 17,825.91 करोड़ रुपये रहा है। एकल आधार पर निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक का लाभ सितंबर तिमाही में बढ़कर 16,820.97 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 15,976.11 करोड़ रुपये था। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि किसी भी प्रमुख संकेतक के अभाव में बाजार भागीदारों की निगाह कंपनियों के तिमाही नतीजों पर रहेगी। सबसे पहले वे एचडीएफसी बैंक और कोटक बैंक जैसे बड़े बैंकों के परिणामों पर प्रतिक्रिया देंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) और अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी कंपनियां भी अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। इसके अलावा सप्ताह के दौरान बजाज हाउसिंग फाइनेंस, अदाणी ग्रीन एनर्जी, बजाज फाइनेंस, वन97 कम्युनिकेशंस, जोमैटो, बजाज फिनसर्व और बैंक ऑफ बड़ौदा के भी तिमाही नतीजे आएंगे। कोटक महिंद्रा बैंक का सितंबर तिमाही का मुनाफा 13 प्रतिशत बढ़ा है। सितंबर



तिमाही में बैंक का मुनाफा 5,044 करोड़ रुपये रहा है। एकल आधार पर तिमाही के दौरान बैंक का लाभ पांच प्रतिशत बढ़कर 3,344 करोड़ रुपये रहा है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता, चीनी अर्थव्यवस्था में सुस्ती और घरेलू बाजारों से लगातार एफआईआई की निकासी के कारण निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। पिछले सप्ताह विदेशी कोषों की भारी निकासी से घरेलू बाजार में गिरावट आई। विश्लेषकों का कहना है कि एफआईआई की बिकवाली और डीआईआई (घरेलू संस्थागत निवेशकों) की खरीद का रुझान निकट भविष्य में बरकरार रहने की संभावना है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली की वजह भारत में ऊंचा मूल्यांकन और चीन के शेयरों का सस्ता मूल्यांकन है।

# डिज्नी प्लस हॉटस्टार में जियोसिनेमा का होगा मर्जर




मुंबई । मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो ने डिज्नी हॉटस्टार को खरीद लिया है। इसके बाद कंपनी डिज्नी प्लस हॉटस्टार में जियोसिनेमा का मर्जर हो जाएगा। डिज्नी प्लस हॉटस्टार के साथ जियोसिनेमा का मर्जर होने के बाद यह भारत के सबसे बड़ा ओटीटी प्लेटफॉर्म बन सकता है, क्योंकि दोनों ओटोटी ऐप के पास बड़ा यूजरबेस मौजूद है। इस मर्जर के बाद जियो के पास जियो के पास कुल 100 चैनल्ल हो सकते हैं। रिलायंस जियो दो अलग-अलग ओटीपी ऐप्स नहीं चलाना चाहती हैं क्योंकि अलग-अलग ओटीटी ऐप के लिए अलग रिचार्ज पैक की जरूरत होती है। दोनों दोनों ऐप का अलग से प्रमोशन करना होगा। इससे ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे। स्टार इंडिया और वियाकॉम 18 का मर्जर हो गया है। इसके बाद डिज्नी हॉटस्टार सिंगल स्ट्रीमिंग ऐप रह जाएगा। एक रिपोर्ट की मानें, तो जियो को डिज्नी हॉटस्टार की टेक्नोलॉजी ज्यादा पसंद है। यही वजह है कि जियो अपने पॉपुलर ओटीटी ऐप्स जियोसिनेमा को डिज्नी प्लस हॉटस्टार के साथ जोड़ना चाहती है। डिज्नी हॉटस्टार के करीब 50 करोड़ ज्यादा यूजर्स हैं, जबकि जियो सिनेमा के पास 10 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं। इन दोनों कंपनियों के मर्जर के साथ डिज्नी प्लस हॉटस्टार देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन जाएगी। यह डील करीब 8.5 अरब डॉलर में हुई है। जियो सिनेमा के मंथली औसत यूजर 22.5 करोड़ हैं। वहीं डिज्नी हॉटस्टार के मंथली एक्टिव यूजर्स की संख्या 33.3 करोड़ है।

# बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट रही

नई दिल्ली ।

बीते सप्ताह खरीफ तिलहन फसलों की आवक बढ़ने के दौरान देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में सभी तेल-तिलहनों के भाव में गिरावट देखने को मिली। इस दौरान सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के भाव नुकसान के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि खाद्य तेल-तिलहन कारोबार के समीक्षकों की यह आशंका निर्मूल साबित हुई है कि आयात शुल्क बढ़ाने के बाद खाद्य तेलों की महंगाई बढ़ जायेगी। इसके विपरीत आयात शुल्क बढ़ाये जाने के बाद मूंगफली जैसे महंगे खाद्य तेल के थोक दाम भी गुजरात और राजस्थान में टूटे हैं। गुजरात में शुल्क वृद्धि से पहले मूंगफली तेल का थोक भाव 148 रुपये लीटर बैठता था जो शुल्क वृद्धि के बाद घटकर 135 रुपये लीटर रह गया है। इसी प्रकार राजस्थान में जिस मूंगफली तेल का थोक दाम पहले 130 रुपये लीटर था वह अब घटकर 118 रुपये लीटर रह गया है। आवक बढ़ने और महंगा होने के कारण लिवाली कमजोर होने के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन में गिरावट रही।

बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 250 रुपये की गिरावट के साथ 6,400-6,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 875 रुपये की जोरदार गिरावट के साथ 13,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 65-65 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,115-2,215 रुपये और 2,115-2,230 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव 75-75 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,650-4,695 रुपये और 4,350-4,585 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 250 रुपये, 150 रुपये और 100 रुपये घटकर क्रमशः 13,100 रुपये, 12,650 रुपये और 9,600 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। आवक बढ़ने के बीच महंगे मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में भी पिछले सप्ताहांत के मुकाबले हानि का रुख रहा। मूंगफली तिलहन 75 रुपये की हानि के साथ 6,300-6,575 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 300 रुपये की गिरावट के साथ 14,800 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 35 रुपये की गिरावट के साथ 2,250-2,550 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 200 रुपये की गिरावट के साथ 11,950 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 450 रुपये की गिरावट के साथ 13,325 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 300 रुपये की हानि के साथ 12,275 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# यूको बैंक का मुनाफा 50 फीसदी बढ़कर 603 करोड़ हुआ

नई दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का मुनाफा जुलाई-सितंबर तिमाही में 50 प्रतिशत बढ़कर 603 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 402 करोड़ रुपये था। ब्याज आय में बढ़ोतरी के कारण यह मुनाफा देखने को मिला है। यूको बैंक ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि उसकी कुल आमदनी 7,071 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,866 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय भी बढ़कर 6,078 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 5,219 करोड़ रुपये थी। बैंक की शुद्ध ब्याज आय में भी 20 प्रतिशत का इजाफा हुआ, जो बढ़कर 2,301 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह आंकड़ा 1,917 करोड़ रुपये था। इसके साथ ही, बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन भी सुधारकर 3.10 प्रतिशत पर पहुंच गया, जो बीते वर्ष की दूसरी तिमाही में 2.84 प्रतिशत था।

# मां दुर्गा, राम दरबार, राधा-कृष्ण की मूर्ति तोड़ी

## लाठी-डंडा लेकर भीड़ ने थाना घेरा, 3 घंटे जाम रही सड़क; एक आरोपी गिरफ्तार








भागलपुर । सन्हौला शिव शक्ति मंदिर में तोड़फोड़ के बाद जमकर हंगामा हुआ। असामाजिक तत्वों ने मंदिर में राम-लक्ष्मण, माता सीता, राधा- कृष्णा और मां दुर्गा की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके बाद लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। लोगों ने थाना परिसर में घुसकर जमकर हंगामा किया। लाठी-डंडे के साथ लोग सड़क पर उतर आए। सन्हौला से झारखंड को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग को थाना के पास जाम कर दिया। घटना सन्हौला थाना क्षेत्र के तालाब स्थित दुर्गा मंदिर की है। स्थानीय लोग दोषी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। इधर लोगों की भीड़ को देखते हुए मौके पर भारी फोर्स तैनात की गई। पुलिस-प्रशासन के समझाने पर करीब 3 घंटे बाद लोगों ने प्रदर्शन खत्म कर दिया है। प्रतिमा क्षतिग्रस्त की सूचना पर इलाके के सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। आक्रोशित लोगों का मांग है कि इस घटना में शामिल सभी अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए। अपराधियों की जब तक गिरफ्तारी नहीं होती है तब तक हम लोग प्रदर्शन करते रहेंगे। आक्रोशित लोग लाठी-डंडे लेकर सड़क पर उतर रहे हैं। भारी संख्या में पुलिस बल, स्पेशल फोर्स और कई थानेदार मौके पर पहुंच गए हैं। लोगों को समझाने की कोशिश कर रहे। पुलिस ने बताया इस मामले में मूर्ति खंडित करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की जा रही है। इलाके में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। पुलिस-प्रशासन के समझाने के बाद लोगों ने जाम खत्म कर दिया है। जिसकी गिरफ्तारी हुई है, वह विक्षिप्त युवक है। जिसे पुलिस अपने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। गिरफ्तारी के बाद भी लोग प्रदर्शन कर रहे थे क्योंकि लोगों का कहना था कि एक आदमी ऐसा नहीं कर सकता है। लोगों का आरोप है कि 10 लाख से अधिक के जेवरात की चोरी हुई है। फिलहाल मामले को सुलझा लिया गया है। रविवार की सुबह करीब 7 बजे पुजारी मंदिर पहुंचे थे तो देखा कि 6 मूर्तियां टूटी हुई थी। पुजारी ने ग्रामीणों को सूचना दी। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे और थाना गेट के सामने विरोध जताना शुरू कर दिया, तीन घंटे तक सड़क जाम किया। जिसके बाद पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले एक विक्षिप्त को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा कि 10 लाख के जेवर चोरी हुए हैं, पर पुलिस पुष्टि नहीं कर रही। पुजारी ने बताया कि एक व्यक्ति मंदिर में घुसा था। प्रशासन

## कर्ज लेने वालों पर बैंक ने चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई




**पटना।** एचडीएफसी बैंक की ओर से जब्त किए गए कुछ सामानों की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। यह संपत्ति बाढ़ के एक व्यक्ति को दिए गए ऋण के पैसे चुकता नहीं होने के बाद जब्त की गई थी। इस मामले में एचडीएफसी बैंक के अधिकारी ने थाने में केस दर्ज कराया है। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि एचडीएफसी बैंक ने मेसर्स जय मां दुर्गा इन्स्ट्रीज को ऋण दिया था। इसके प्रोपाइटर अरविन्द कुमार हैं। इसमें कई लोग बंधक कर्ता व गारंटर हैं। ऋण की राशि नहीं चुकाने के कारण उपरोक्त नामित ऋणी का ऋण खाता एनपीए हो गया तथा ऋण की वसूली के लिए बैंक ने ऋणी पर कार्रवाई की। बैंक के आवेदन पर जिला समाहर्त्ता सह दण्डाधिकारी, पटना ने दिनांक 17 जनवरी 2023 को दण्डाधिकारी एवं पुलिस की प्रतिनियुक्ति संबंधी आदेश पारित किया। इस आदेश के आलोक में दिनांक 15 जून 2023 को पुलिस एवं दण्डाधिकारी के समक्ष बंधक सम्पति,बाजितपुर थाना बाढ़ जिला पटना पर भौतिक दखल कब्जा लिया गया। भौतिक दखल कब्जा के समय सभी चल सम्पतियों की सूची बनाई गई थी तथा इसी परिसर में इसे पुलिस एवं दण्डाधिकारी के समक्ष सील बंद कर दिया था। बैंक अधिकारी का कहना है कि 17 अक्टूबर 2024 को अपराह्न करीब 4 बजे वहां के स्थानीय लोगों की ओर से बैंक कर्मी को सूचना दिया गया कि उक्त परिसर का पिछला दरवाजा तोड़कर सामान की चोरी हो रही है।

# आरसीपी का भाजपा से मोहभंग


## जदयू के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रहे आरसीपी सिंह भाजपा में गए थे, पर वहां तवज्जो नहीं मिली



पटना। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह का भाजपा से मन भर गया है। अब वे नई पार्टी बनाएंगे। बोले- ह्ननई पार्टी, प्रदेश और समाज के लिए बहुत जरूरी है। वे शनिवार को मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने कहा- ह्नराजनीतिक कार्यकर्ता बेहद निराश हैं। यह प्रदेश और समाज के लिए खतरनाक स्थिति है। प्रदेश और समाज की चौतरफा बेहतरी के लिए राजनीतिक कार्यकताओं में उत्साह की बहुत जरूरत है। मैंने पिछले 4 महीनों में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। कार्यकर्ता, शुभचिंतकों से लेकर आम लोगों से बात की। सबका यही कहना रहा कि राजनीतिक तौर पर कुछ नया होना चाहिए। नई पार्टी बननी चाहिए, जो सार्थक विकल्प हो। सो, हमने नई पार्टी बनाने की बात तय की है।ह्व उनके अनुसार, मैंने 6 अगस्त 2022 को जदयू छोड़ा। तब से बड़ी संख्या में नेता-कार्यकर्ता हमारे साथ हैं। मैंने इन सबका भी फीडबैक लिया। इन्होंने भी नई पार्टी बनाने की बात कही। आरसीपी सिंह जदयू में नेक्स्ट टू की हैसियत में रहे। जब नीतीश कुमार केंद्र में मंत्री थे, तब से आरसीपी उनके साथ रहे। नीतीश के मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उनके साथ रहे। पार्टी संगठन से जुड़े। राज्यसभा भेजे गए। पार्टी के कोटे से केंद्र में मंत्री बने। हालांकि, उनका मंत्री बनना बहुत विवादास्पद रहा। खुद जदयू के बड़े नेताओं ने कहा कि वे अपने मन से मंत्री बन गए, जबकि पार्टी ने उनको केंद्रीय मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी के लिए भाजपा नेतृत्व से बात करने को कहा था। मगर वे खुद ही मंत्री बन गए। इसके बारे में जदयू नेतृत्व से सहमति नहीं ली। आरसीपी पर भाजपा के साथ मिलकर जदयू को तोड़ने का आरोप लगा। राजीव रंजन सिंह ह्नललनह्व आदि नेताओं ने उन्हें ह्नभाजपाई एजेंटह्व कहा। यहां तक की नीतीश कुमार ने भी काफी कुछ कहा। आरसीपी ने इन तमाम बातों को कई मौकों पर खारिज किया। कहा- ह्ननीतीश कुमार को घेरे हुए कॉकस ने मुझे साजिशन उनसे दूर कर दिया।ह्व बहरहाल, आरसीपी जदयू छोड़कर भाजपा में आ गए। तब जदयू, राजद के साथ मिलकर सरकार चला रहा था। कुछ दिन बाद जदयू खुद भाजपा के साथ हो गया। यह स्थिति आरसीपी के लिए बहुत परेशान करने वाली रही। जदयू के साथ होते ही भाजपा ने उनको ठंडा कर दिया। यानी कोई जिम्मेदारी या तवज्जो नहीं मिली। लोकसभा चुनाव के दौरान तो आरसीपी बिहार में दिखे भी नहीं। हां, इन सबके बाद पहली बार उनकी तरफदारी के पोस्टर-बैनर राजधानी में जरूर दिखे।

## संक्षिप्त डायरी

### पटना के 31 पीएमश्री दर्जा प्राप्त स्कूलों में लगेंगे कैमरे, यूनिफॉर्म में ही आना होगा



**पटना।** जिले के पीएमश्री से दर्जा प्राप्त 31 स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों और यहां की हर गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। यह कैमरा वर्ग कक्ष से लेकर पूरे कैंपस में लगाया जाएगा। जिला शिक्षा कार्यालय के अनुसार जिले के 31 स्कूलों पीएमश्री दर्जा के लिए चयन किया गया है। ऐसे सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों को प्रतिदिन यूनिफार्म में आने के लिए कहा गया है। प्राथमिक स्तर के स्कूल में कुछ बच्चे यूनिफार्म में नहीं आते हैं तो उन पर दबाव नहीं दिया जाता है। लेकिन पीएमश्री की श्रेणी में आने वाले स्कूल में विद्यार्थियों को यूनिफार्म में आना अनिवार्य है। यदि यूनिफार्म में नहीं आते तो उनको स्कूल में प्रवेश नहीं मिलेगा। बच्चे अनुशासन में दिखें, इसपर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जिले के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से स्कूलों में बन रहे रैन हार्वेस्टिंग की सूची मांगी है। जिले के कुछ स्कूलों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण किया गया है। इसमें पीएमश्री दर्जा के लिए चयनित स्कूल भी शामिल है। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा है कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं सहायक अभियंता यह बताएंगे कि इस कार्य से विद्यालयों को लाभ हो रहा या नहीं। विद्यालय का नाम, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कब बनकर तैयार हुआ, कार्य कर रहा है या नहीं और प्रखंड एवं स्कूल के नाम के साथ भेजने के लिए निर्देशित किया है। माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एवं पीएमश्री की श्रेणी में आने वाले प्रत्येक स्कूलों में कक्षा नौ से 12 वीं तक की पाठ्य पुस्तक की एक-एक सेट लाइब्रेरी में रखा जाएगा। जिला शिक्षा शिक्षा कार्यालय ने जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से लाइब्रेरी में पाठ्य पुस्तक रखने के लिए सूची मांगी है। इसके अलावा लाइब्रेरी में प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित पत्रिका, हिंदी एवं अंग्रेजी के एक अखबार भी रखना अनिवार्य है।

### डेंगू और चिकनगुनिया के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया



**पटना।** शहरी क्षेत्र में डेंगू एवं चिकनगुनिया का प्रकोप बना हुआ है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क है। इससे निपटने के लिए अलर्ट मोड में काम किया जा रहा है। इसी क्रम में पटना के सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को डेंगू व चिकनगुनिया के खतरे के बारे में जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें बचाव की जानकारी दे रहे हैं। वनिता विहार बालक मध्य विद्यालय, राजेंद्रनगर में छात्रों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रविशंकर सिंह ने कहा कि डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचने के लिए घर में साफ-सफाई पर ध्यान रखें, कूलर और गमले का पानी रोज बदलें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छर भगाने वाली क्रीम का इस्तेमाल दिन में करें, स्कूल में पूरी आस्तीन के कपड़े पहन कर आएं, आस-पास गंदगी जमा नहीं होने दें एवं अपने दोस्तों को भी डेंगू से बचने के उपाय बताएं। वहीं, बेली रोड स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 में बच्चों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि यदि डेंगू एवं चिकनगुनिया के मरीज को नाक एवं जबड़े से खून आने लगे अथवा काला रंग का शौच हो तो अविलंब डॉक्टर को दिखाएं। यह गंभीर स्थिति का सूचक है। स्कूल के बच्चों को संबोधित करते हुए जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने कहा कि डेंगू के लक्षण सात दिन में स्पष्ट होने लगते हैं। दर्द, उल्टी, बुखार, आंखों के पीछे दर्द होना इसके विशेष लक्षण हैं। दर्द से बुखार आ जाता है, जिसे हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैं। एक व्यक्ति के बुखार से संक्रमित होने पर इसका खतरा अन्य लोगों को भी होता है। घर के आसपास सफाई रखें। जलजमाव नहीं होने दें। मच्छर के पनपने का कोई रास्ता नहीं छोड़ें। इससे डेंगू समेत मच्छर जनित अन्य बीमारियों से भी बचाव होगा।

# लोग बोले: मैडम के कहने पर ड्राइवर ने गाड़ी चढ़ाई

## सारण में उत्पाद विभाग की गाड़ी ने दो शराब तस्करों को कुचला, एक की मौत






**सारण ।** उत्पाद विभाग की गाड़ी ने दो शराब तस्करों को कुचल दिया। इस घटना में एक शराब तस्कर की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे की हालत गंभीर है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सोनपुर के दुधैला बाईपास चौक के पास भिनक टोला की है। हादसे के बाद मौके से उत्पाद विभाग के पुलिस अधिकारी स्कॉर्पियो को गड्ढे में छोड़कर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक स्कॉर्पियो से उत्पाद विभाग की टीम बाइक सवार शराब तस्करों का पीछा कर रही थी। गाड़ी में बैठी महिला पुलिस कर्मी ने स्पीड बढ़ाने को कहा और चालक ने गाड़ी तेज कर दी। इसके बाद बाइक सवार तस्कर उत्पाद विभाग की गाड़ी की चपेट में आ गए। स्थानीय निवासी रंजन कुमार का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस वालों ने गाड़ी बैक कर लाश पर चढ़ाई। वहीं, घटना के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क गया और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बाद सोनपुर थाना के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों को समझाकर मामले को शांत कराया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान बाबुरबानी गांव निवासी सुरेश राय के बेटे सुजीत कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार वाले घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय इंद्रजीत राय ने बताया कि सुजीत समेत 2 लोग बाइक से घास लेने जा रहे थे। इतने में एक्साइज की गाड़ी ने उनको कुचल दिया। प्रशासन की गाड़ी स्पीड में थी। उसमें एक मैडम बैठी थीं। बाढ़ आने से सब दह गया है इसलिए ये लोग घास लेकर आ रहे थे। सुजीत शादीशुदा था, उसके परिवार का क्या होगा। हम लोग दोषी पुलिसवालों के खिलाफ सजा देने की मांग करते हैं। सारण एसपी डॉ कुमार आशीष ने बताया कि मृतक शराब डिलिवरी एजेंट था। उसे पकड़ने के लिए उत्पाद विभाग के अधिकारी स्कॉर्पियो से पीछा कर रहे थे। तभी स्कॉर्पियो के चपेट में आ गए, जिसमें से युवक की मौत हुई है। वहीं, सोनपुर थाना अध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को दे दिया गया है।

# 8053 पंचायतों के मुखिया की कलमबंद हड़ताल जारी




**पटना।** राज्य की 8053 पंचायतों के मुखिया मनरेगा योजना में व्यापक सुधार को लेकर 15 अक्टूबर से कलम बंद हड़ताल पर हैं। राज्य से मजदूरों का पलायन रोकने के लिए 100 की जगह 200 दिन काम मिलने, मजदूरी दर 245 से बढ़ाकर 350 रुपए करने और 5 लाख की जगह 20 लाख की योजना की मंजूरी मिलने की मुख्य मांगों को लेकर हड़ताल की गई है। बिहार मुखिया महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि 15 अक्टूबर से राज्य की किसी भी पंचायत में मजदूरों द्वारा मुखिया और कार्यक्रम पदाधिकारी से रोजगार हेतु आवेदन नहीं किया गया है। पर प्रखंड स्तर के अधिकारी आंकड़ों की जादूगरी दिखाकर कलमबंद हड़ताल को विफल करने में लगे हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि किसी भी पंचायत में मजदूर काम नहीं कर रहे, बावजूद प्रखंड स्तरीय अधिकारी काम दिखा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मनरेगा में व्यापक सुधार हेतु आवश्यक कदम नहीं उठाया गया तो मुखिया अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। यह भी कहा कि समय रहते मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी और प्रखंड स्तरीय मनरेगा से जुड़े अभियंता सचेत नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध पोल खोल अभियान चलाया जाएगा।

# छठ तक 10-10 अतिरिक्त सफाईकर्मी वार्डों को मिलेंगे




**पटना।** शहर में त्योहारी रौनक को बढ़ाने के लिए पटना नगर निगम की ओर से कई स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। खासकर वार्डों और कॉलोनियों को साफ-सुथरा रखने के लिए विशेष पहल की गई है। निगम प्रशासन ने निर्णय लिया है कि छठ महापर्व तक शहर के सभी 75 वार्डों में बेहतर साफ-सफाई के लिए 10-10 अतिरिक्त सफाई कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही मोहल्ले में कचरा उठाने वाले वाहनों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। ऐसे में कचरा उठाव करने वाले वाहन दिनभर में दो बार वार्डों में चक्कर लगाएंगे। इसके अलावा शहर के सभी छह अंचलों में एक-एक पिंक टॉयलेट की सुविधा शुरू होगी। फिलहाल दो पिंक टॉयलेट का निर्माण कर लिया गया है। नगर निगम ने दावा किया है कि दीपावली से पहले शहर के चौक-चौराहों पर 20 नई हाईमास्ट लाइट लगाई जाएंगी। इसके लिए टेंडर फाइनल करते हुए एजेंसी को वर्क ऑडर जारी हो गया है। इसके अलावा 10 स्वीपिंग मशीन के संचालन और रखरखाव के लिए पुरानी एजेंसी के समय को बढ़ा दिया गया है। अब नया टेंडर होने तक उसी एजेंसी से काम कराया जाएगा।

# जिसकी हत्या में पति-ससुर को 3 साल जेल, वो लौट आई

## ससुर को मेले में दिखी तो पुलिस बुलाई, बोली- पिता की मुझपर गंदी नीयत थी





भोजपुर । विवाहिता की हत्या के आरोप में पति, ससुर और भसुर को तीन साल तक जेल में रहना पड़ा। लेकिन, इस मामले में तब ट्वीस्ट आया, जब मृतक विवाहिता 4 साल बाद लोगों के सामने जिंदा आ गई। महिला के ससुर ने उसे 8 अक्टूबर को एक मेले में देखा और फिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला से पूछताछ शुरू की तो यह पता चला कि 4 साल पहले वो अपने पिता की गंदी हरकतों से तंग आकर मायके से भाग गई थी और उसने दूसरी शादी कर ली। महिला ने पुलिस को यह भी बताया कि हमारी हत्या के आरोप में पति-ससुर को जेल जाना पड़ा है। इस मामले की शुरूआत अक्टूबर 2020 से हुई। पुलिस को महिला ने बताया कि मां की मौत के बाद मैं मायके जनकपुरिया रहती थी। मेरे पिता कहते थे कि तुम्हारा पति साथ में नहीं रहता है। इसलिए तुम मेरे साथ रहो। तुम मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाओ। मैं कैसे उनके साथ गलत काम करती। जिसने पैदा किया, वही ऐसा काम करने की कोशिश करता था। पिता से तंग आ गई थी। एक दिन सुसाइड करने के लिए आरा रेलवे स्टेशन पहुंची। मैं चलती ट्रेन के आगे कूदने की तैयारी में थी। तभी एक युवक अजय ने मेरा हाथ पकड़ लिया और मुझे बचा लिया। मैंने उसे अपनी पूरी कहानी बताई। इसके बाद वो मुझे अपने घर मीरगंज ले गया। वहां दो दिनों बाद हमने शादी कर ली। इधर, पीड़ित पति ने बताया कि 'मेरी शादी 3 मई 2015 को हुई थी। शादी के एक साल बाद बेटा हुआ, लेकिन पत्नी की लापरवाही से उसकी अस्पताल में मौत हो गई। 2016 में सास तेतरा देवी की मौत के बाद मेरे पूरे परिवार ने पैसा इकट्ठा कर श्राद्ध कर्म कराया था। मेरी पत्नी का कोई भाई नहीं है। वो मायके अपने पिता के पास चली गई। ससुर मेरी पत्नी को मारते-पीटते थे। ससुर ने पत्नी को डरा धमका कर मेरे परिवार के खिलाफ महिला थाने में दहेज प्रताड़ना का केस करवा दिया। रिश्तेदार भी जान से मारने की धमकी देते थे। पीड़ित पति ने बताया कि एक दिन पत्नी मायके से भाग गई और फिर वो काफी दिनों तक मिली नहीं।' महिला के पति ने बताया कि '29 अक्टूबर 2020 को सहार थाना क्षेत्र के खड़ाव गांव के सोन नदी से एक अज्ञात महिला का शव मिला था। मेरे ससुर ने उस महिला की डेड बॉडी की पहचान अपनी बेटी के रूप में की थी। इसके बाद मेरे, मेरे बड़े भाई और पिता पर हत्या का आरोप लगा दिया। पुलिस ने हम लोगों को घर से पुल के पास बुलाया। इसके बाद हम दोनों भाइयों की बेहरमी से पिटाई की। हम कहते रहे कि यह मेरी पत्नी की लाश नहीं है, लेकिन किसी ने मेरी बात नहीं मानी। बिना जुर्म किए हमें करीब तीन साल तक जेल में रहना पड़ा। मेरा ससुर थाने पर झूठे आंसू दिखाकर पुलिस से कह रहा था कि मेरी बेटी को इन लोगों ने मारा है। तीन साल तक मेरी मां और बड़े भाई के छोटे-छोटे बच्चे दरबदर भटक रहे थे।' लड़के की मां ने बताया कि 'मेरे छोटे बेटे ने पुलिस के डर से पढ़ाई छोड़ दी थी। उस वक्त घर के कमाने वाले लोग जेल चले गए थे। सिर्फ महिला थी। दूसरे के घर जाकर काम करती थी और परिवार का पालन-पोषण करती थी। मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य किसी ने मदद नहीं की। खाने का एक दाना भी नहीं मिलता था। किसी तरह अपनी हिम्मत को बरकरार रखा और पूरे परिवार को एक साथ लेकर चली।'



# कार्तिक मास में क्या करना चाहिए और क्या करने से बचना चाहिए

कार्तिक मास चल रहा है। इस माह में विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा के साथ ही यम, धन्वंतरि, गोवर्धन, श्रीकृष्ण, चित्रगुप्त आदि की पूजा का महत्व होता है। इस माह में एक साथ समस्त देवी-देवताओं को प्रसन्न किया जा सकता है। आओ जानते हैं कि इस माह में क्या करना चाहिए और क्या नहीं जानते हैं।

**पीपल पूजा :** पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी का पीपल के वृक्ष पर निवास रहता है। पूर्णिमा के दिन जो भी जातक मीठे जल में दूध मिलाकर पीपल के पेड़ पर चढ़ाता है उस पर मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है।

**चावल का दान :** कार्तिक मास में गरीबों को चावल दान करने से चन्द्र ग्रह शुभ फल देता है।

**शिवलिंग पूजा :** इसी तरह इस माह शिवलिंग पर कच्चा दूध, शहद व गंगाजल मिला कर चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं।

**द्वार श्रृंगार और पूजा :** कार्तिक मास के प्रमुख पर्वों पर घर के मुख्यद्वार पर आम के पत्तों का तोरण बांधें।

**उपहार :** इस माह पत्नी या किसी नन्ही बच्ची को उपहार दें।

**रंगोली :** कार्तिक मास में माह भर द्वार पर रंगोली जरूर बनाएं। इससे विशेष समृद्धि के योग बनते हैं। नवग्रह प्रसन्न होते हैं।

## ये कार्य न करें

- शादीशुदा व्यक्ति कार्तिक मास में शारीरिक संबंध न बनाएं वरना चन्द्रमा के दुष्प्रभाव आपको व्यथित करेंगे।
- इस माह में मांसाहार, शराब और मछली आदि तामसिक भोजन नहीं करना चाहिए।
- इस माह में बैंगन, दही, करेला और जीरा नही खाना चाहिए। मूली खाना फायदेमंद होगा।
- दलहन (दालों) खाना निषेध- कार्तिक महीने में द्विदलन अर्थात उड़द, मूंग, मसूर, चना, मटर, राई आदि नहीं खाना चाहिए।



# घर लाएं मिट्टी की ये खास वस्तुएं

**चमक जाएगी किस्मत, घर लाएं मिट्टी ना सिर्फ मन को सुवासित करती है बल्कि इसके बर्तन, खिलौने और सामग्री अगर घर में लाकर रखी जाए तो जिंदगी भी महक सकती है। मिट्टी से बनी चीजें सुख, सौभाग्य और समृद्धि की कारक होती हैं। मिट्टी का उपयोग हमारे जीवन को भाग्यशाली बना सकता है।**

- हर व्यक्ति को मिट्टी या भूमि तत्व के पास ही रहना चाहिए।
- वास्तुशास्त्र के अंतर्गत भी मिट्टी को महत्वपूर्ण कहा गया है। मिट्टी के घड़े से पानी पीना या घर में मिट्टी के बर्तन रखना अत्यंत लाभदायक माना गया है।
- ऐसा करने से आसपास सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बना रहता है। लेकिन ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मिट्टी के कुछ बर्तन ऐसे हैं जो हर घर में होने ही चाहिए। जो लोग चाहते हैं कि उनके जीवन में सुख-समृद्धि और सफलता हमेशा बरकरार रहे उन लोगों को कुछ विशेष प्रकार के मिट्टी के बर्तन अपने घर में रखने चाहिए।
- मिट्टी के इन उपयोगी बर्तनों में सबसे पहला नाम है घड़े का।
- बहुत से परिवारों में घड़े का पानी पिया जाता है, घड़े का पानी पीने से बुध और चंद्रमा का प्रभाव शुभ होता है।
- यहां तक कि विज्ञान भी यह मानता है कि घड़े का पानी सेहत के लिए अत्यंत लाभकारी होता है।
- अगर आपके घर में घड़ा हैं तो इसे अपने घर की उत्तर-पूर्वी दिशा में ही रखें। यह आपके घर और आसपास के वातावरण की सभी नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करता है।
- परिवार में सुख और समृद्धि के मार्ग भी खुल जाते हैं।
- घर में कोई व्यक्ति तनाव ग्रस्त हैं या मानसिक रूप से परेशान है तो आप उन्हें माटी के घड़े से किसी भी पौधे को पानी देने के लिए कहें।
- लस्सी और चाय कुल्हड़ में पीने का मजा ही कुछ और है, लेकिन मिट्टी से बने ये गिलास मंगल ग्रह के दुष्प्रभाव से भी मुक्ति दिलवाते हैं।
- इसलिए जो लोग मंगल के कोप से प्रभावित है, उन्हें कोई भी पेय पदार्थ कुल्हड़ में ही पीने चाहिए।
- हर शनिवार के दिन किसी कुल्हड़ में पानी भरकर पीपल के पेड़ के नीचे रखने से करियर में लाभ मिलेगा।
- कुल्हड़ में पानी भरकर अपनी छत पर भी प्यासे पक्षियों के लिए रख सकते हैं, इससे अगर आप नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो आपकी तलाश जल्द पूरी होगी।
- मिट्टी से बनी भगवान की मूर्ति को घर में रखने से भी आपकी धन संबंधी परेशानियां तो दूर होती ही हैं, साथ ही धन की स्थिरता भी बनी रहती है।
- जो लोग धन संबंधी परेशानियां झेल रहे हैं उन्हें हर शनिवार मिट्टी का दीया पीपल के पेड़ के नीचे जलाना चाहिए।
- अगर किसी व्यक्ति के दांपत्य जीवन में परेशानियां चल रही हैं तो उसे नियमित तौर पर तुलसी के पौधे पर मिट्टी का दीया जलाना चाहिए।
- नि:संतान स्त्री या पुरुष को चार मुंह वाले दीये में चार लौ लगाकर श्रीकृष्ण की मूर्ति के आगे प्रज्वलित करना चाहिए।
- मिट्टी से बनी विभिन्न वस्तुओं या खिलौनों का ड्राइंग रूम में प्रयोग करने से धन की आवक बढ़ती है।




# इन पुष्पों से करें श्री हरि का पूजन

कार्तिक मास चल रहा है। इस माह की समाप्ति कार्तिक पूर्णिमा के दिन यानी को होगी। इस महीने में विशेष तौर पर भगवान श्री विष्णु का पूजन करने की मान्यता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार कार्तिक माह भगवान श्रीहरि का महीना माना गया है। मान्यतानुसार जो भक्त कार्तिक मासपर्यंत निम्न पुष्पों से भगवान श्री हरि विष्णु का पूजन करते हैं, उनके जन्म-जन्मांतर के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इतना ही नहीं देवउठनी एकादशी या हरि प्रबोधिनी एकादशी के दिन तो अवश्य ही इन पुष्पों से श्री नारायण का पूजन करना चाहिए। इन पुष्पों के साथ ही तुलसी दल से पूरे कार्तिक मास में विष्णु पूजन करने से मनुष्य को सभी तरह के सुख और चारों दिशाओं से समृद्धि की प्राप्ति होती है।

जानिए किन पुष्पों से करें विष्णु पूजन

- कार्तिक मास में जो मनुष्य तुलसी से भगवान का पूजन करते हैं, उनके 10,000 जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं।
- जो मनुष्य बकुल और अशोक के फूलों से भगवान विष्णु का पूजन करते हैं, वे सूर्य-चंद्रमा रहने तक किसी प्रकार का शोक नहीं पाते।
- जो मनुष्य अगस्त्य के पुष्प से भगवान विष्णु का पूजन करते हैं, उनके आगे इंद्र भी हाथ जोड़ता है। तपस्या करके संतुष्ट होने पर हरि भगवान जो नहीं करते, वह अगस्त्य के पुष्पों से भगवान को अलंकृत करते हैं।
- कार्तिक मास में तुलसी दर्शन करने, स्पर्श करने, कथा कहने, नमस्कार करने, स्तुति करने, तुलसी रोपण, जल से सींचने और प्रतिदिन पूजन-सेवा आदि करने से हजार करोड़ युगपर्यंत विष्णुलोक में निवास करते हैं।
- जो मनुष्य तुलसी का पौधा लगाते हैं, उनके कुटुम्ब से उत्पन्न होने वाले प्रलयकाल तक विष्णुलोक में निवास करते हैं।
- जो मनुष्य कार्तिक मास में तुलसी का रोपण करता है और रोपी गई तुलसी जितनी जड़ों का विस्तार करती है उतने ही हजार युगपर्यंत तुलसी रोपण करने वाले सुकृत का विस्तार होता है।
- जिस किसी मनुष्य द्वारा रोपी गई तुलसी से जितनी शाखा, प्रशाखा, बीज और फल पृथ्वी में बढ़ते हैं, उसके उतने ही कुल जो बीत गए हैं और होंगे, वे 2,000 कल्प तक विष्णुलोक में निवास करते हैं।
- जो मनुष्य कदम्ब के पुष्पों से श्रीहरि का पूजन करते हैं, वे कभी भी यमराज को नहीं देखते।
- जो भक्त गुलाब के पुष्पों से भगवान विष्णु का पूजन करते हैं, उन्हें मुक्ति मिलती है।
- जो मनुष्य सफेद या लाल कनेर के फूलों से भगवान का पूजन करते हैं, उन पर भगवान अत्यंत प्रसन्न होते हैं।
- जो मनुष्य भगवान विष्णु पर आम की मंजरी चढ़ाते हैं, वे करोड़ों गायों के दान का फल पाते हैं।
- जो मनुष्य दूब के अंकुरों से भगवान की पूजा करते हैं, वे 100 गुना पूजा का फल ग्रहण करते हैं।
- जो मनुष्य विष्णु भगवान को चंपा के फूलों से पूजते हैं, वे फिर संसार में नहीं आते।
- पीले रक्त वर्ण के कमल पुष्पों से भगवान का पूजन करने वाले को श्वेत द्वीप में स्थान मिलता है।
- जो भक्त विष्णुजी को केतकी के पुष्प चढ़ाते हैं, उनके करोड़ों जन्म के पाप नष्ट हो जाते हैं।
- जो मनुष्य शमी के पत्र से भगवान की पूजा करते हैं, उनको महाघोर यमराज के मार्ग का भय नहीं रहता।
- कार्तिक मास में जो मनुष्य बिल्व पत्र से भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, वे मुक्ति को प्राप्त होते हैं।



# कार्तिक मास में बरसेंगे भगवान विष्णु के आशीर्वाद, जानें तुलसी पूजा के लाभ

कार्तिक माह भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का महीना है। इस महीने में दोनों की पूजा के साथ ही तुलसी पूजा का खास महत्व होता है। माता लक्ष्मी और तुलसी की पूजा करने से भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस माह की देवउठनी ग्यारस एकादशी पर तुलसी करने का खासा महत्व है।

*महाप्रसाद जननी, सर्व सौभाग्यवर्धिनी*
*आधि व्याधि हरा नित्यं,*
*तुलसी त्वं नमोस्तुते।।*

- भगवान विष्णु को तुलसीजी बहुत ही प्रिय हैं। कार्तिक मास में तुलसीजी का पूजा करने से विशेष पुण्य लाभ मिलता है और जीवन से सारे दुख-संकट दूर हो जाते हैं।
- शालिग्राम के साथ तुलसीजी की पूजा ऐसा करने से अकाल मृत्यु नही होती है।
- कार्तिक मास में तुलसीजी की पूजा करके इसके पौधे का दान करना श्रेष्ठ माना गया है।
- कार्तिक माह में तुलसी के पौधे को हर गुरुवार को कच्चे दूध से सींचना चाहिए। इससे माता तुलसी प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती हैं।
- कार्तिक महीने में प्रतिदिन शाम को तुलसी के पौधे के सामने दीपक जलाकर रखना चाहिए। इसे पुण्य की प्राप्ति होती है और घर में सुख शांति बनी रहती है।
- कार्तिक में ब्रह्म मुहूर्त में उठकर तुलसी को जल चढ़ाने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है।
- तुलसी की पूजा और इसके सेवन से हर तरके रोग और शोक मिट जाते हैं और सौभाग्य में वृद्धि होती है।



# घर की उत्तर ईशान की दीवारों का रंग ऐसा रखें

रंगों का हमारे जीवन में बहुत बहुत असर होता है। वास्तु के अनुसार ही घर के पर्दे, चादर, कपड़े और दीवारों तक का रंग होना चाहिए। यदि आप इसका ध्यान रखते हैं तो आने वाली बहुत-सी परेशानियों से बच जाएंगे। वास्तु के अनुसार घर की उत्तर और ईशान दिशा महत्वपूर्ण होती है।

## उत्तर की दीवार

- घर का उत्तर का भाग जल तत्व प्रधान होता है। इसे धन और लक्ष्मी का स्थान भी कहा जाता है अत: इस स्थान को स्वच्छ, पवित्र और खाली रखना चाहिए।
- वास्तु के अनुसार इसकी साज-सजा में हल्के हरे रंग या पिस्ता हरे रंग का प्रयोग किया जाना चाहिए। हालांकि आप आसमानी रंग का प्रयोग भी कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होता है।
- यदि यहां अन्य किसी भी प्रकार के गहरे रंगों का प्रयोग किया तो आर्थिक हानि तो होगी ही, साथ ही अन्य परेशानियां भी खड़ी हो सकती हैं। यह दिशा हवा से जुड़ी है।

## उत्तर-पूर्व अर्थात ईशन की दीवार

- उत्तर-पूर्व को ईशान कोण कहते हैं। इस दिशा में देवता निवास करते हैं। यह भगवान शिव की दिशा भी मानी जाती है। इस दिशा में आकाश ज्यादा खुला होता है।
- इस दिशा की दीवार का रंग आसमानी, सफेद या हल्के बैंगनी रंग का होना चाहिए। हालांकि इसमें पीले रंग का प्रयोग इसलिए करना चाहिए, क्योंकि यह देवी और देवताओं का स्थान होता है।



# आखिर ऋषियों की संख्या 7 ही क्यों हैं? जानिए हर काल के 7 ऋषि कौन हैं

भारतीय ऋषियों और मुनियों ने ही इस धरती पर धर्म, समाज, नगर, ज्ञान, विज्ञान, खगोल, ज्योतिष, वास्तु, योग आदि ज्ञान का प्रचार-प्रसार किया था। दुनिया के सभी धर्म और विज्ञान के हर क्षेत्र को भारतीय ऋषियों का ऋणी होना चाहिए। उनके योगदान को याद किया जाना चाहिए। उन्होंने मानव मात्र के लिए ही नही, बल्कि पशु-पक्षी, समुद्र, नदी, पहाड़ और वृक्षों सभी के बारे में सोचा और सभी के सुरक्षित जीवन के लिए कार्य किया।

।सप्त ब्रह्मर्षि, देवर्षि, महर्षि, परमर्षय:।
कण्डर्षिश्च, श्रुतर्षिश्च, राजर्षिश्च क्रमावश:।।

अर्थात - 1. ब्रह्मर्षि, 2. देवर्षि, 3. महर्षि, 4. परमर्षि, 5. काण्डर्षि, 6. श्रुतर्षि और 7. राजर्षि- ये 7 प्रकार के ऋषि होते हैं इसलिए इन्हें सप्तर्षि कहते हैं।

## सप्तऋषि तारा मंडल

आकाश में 7 तारों का एक मंडल नजर आता है। उन्हें सप्तर्षियों का मंडल कहा जाता है। इसके अतिरिक्त सप्तर्षि से उन 7 तारों का बोध होता है, जो ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं। उक्त मंडल के तारों के नाम भारत के महान 7 संतों के आधार पर ही रखे गए हैं। वेदों में उक्त मंडल की स्थिति, गति, दूरी और विस्तार की विस्तृत चर्चा मिलती है।

भारत में ऋषियों और गुरु-शिष्य की लंबी परंपरा रही है। ब्रह्मा के पुत्र भी ऋषि थे तो भगवान शिव के शिष्यगण भी ऋषि ही थे। प्रथम मनु स्वायंभुव मनु से लेकर बौद्धकाल तक ऋषि परंपरा के बारे में जानकारी मिलती है। हिन्दू पुराणों ने काल को मन्वंतरों में विभाजित कर प्रत्येक मन्वंतर में हुए ऋषियों के ज्ञान और उनके योगदान को परिभाषित किया है। प्रत्येक मन्वंतर में प्रमुख रूप से 7 प्रमुख ऋषि हुए हैं। विष्णु पुराण के अनुसार इनकी नामावली इस प्रकार है-

- प्रथम स्वायंभुव मन्वंतर में- मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु और वशिष्ठ।
- द्वितीय स्वारोचिष मन्वंतर में- ऊर्ज्ज, स्तम्भ, वात, प्राण, पृषभ, निरय और परीवान।
- तृतीय उत्तम मन्वंतर में- महर्षि वशिष्ठ के सातों पुत्र।
- चतुर्थ तामस मन्वंतर में- ज्योतिर्धामा, पृथु, काव्य, चैत्र, अग्नि, वनक और पीवर।
- पंचम रैवत मन्वंतर में- हिरण्यरोमा, वेदश्री, ऊर्ध्वबाहु, वेदबाहु, सुधामा, पर्जन्य और महामुनि।
- षष्ठ चाक्षुष मन्वंतर में- सुमेधा, विरजा, हविष्मान, उतम, मधु, अतिनामा और सहिष्णु।
- वर्तमान सप्तम वैवस्वत मन्वंतर में- कश्यप, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और भारद्वाज।

## भविष्य में

- अष्टम सावर्णिक मन्वंतर में- गालव, दीप्तिमान, परशुराम, अश्वत्थामा, कृप, ऋष्यश्रृंग और व्यास।
- नवम दक्षसावर्णि मन्वंतर में- मेधातिथि, वसु, सत्य, ज्योतिष्मान, द्युतिमान, सबन और भव्य।
- दशम ब्रह्मसावर्णि मन्वंतर में- तपोमूर्ति, हविष्मान, सुकृत, सत्य, नाभाग, अप्रतिमौजा और सत्यकेतु।
- एकादश धर्मसावर्णि मन्वंतर में- वपुष्मान, घृणि, आरुणि, निन्स्वर, हविष्मान, अनघ और अग्नितेजा।
- द्वादश रुद्रसावर्णि मन्वंतर में- तपोद्युति, तपस्वी, सुतपा, तपोमूर्ति, तपोनिधि, तपोरति और तपोधृति।
- त्रयोदश देवसावर्णि मन्वंतर में- धृतिमान, अव्यय, तत्वदर्शी, निरुत्सुक, निर्मोह, सुतपा और निष्प्रकम्प।
- चतुर्दश इन्द्रसावर्णि मन्वंतर में- अग्नीध्र, अग्नि, बाहु, शुचि, युक्त, मागध, शुक्र और अजित।
- इन ऋषियों में से कुछ कल्पान्त-चिरजीवी, मुक्तात्मा और दिव्यदेहधारी हैं।

## शतपथ ब्राह्मण के अनुसार

1. गौतम, 2. भारद्वाज, 3. विश्वामित्र, 4. जमदग्नि 5. वसिष्ठ, 6. कश्यप और 7. अत्रि।

## महाभारत के अनुसार

1. मरीचि, 2 . अत्रि, 3. अंगिरा, 4. पुलह, 5. क्रतु, 6. पुलस्त्य और 7. वसिष्ठ सप्तर्षि माने गए हैं।

- महाभारत में राजधर्म और धर्म के प्राचीन आचार्यों के नाम इस प्रकार हैं- बृहस्पति, विशालाक्ष (शिव), शुक्र, सहस्राक्ष, महेन्द्र, प्राचेतस मनु, भरद्वाज और गौरशिरस मुनि।
- कौटिल्य के अर्थशास्त्र में इनकी सूची इस प्रकार है- मनु, बृहस्पति, उशनस (शुक्र), भरद्वाज, विशालाक्ष (शिव), पराशर, पिशुन, कौणपदंत, वातव्याधि और बहुदंती पुत्र।
- वैवस्वत मन्वंतर में वशिष्ठ ऋषि हुए। उस मन्वंतर में उन्हें ब्रह्मर्षि की उपाधि मिली। वशिष्ठजी ने गृहस्थाश्रम की पालना करते हुए ब्रह्माजी के मार्गदर्शन में उन्होंने सृष्टि वर्धन, रक्षा, यज्ञ आदि से संसार को दिशाबोध दिया।



# भारत/न्यूजीलैंड : आखिरी दिन नहीं हुआ कोई चमत्कार, न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद टेस्ट जीता

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने जसप्रीत बुमराह के खतरनाक स्पैल का डटकर सामना करते हुए आखिरी दिन किसी चमत्कार की भारत की कोशिशों पर पानी फेर दिया। पहला टेस्ट आठ विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारतीय सरजमीं पर पारंपरिक प्रारूप में सफलता का स्वाद चखा। आखिरी बार न्यूजीलैंड ने भारत को 1988 में जॉन राइट की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम पर 136 रन से हराया था। जीत के लिये 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने शुरूआती झटकों के बाद कोई कोताही नहीं बरती। विल यंग 48 रन बनाकर और रचिन रविंद्र 39 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 75 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को तीन मैचों की श्रृंखला में 1.0 से बढ़त दिला दी।




पहली पारी में 46 रन पर आउट होने के बावजूद भारत ने जिस तरह मैच में वापसी की थी, वह काबिले तारीफ है। उसे अब पुणे में 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में इस हार को भुलाकर अपना स्वाभाविक खेल दिखाना होगा। गले की जकड़न से उबरने के बाद शुभमन गिल की दूसरे टेस्ट में वापसी तय लग रही है लेकिन पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 150 रन बनाने वाले सरफराज खान को अब अनदेखा नहीं किया जा सकता।

भारत को यह भी देखना होगा कि तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरना है या तीन स्पिनर ही उतारने है। यह फैसला एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर कारगर साबित नहीं हुआ। आखिरी दिन गीली आउटफील्ड के कारण मैच एक घंटा विलंब से 10 बजकर 15 मिनट पर शुरू हुआ। नयी गेंद संभालते हुए बुमराह ने 29 रन देकर दो विकेट लिये। टॉम लाथम खाता खोले बिना पहले ही ओवर में आउट हो गए। अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दिया जिस पर उन्होंने रिव्यू लिया। डीआरएस में भी उनके आउट होने की पुष्टि हो गई।

भारत को तीसरे तेज गेंदबाज की कमी महसूस हुई होगी क्योंकि विकेट से बुमराह और मोहम्मद सिराज को मदद मिल रही थी। भारत ने तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को उतारा था जिन्होंने तीन ओवर में 26 रन दिये। डेवोन कोंवे भी बुमराह के सामने असहज लग रहे थे और 17 रन बनाकर पगबाधा आउट हो गए। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय दो विकेट पर 35 रन था लेकिन यंग और रविंद्र ने इसके बाद संभलकर खेला। आसमान खिलने के बाद बल्लेबाजी में दिक्कत नहीं हुई और दोनों ने ढीली गेंदों को नसीहत दी। पहली पारी में शतक जमाने वाले रविंद्र ने कुलदीप को छक्का भी लगाया।

## हम वापसी करना जानते हैं : रोहित शर्मा




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को विश्वास है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में आठ विकेट से हारने के बावजूद उनकी टीम वापसी करेगी, जैसे इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ लगातार चार मैच जीतकर की थी। भारतीय टीम पहली पारी में घरेलू टेस्ट में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर आउट हो गई थी, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने कुछ हद तक वापसी की। हालांकि, न्यूजीलैंड ने अंततः उन्हें 8 विकेट से हरा दिया। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में रोहित ने कहा, ऐसे मैच होते रहते हैं। हमें इसे पीछे छोड़कर आगे बढ़ना होगा। हमने इंग्लैंड के खिलाफ भी एक मैच हारने के बाद लगातार चार मैच जीते थे, इसलिए हमें पता है कि हर खिलाड़ी को क्या करना है। उन्होंने स्वीकार किया कि हालात को समझने में उनसे गलती हुई, लेकिन यह भी कहा कि उन्होंने यह कल्पना नहीं की थी कि भारतीय टीम पहली पारी में सिर्फ 46 रन पर आउट हो जाएगी।

रोहित ने कहा, मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हमें शुरुआत में मुश्किलें हो सकती हैं, लेकिन हमने यह नहीं सोचा था कि टीम 46 रन पर सिमट जाएगी। न्यूजीलैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी की और हम विफल रहे। उन्होंने दूसरी पारी में भारतीय टीम की वापसी की सराहना की और कहा, जब आप 350 रन से पीछे हों तो ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। लेकिन कुछ अच्छी साझेदारियां बनीं। हम सस्ते में आउट हो सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सरफराज और ऋषभ ने शानदार बल्लेबाजी की। सरफराज ने बहुत ही परिपक्व पारी खेली। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल में खेलने वाले न्यूजीलैंड के खिलाड़ी रचिन रविंद्र ने पहली पारी में शतक जमाया। उन्होंने कहा कि चेन्नई में लाल और काली मिट्टी पर खेलने का अनुभव उन्हें रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा का डटकर सामना करने में मददगार साबित हुआ। रविंद्र ने कहा, चेन्नई में अलग-अलग पिचों पर, लाल और काली मिट्टी पर हमने अभ्यास किया, जिससे काफी फायदा हुआ। रविंद्र के दादा-दादी अभी भी बेंगलुरु में रहते हैं, और परिवार के सामने खेलते हुए शतक बनाना उनके लिए भावुक क्षण था। उन्होंने कहा, यह एक अच्छा शहर है और बल्लेबाजी के लिए अच्छी विकेट थी। परिवार के सामने खेलना बेहद खास था, जिससे मेरी पारी और भी खास हो गई।

## रचिन की नेटवर्थ 2 मिलियन डॉलर के आस पास

**– रचिन रवींद्र ने की शानदार बैटिंग, लगाया शतक**





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के खिलाफ पहली पारी में न्यूजीलैंड के लिए शानदार बैटिंग करते हुए खिलाडी रचिन रवींद्र ने शानदार शतक लगाया। टीम इंडिया फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है। रचिन रवींद्र ने 157 गेंदों में 134 रन की पारी खेली और अंत तक खड़े रहे। अपनी पारी में उन्होंने 14 चौके और 4 छक्के मारे। रचिन का कनेक्शन भारत से रहा है। उनके माता पिता भारत से ही थे। बाद में वह न्यूजीलैंड में जाकर बस गए। रचिन ने 5 साल की उम्र में ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। वह क्लब क्रिकेट खेलने के लिए बैंगलोर भी आया करते थे। वर्ल्डस कप के उद्घाटन मैच में ही उन्होंने इंग्लैंडड के खिलाफ शतक जड़ दिया था। इसके बाद यह बात सामने आई थी कि भारतीय टीम के दिग्गएज प्लेयर राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर के शुरुआती नाम को जोड़कर रचिन का नाम रखा गया है। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं था। रचिन नाम रचिन की मां ने सुझाया था

इस बात का खुलासा उनके पिता ने किया था। न्यूजीलैंड के युवा बैटर रचिन रवींद्र जिन्होंने वर्ल्ड कप 2023 के बाद से क्रिकेट में अपनी गहरी पहचान बनाई है। रचिन रवींद्र ने 2023 में ही डेब्यू किया और ईश सोढ़ी के चोटिल होने पर वर्ल्ड कप स्क्वॉड के लिए पहले ऑप्शन बने थे। उन्होंने वर्ल्ड कप में 10 मैच में 578 रन ठोके, जिसमें दो फिफ्टी और 3 शतक शामिल थे। वह शतक बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर थे। रचिन के नेटवर्थ की बात करें तो उनकी कमाई कई रिपोर्ट के अनुसार 2 मिलियन डॉलर (भारतीय रुपयों में करीब 16 करोड़) के आस पास है।

# शतक जड़कर श्रेयस अय्यर ने दिखाई दम, टीम में वापसी की जताई इच्छा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने लंबे समय बाद रणजी ट्रॉफी के मैच में शानदार शतक बनाकर भारतीय टेस्ट टीम में वापसी की अपनी प्रबल इच्छा जताई है। महाराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच में अय्यर ने शानदार शतक जड़ा, जो उनके लिए एक भावनात्मक पल था। पीठ की सर्जरी के बाद श्रेयस ने अपनी फिटनेस पर काफी मेहनत की है और टेस्ट क्रिकेट में एक बार फिर से जगह बनाने के लिए तैयार हैं।




श्रेयस अय्यर को पिछले कुछ समय पहले बार-बार पीठ की चोट का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। इसके चलते वह कई महीनों तक क्रिकेट से दूर रहे। उन्होंने अपने करियर का आखिरी टेस्ट शतक नवंबर 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट में जड़ा था, और अब लगभग तीन साल बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शतक बनाया है। अय्यर ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, बहुत लंबे समय बाद वापसी करना मेरे लिए खास है। चोटों के कारण मैं थोड़ा निराश महसूस कर रहा था, लेकिन अब शतक बनाना बेहद संतोषजनक है। अय्यर ने अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा कि वह भारतीय टेस्ट टीम में वापसी के लिए बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मैं वापसी के लिए पूरी तरह से उत्सुक हूं, लेकिन मुझे केवल उन्हीं चीजों पर ध्यान देना है जो मेरे नियंत्रण में हैं। मेरा काम है निरंतर अच्छा प्रदर्शन करना और जितना हो सके उतना क्रिकेट खेलना। इसके साथ ही शरीर की फिटनेस बनाए रखना भी बेहद जरूरी है। अय्यर का मानना है कि केवल निरंतर अच्छा प्रदर्शन ही उन्हें फिर से भारतीय टेस्ट टीम में जगह दिला सकता है।

श्रेयस अय्यर ने फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में आखिरी बार भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला था। चोटों के कारण वह अधिक खेल नहीं पाए, और इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की केंद्रीय अनुबंध सूची से भी बाहर हो गए थे। हालांकि, उन्होंने अगस्त 2024 में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में हिस्सा लिया था।

श्रेयस अय्यर ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं और यह उनके लिए प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, मैं टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए बेताब हूं। यही कारण है कि मैं खेल रहा हूं। अगर ऐसा नहीं होता तो मैं आराम से बैठ सकता था। अय्यर की यह वापसी भारतीय क्रिकेट के लिए एक सकारात्मक संकेत है, और उनके प्रशंसक उम्मीद कर रहे हैं कि वह जल्द ही राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह फिर से पक्की करेंगे।

## जोकोविच ने नडाल को, सिनेर ने अल्काराज को हराया



रियाद। इटली के यानिक सिनेर ने कार्लोस अल्काराज को 6.7, 6.3, 6.3 से हराकर सिक्स किंग्स स्लैम नुमाइशी टेनिस चैम्पियनशिप जीती जबकि नोवाक जोकोविच ने तीसरे स्थान के मैच में रफेल नडाल को 6.2, 7.6 से हराया। नडाल अपने कैरियर में आखिरी बार यह चैम्पियनशिप खेल रहे थे। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिए खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कहेंगे। इस नुमाइशी टूर्नामेंट के पिछले दौर में अल्काराज ने नडाल और सिनेर के अलावा जोकोविच को भी हराया था। इस टूर्नामेंट में पुरस्कार राशि मिलती है लेकिन एटीपी अंक नहीं।

## वह दिन नदीम का था, पेरिस ओलंपिक भाला फेंक फाइनल पर बोले नीरज चोपड़ा




लखनऊ। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने से चूकने वाले भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि उनके प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी लेकिन वह दिन पाकिस्तान के अरशद नदीम का था जो उन्हें पछाड़कर चैम्पियन बने। चोपड़ा ने आठ अगस्त को हुए फाइनल में 89.45 मीटर भाला फेंककर रजत पदक जीता लेकिन नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए पहले ही प्रयास में 92.97 मीटर का थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड खिलाड़ी बने। चोपड़ा ने यहां पीटीआई को दिये इंटरव्यू में कहा,'' कुछ भी गलत नहीं था, सब कुछ सही था। थ्रो भी अच्छा था। ओलंपिक में रजत प्राप्त करना भी कोई छोटी चीज़ नहीं है, लेकिन, मुझे लगता है कि प्रतियोगिता बहुत अच्छी थी और स्वर्ण पदक उसी ने जीता है जिसका वह दिन था। वह नदीम का दिन था ß यहां फीनिक्स पलासियो मॉल में अंडर आर्मर के नए प्रारूप वाले ब्रांड हाउस स्टोर का उद्घाटन करने आये चोपड़ा ने इस धारणा को खारिज किया कि हॉकी और क्रिकेट के बाद भाला फेंक भारत-पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता का गवाह बनने वाला नया खेल बन गया है।

# सुल्तान जोहोर कप : भारत ने ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराया जोहोर

**बाहरू (मलेशिया) (एजेंसी)।** दिलराज सिंह और शारदा नंद तिवारी के 2-2 गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराकर सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा। मोहम्मद कोनैन दाद (7वें मिनट) ने भारत का खाता खोला। इसके बाद दिलराज (17वें, 50वें मिनट), शारदा नंद (20वें, 50वें मिनट) ने गोल किए। इसके अलावा मनमीत सिंह (26वें मिनट) ने भी भारत की तरफ से गोल किया। ब्रिटेन की तरफ से रोरी पेनरोज (दूसरे, 15वें मिनट) और माइकल रॉयडेन (46वें, 59वें मिनट) ने 2-2 गोल करके मैच को रोमांचक बनाए रखा।



भारत ने शनिवार को जापान को हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। उसने अपनी वही लय बनाए रखी। लेकिन वह ब्रिटेन था जिसने पहला गोल किया। उसकी तरफ से खेल के दूसरे मिनट में ही पेनरोज ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। भारत ने हालांकि इसके कुछ देर बाद ही दाद के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से बराबरी कर ली। ब्रिटेन ने 15वें मिनट में फिर से बढ़त हासिल कर ली जब पेनरोज ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला।

भारत ने हालांकि दूसरे क्वार्टर में अपना दबदबा बनाया और लगातार तीन गोल किए। स्ट्राइकर दिलराज ने 17वें मिनट में गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर किया। शारदा नंद ने इसके बाद दिलराज की मदद से पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को मैच में पहली बार बढ़त दिलाई। उन्होंने 26वें मिनट में मनप्रीत की भी गोल करने में मदद की जिससे भारत 4-2 से आगे हो गया। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीम को पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन वह उनका नहीं उठा पाए।


ब्रिटेन ने चौथे क्वार्टर के शुरू में रॉयडेन के गोल की मदद से वापसी की कोशिश की। भारत को 50वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला। फॉर्म में चल रहे ड्रैगफ्लिकर शारदा नंद ने मौका नहीं गंवाया और गोल कर दिया। इसके कुछ सेकेंड बाद दिलराज ने मैदानी गोल करके स्कोर 6-3 से भारत के पक्ष में कर दिया। रॉयडेन ने 59वें मिनट में अपना दूसरा और ब्रिटेन की तरफ से चौथा गोल किया लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। भारत ने लगातार दूसरा मैच जीत पर तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए।

## लुका मोड्रिक रियल मैड्रिड के लिए खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए



पोंटेवेद्रा (स्पेन)। कप्तान लुका मोड्रिक विगो में रियल मैड्रिड के इतिहास में एक आधिकारिक मैच में प्रतिस्पर्धा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। क्रोएशियाई खिलाड़ी 39 साल और 40 दिन की उम्र में बैलाडोस में सेल्टा के खिलाफ मैच में उतरे और फेरेंक पुस्कस के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। 39 साल और 40 दिन की उम्र में बैलाडोस में मैदान पर उतरने वाले कप्तान ने पुस्कस के 1966 से बने रिकॉर्ड को 4 दिनों से हरा दिया। हंगेरियन ने हमारे क्लब के लिए अपना आखिरी आधिकारिक मैच 1966 में 39 साल और 36 दिन की उम्र में खेला था। इसके अलावा, लुका ने रियल मैड्रिड के खिलाड़ी के रूप में अपनी 250वीं लालिगा जीत भी दर्ज की। मिडफील्डर, जिसने प्रतियोगिता में अपना 369वां गेम खेला, क्लब में अपने 13वें सीज़न में इस मील के पत्थर तक पहुंचा। 2 सितंबर 2012 को लालिगा में पदार्पण करने के बाद से, मॉड्रिक ने टीम को 4 मौकों (2017, 2020, 2022 और 2024) में चैंपियनशिप जीतने में मदद करने के लिए 28 गोल किए हैं। जिस टीम के खिलाफ उन्होंने लीग में सबसे अधिक जीत हासिल की है वह सेल्टा है, जिसे उन्होंने 19 मौकों पर हराया है। मॉड्रिच रियल मैड्रिड के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 547 खेलों में 27 खिताब जीते हैं- 6 यूरोपीय कप, 5 क्लब विश्व कप, 5 यूरोपीय सुपर कप, 4 स्पेनिश लीग खिताब, 2 स्पेनिश कप और 5 स्पेनिश सुपर कप।

## ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफीका दौरे के लिए इस खिलाड़ी पर दांव खेल सकता हैं पीसीबी




मुंबई। पीसीबी द्वारा ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफीका में होने वाली सीरीज के लिए टीम की घोषणा करने पर अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान सफेद गेंद के प्रारूप में पाकिस्तान टीम के कप्तान बन सकते हैं। पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने पिछले दो दिनों में पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के साथ बैठक की है, और टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन से भी सलाह ली है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्र ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टेस्ट 28 अक्टूबर को समाप्त होगा और टीम को अगले दिन ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी। इसलिए चयनकर्ता रविवार तक टीम की घोषणा करनी होगी। सूत्र ने कहा, रिजवान अपनी वरिष्ठता, एक खिलाड़ी के रूप में अपनी विश्वसनीयता और घरेलू क्रिकेट और पीएसएल में टीमों का नेतृत्व करने के अपने अनुभव के कारण कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं ।बाबर आजम ने माह की शुरुआत में पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ कर कहा था कि वे अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना चाहते हैं। पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफीका में नौ वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने है। स्वदेश लौटने से पहले उन्हें दक्षिण अफीका के खिलाफ दो टेस्ट मैच भी खेलने हैं। सूत्र ने कहा कि चूंकि बोर्ड ने अब चयनकर्ताओं को कप्तान चुनने का अधिकार दे दिया है। आकिब, अजहर अली और अलीम डार ने जाहिर तौर पर रिजवान से बातचीत की है और उनसे यह जिम्मेदारी संभालने की इच्छा जाहिर की है। सूत्र ने कहा कि चयनकर्ता बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए आराम दिए जाने के बाद सफेद गेंद की टीम में शामिल कर सकते हैं।

## फिट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं जेवियर

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के 25 वर्षीय उभरते तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट पूरी तरह से फिट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान बार्टलेट को साइड स्ट्रेन की समस्या हुई थी, जब वह इंग्लैंड की धरती पर अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे। उन्होंने मात्र के 3.4 ओवर ही गेंदबाजी किया था। चोट के कारण वह टी20 सीरीज के बाकी मैच और उसके बाद पांच मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए। बार्टलेट के लिए यह निराशाजनक क्षण था, जिन्होंने फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में लगातार 4 विकेट चटकाए थे। चोट और उसके ठीक होने के बारे में बताते हुए बार्टलेट ने कहा, मुझे उस साइड स्ट्रेन से उबरने में लगभग 5 सप्ताह हो गए हैं। मैं अब पूरी तरह से तैयार हूं, इसलिए यह वास्तव में आकार लेने लगा है। मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया है... यह वास्तव में निराशाजनक था। पाकिस्तान के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय टीम में जगह बनाने से चूकने के बावजूद बार्टलेट को इसके बाद होने वाली टी20 श्रृंखला में वापसी की उम्मीद है। सिडनी, होबार्ट और ब्रिस्बेन में होने वाले मैचों के साथ बार्टलेट की नजरें 14 नवंबर को गाबा में होने वाले पहले टी20 पर टिकी हैं। एक ऐसा स्थान जहां उन्होंने ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलते हुए एक प्रभावशाली रिकॉर्ड बनाया है। बार्टलेट ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसका आप बचपन में सपना देखते हैं, ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने घरेलू मैदान पर खेलने की कोशिश करना। इसलिए अगर ऐसा अवसर आता है, तो यह एक बहुत अच्छा पल होगा। बार्टलेट ने गाबा में शानदार प्रदर्शन किया है, हीट के लिए सिर्फ 13 मैचों में 20 विकेट लिए हैं, औसतन हर 13 गेंदों पर एक विकेट। ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा जिससे उन्हें अपनी रिकवरी के लिए प्रेरणा मिलेगी। राष्ट्रीय टीम में वापसी करने से पहले बार्टलेट को क्वींसलैंड के लिए आगामी शेफील्ड शील्ड और एक दिवसीय मैचों में खेलने की उम्मीद है ताकि वह मैच फिटनेस हासिल कर सकें।

# मैं बचपन से ही सपना देख रहा था इस शतक का : सरफराज खान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** खेले जा रहे न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक जड़कर न केवल भारतीय टीम को मुश्किल हालात से बाहर निकालने की कोशिश किया हैं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि वह महज स्थानापन्न खिलाड़ी नहीं हैं। शुभमन गिल की चोट के कारण अंतिम एकादश में शामिल हुए सरफराज ने शानदार 150 रन बनाए और ऋषभ पंत (99) के साथ मिलकर 177 रनों की अहम साझेदारी की। उनकी इस पारी ने भारत को पहली पारी में 356 रन से पिछड़ने के बावजूद मैच में बनाए रखा और न्यूजीलैंड के सामने 107 रन का लक्ष्य रखा।

सरफराज खान के लिए यह शतक खास था क्योंकि यह उनके बचपन का सपना था। उनके पिता नौशाद का भी सपना था कि उनका बेटा टेस्ट क्रिकेट में बड़ा स्कोर बनाए। मैच के बाद सरफराज ने संवाददाता सम्मेलन में अपने पिता का जिक्र करते हुए कहा, मैं अपने पिता से अक्सर बात करता हूं क्योंकि वह मुझे हर समय प्रेरित करते रहते हैं। भारत के लिए खेलते हुए यह मेरा पहला शतक था, और यह मेरे लिए बहुत खास है। सरफराज जानते हैं कि भारतीय टीम के मध्यक्रम में जगह बनाना आसान नहीं है, लेकिन उन्होंने कहा कि वह भविष्य के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। मैं अब केवल वर्तमान में जीना चाहता हूं, उन्होंने कहा, यह बताते हुए कि भविष्य की चिंता करने से उनका वर्तमान प्रभावित हो सकता है।

सरफराज ने अपनी पारी के दौरान न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों की शॉर्ट पिच गेंदों पर बेहतरीन ऑफ साइड खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने 150 रन में से 83 रन ऑफ साइड में बनाए। उन्होंने कहा, मैं ऊंची उठती गेंदों को खेलना पसंद करता हूं। मुंबई में उछाल भरी पिचों पर मैं नियमित रूप से अभ्यास करता हूं, जिससे मुझे ऐसी गेंदों को खेलने में आसानी होती है। सरफराज ने ऋषभ पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 177 रन जोड़े। पंत, जो अपनी चोट से उबर रहे थे, शुरुआत में लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। ऐसे में सरफराज ने पहले घंटे में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों का सामना किया और स्पिनरों के आने के बाद पंत को स्ट्राइक दी, जिससे पंत अपनी शैली में बल्लेबाजी कर सके।



## मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने जब्त किया करोड़ों का सोना व नशीला पदार्थ

मुंबई। मुंबई के सीमा शुल्क विभाग ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 1.45 करोड़ रुपये का नशीला पदार्थ (मारिजुआना) जब्त किया। यह अवैध पदार्थ बैंकॉक के एक यात्री के पास से जब्त किया गया था। यात्री ने वैक्यूम-सीलबंद पैकेट में 1.45 किलोग्राम गांजा छुपाया था। चेक-इन लगेज में कपड़ों में नशीला पदार्थ लपेटा हुआ था। आरोपियों के खिलाफ सीमा शुल्क अधिनियम और नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने कहा कि आगे की जांच जारी है।

**दो करोड़ रुपये का सोना जब्त -**

मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने सात मामलों में 2 किलो 427 ग्राम सोना जब्त किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सोने की कीमत 1 करोड़ 70 लाख रुपये है। इसके अलावा 42 लाख रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जब्त किया गया है। इसमें मोबाइल और टैबलेट शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक अधिकारियों को जानकारी मिली थी कि केन्या, जेद्दा, दुबई, रसूल खैमाह से मुंबई आने वाली उड़ानों के जरिए सोने की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद अधिकारियों ने इन विमानों के बाहर जाल बिछा दिया था। इन उड़ानों से आने वाले कुछ यात्रियों की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर उनके दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान इस सोने की तस्करी का खुलासा हुआ।

## श्रीलंका ने गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा

नई दिल्ली। श्रीलंका ने मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा कि 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया गया है और वे तमिलनाडु, भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मछुआरों का मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों में एक विवादास्पद विषय रहा है। श्रीलंका नौसेना की आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक इस साल देश की नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए भारतीयों की संख्या बढ़कर 413 हो गई है जबकि 55 नौकाएं जब्त की गई हैं।

## बारामूला जिले में सेना ने की घुसपैठ की कोशिश नाकाम

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि जवानों ने उरी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधियां देखीं और घुसपैठियों को ललकारा। घुसपैठियों ने जवानों को आता देख गोलीबारी शुरू कर दी जिसका सेना के जवानों ने जवाब दिया। उन्होंने बताया कि इसमें एक घुसपैठिया मारा गया है। उन्होंने दुर्गम इलाका होने के कारण मारे गए घुसपैठिए का शव अभी तक बरामद नहीं हो सका है।

## आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमले के आरोपी का घर ढहाया

जयपुर। जयपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 10 कार्यकर्ताओं पर चाकू से हमले के आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया गया है। बुलडोजर कार्रवाई को अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई बताया जा रहा है। जानकारी अनुसार रजनी विहार इलाके में एक मंदिर में जागरण के दौरान आरोपी बाप-बेटे ने आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमला किया था। गुरुवार को हुए इस हमले के बाद, शुक्रवार को एसीपी गौरीशंकर शर्मा ने मौके पर मुआयना किया। शनिवार को जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने मकान मालिक नसीब चौधरी को नोटिस जारी किया और 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा। जवाब नहीं मिलने पर, रविवार सुबह 10-40 बजे बुलडोजर कार्रवाई शुरु कर दी गई। एसीपी के अनुसार नसीब चौधरी के घर से सामान हटाते समय क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय निवासियों ने चौधरी को भूमाफिया करार देते हुए बताया कि वह मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का विरोध करता था। वहीं पूर्व महापौर शील धाभाई ने इसे एक शर्मनाक और दर्दनाक घटना करार दिया है। उन्होंने कहा कि नसीब ने मंदिर पर कब्जा कर रखा था और इसकी कार्रवाई बहुत पहले हो जानी चाहिए थी। एसीपी शर्मा ने आश्वासन दिया कि मंदिर और पार्क की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

## अयोध्या में दीपोत्सव पर निकलेंगी झांकियां, मुस्लिम कारीगर कर रहे तैयार

अयोध्या। इस बार अयोध्या में दीपोत्सव खास होगा। रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं, जिसकी झलक दीपोत्सव में इस बार देखने को मिलेगी। इस बार दीपोत्सव में झांकियां होंगी जिसे दर्जनों मुस्लिम कारीगर बना रहे हैं। रामायण के सातों कांडों पर झांकियां तैयार की जा रही हैं। इसके साथ ही राम मंदिर मॉडल और राम दरबार की झांकियां सबसे खास होंगी। युद्ध स्तर पर झांकियां बनाने का काम किया जा रहा है, जो 27 अक्टूबर को रिहर्सल के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगी। दीपोत्सव हर साल एक नया इतिहास रचता है। इस बार दीपोत्सव में सबसे खास अयोध्या के सड़कों पर निकलने वाली झांकियां होंगी। भगवान राम के जीवन पर आधारित यह झांकियां साकेत महाविद्यालय से निकलकर और लता मंगेशकर चौक तक जाएंगी, जहां सीएम योगी झांकियों का स्वागत करेंगे। 18 झांकियां निकलेंगी जिसमें आठ झांकियां पर्यटन विभाग तो 10 झांकियां सूचना विभाग की हैं। इन झांकियों को 30 से ज्यादा मुस्लिम कारीगर बना रहे हैं, जो पिछले तीन सालों से लगातार दीपोत्सव की झांकियां बनाते आ रहे हैं जिनकी कारीगरी देखते ही बनती है लोग इनकी कारीगरी को निखारने के साथ उनकी तारीफ करना भी नहीं भूलते। दीपोत्सव को चार चांद लगाने के लिए यह झांकियां सुबह 9 बजे साकेत महाविद्यालय से निकलकर राम कथा पार्क तक जाएंगी, जो कि करीब 2 बजे समाप्त होंगी।

# महाराष्ट्र में नयी सरकार के गठन का समय निर्धारित करना भाजपा की चाल है: संजय राउत



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र में नयी सरकार के गठन के लिए केवल 48 घंटे का समय निर्धारित किया जाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चाल है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार बनाने का दावा करने में असमर्थ हो जाए। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होना है और 23 नवंबर को मतगणना होगी।

राज्यसभा सदस्य ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया, ''अमित शाह के साथ-साथ भाजपा ने यह स्वीकार कर लिया है कि पार्टी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी। ऐसा लगता है कि महा विकास आघाडी को सरकार बनाने के बारे में चर्चा करने और निर्णय लेने के लिए समय समिति करने की रणनीति है। अगर एमवीए के घटक दावा करने में विफल रहते हैं, तो राज्यपाल छह माह के लिये राष्ट्रपति शासन की सिफारिश करेंगे।'' उन्होंने दावा किया कि भाजपा एमवीए को सत्ता में वापस आने से रोकने के लिए यह कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, भारत निर्वाचन आयोजन ने चुनाव कार्यक्रम इस तरह तय किए हैं कि यह एमवीए के प्रभावी रूप से सरकार बनाने के अवसर को सीमित कर देता है।'' शिवसेना (यूबीटी) नेता ने यह भी कहा कि मतगणना 23 नवंबर को होगी, जिसका मतलब है कि एमवीए के घटक दलों - शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और अन्य छोटे दलों के पास सरकार बनाने के लिए केवल 48 घंटे होंगे। उन्होंने कहा कि यह सही नहीं है।

राउत ने आरोप लगाया, ''निर्वाचन आयोग का यह कदम भाजपा प्रवक्ता के समान है। आयोग ईवीएम का समर्थन करता है, लेकिन जब हम हरियाणा चुनावों में इन मशीनों के साथ कथित छेड़छाड़ के बारे में कहते हैं तो यह चुप्पी साध लेता है। आयोग ने लोकसभा चुनावों के दौरान धन के दुरुपयोग की शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं थी।'' राउत ने दावा किया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य के चुनावों की घोषणा से ठीक पहले लगभग 200 विधानसभा क्षेत्रों में 15 करोड़ रुपये वितरित करने का फैसला किया और यह सरकार का धन था।

## लोरेंस बिश्नोई एक आतंकवादी है और उसका एन्टाउंटर किया जाना चाहिए : राज शेखावत

वडोदरा। करणी सेना के राष्ट्रीय प्रमुख राज शेखावत ने गैंगस्टर लोरेंस बिश्नोई को लेकर बड़ा बयान दिया है। राज शेखावत ने लोरेंस बिश्नोई को आतंकवादी बताते हुए उसका एन्काउंटर करने की मांग की। वडोदरा में आयोजित पत्रकार परिषद में राज शेखावत ने कहा कि जो डर पैदा हुआ है, उसका जिम्मेदार लोरेंस बिश्नोई हो या उसकी गैंग के आदमी, ऐसे लोगों को माफ नहीं किया जा सकता। एक गैंग का मुखिया जेल में बैठकर विदेशों से देश के व्यापारियों को फिरौती के परेशान करता है। राज शेखावत ने जनता से सवाल किया कि देश के बड़े राजनीतिक और सामाजिक नेताओं की हत्या करता, ऐसे गैंगस्टर का एन्काउंटर कर देना चाहिए या नहीं? उन्होंने कहा कि जब मैं सेना में था तब कश्मीर में 8 साल सेवा की है। उस वक्त हम आतंकियों का एन्काउंटर कर देते थे। जिसकी वजह कश्मीर आज सुरक्षित हुआ है। अब केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है कि ऐसे तत्वों को उग्रवादी की श्रेणी में शामिल किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लॉरेंस के लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद हमारी करणी सेना की ओर से गृह मंत्री को ज्ञापन दिया गया। लेकिन लोकसभा के दौरान आंदोलन के कारण उन्होंने मेरी सुरक्षा रद्द कर दी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लॉरेंस के लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद हमारी करणी सेना की ओर से गृह मंत्री को ज्ञापन दिया गया। लेकिन लोकसभा के दौरान आंदोलन के कारण उन्होंने मेरी सुरक्षा रद्द कर दी।



## बीआरएस नेता अपने फार्महाउस खोने के डर से हाइड्रा का विरोध कर रहे हैं: रेवंत रेड्डी



**मुंबई (एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता राज्य सरकार की नवगठित हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि उनके फार्महाउस ध्वस्त कर दिए जाएंगे।

उन्होंने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह एजेंसी उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी जिन्होंने जल निकायों और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करके संरचनाएं बना ली हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सरकारी अनुमति से अपने मकान बनाए हैं, उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग राज्य की प्रगति और रियल एस्टेट क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर गलत सूचनाएं फैला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जानना चाहा कि क्या बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव और पार्टी विधायक टी. हरीश राव अपने फार्महाउस की वैधता के सत्यापन की अनुमति देंगे। उन्होंने इस उद्देश्य के लिए एक तथ्य-अन्वेषण समिति गठित करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा, ''उन्हें (बीआरएस नेताओं को) डर है कि उनके फार्महाउस को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसीलिए वे एजेंसी का विरोध कर रहे हैं। अगर आपने जल निकायों पर अवैध कब्जा नहीं किया है और सरकारी आदेश का उल्लंघन नहीं किया है तो आपको डरने की क्या जरूरत है।

# यूपी उपचुनाव में बीजेपी को हराने सपा प्रत्याशियों का करेगी समर्थन कांग्रेस



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। इस उपचुनाव में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी (सपा) को अपना समर्थन देने का फैसला लिया है। कांग्रेस ने पहले पांच सीटों की मांग की थी, लेकिन जब सपा से बात नहीं बनी तो कांग्रेस ने गाजियाबाद और खैर सीटों पर अपनी उम्मीदवारी पर विचार किया। हालांकि यहां भी स्थिति बदलने के बाद कांग्रेस ने अब उपचुनाव में सपा प्रत्याशियों का समर्थन करने का फैसला लिया है।

बता दें इंडिया गठबंधन के तहत सपा ने कांग्रेस के लिए गाजियाबाद और खैर सीट छोड़ दी थी, लेकिन दोनों ही सीटों पर बीजेपी का दबदबा है। गाजियाबाद में 2022 विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 61.37 फीसदी वोट मिले थे, जबकि सपा को सिर्फ 18.25 फीसदी और कांग्रेस को महज 4.81 फीसदी वोट मिले थे।

इस परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस नेताओं का मानना है कि उपचुनाव में हारने से बेहतर है कि वे सपा को समर्थन दें, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बना रहे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 6 सीटें जीतकर अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है और अब उसकी नजरें 2027 के विधानसभा चुनाव पर हैं। कांग्रेस नहीं चाहती कि उपचुनाव में हार से कार्यकर्ताओं का उत्साह कम हो और पार्टी के अंदर निराशा फैले।

कांग्रेस के इस फैसले के पीछे एक और कारण है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने भी कुर्बानी दी थी, जब उसने अपनी सीटें नहीं मांगी और गठबंधन के तहत बीजेपी को हराने के लिए अपना समर्थन दिया था। अब कांग्रेस भी उसी रास्ते पर है और सपा के प्रत्याशियों का समर्थन करके गठबंधन के सिद्धांतों को मजबूत कर रही है। यह फैसला कांग्रेस द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से लिया गया है ताकि गठबंधन के सहयोग से अपनी राजनीतिक स्थिति को बेहतर किया जा सके और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का मनोबल बना रहे।

# अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव देगी आंध्र प्रदेश सरकार



**हैदराबाद(एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना पर काम कर रही है। इसी वजह से राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के निवासियों को अधिक बच्चे पैदा करने की सलाह दी है। नायडू ने प्रदेश में उम्रदराज लोगों की बढ़ती आबादी को देखते हुए यह सलाह दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना बना रही है। इसके तहत विधेयक लाने के बारे में भी सोचा जा रहा है, जिसमें अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव दिया जाएगा। सिर्फ इतना ही नहीं, एक ऐसा कानून बनाने पर भी विचार चल रहा है, जिसके तहत सिर्फ वही लोग स्थानीय निकाय चुनाव लड़ पाएंगे, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं।

मुख्यमंत्री ने दक्षिणी राज्यों में गिरती प्रजनन दर पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यहां फर्टिलिटी रेट 1.6 परसेंट है जो राष्ट्रीय दर 2.1 से काफी कम है। अगर यही हाल रहा तो हमारे यहां 2047 तक बुजुर्गों की आबादी काफी ज्यादा हो जाएगी। उन्होंने कहाकि आंध्र प्रदेश ही नहीं, देश के कई गांवों में अब सिर्फ बुजुर्ग ही बचे हैं। नायडू ने जनसंख्या नियंत्रण पर अपने पहले के प्रयासों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहाकि तब हालात कुछ और थे। तेजी से बढ़ती आबादी के चलते प्राकृतिक संसाधन खतरे में थे। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

चंद्रबाबू नायडू ने कहाकि पहले हमने ऐसा कानून बनाया था जिसमें अधिक बच्चे वाले लोग चुनाव नहीं लड़ सकते थे। लेकिन अब हमने उस कानून को खत्म कर दिया है और इसे रिवर्स करने की सोच रहे हैं। अधिक बच्चों वाले परिवारों को सरकार अधिक सुविधाएं देने के बारे में विचार कर रही है। नायडू ने कहाकि वैसे तो हमारे पास 2047 तक डेमोग्राफिक एडवांटेज है। लेकिन दक्षिणी राज्यों खासकर आंध्र प्रदेश में बढ़ती उम्र वालों की आबादी चिंता में डालने वाली बात है। उन्होंने कहाकि जापान, चीन समेत कुछ यूरोपीय देश भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। दक्षिण भारत में यह समस्या इसलिए हो रही है क्योंकि युवा लोग देश के दूसरे हिस्सों में या फिर विदेश चले जा रहे हैं।

# जनता की अदालत का मतलब यह नहीं कि संसद में विपक्ष बन जाए: सीजेआई



**पणजी(एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका 'जनता की अदालत' के रूप में बनाए रखना चाहिए। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय को संसद में विपक्ष की भूमिका निभानी पड़े। दक्षिण गोवा में सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी सम्मेलन में बोलते हुए उन्हें ये बातें कही हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जब समाज बढ़ता है समृद्ध और संपन्न होता है, तो ऐसी धारणा बनती है कि आपको केवल बड़ी-बड़ी चीजों पर ही ध्यान देना चाहिए। हमारा न्यायालय ऐसा नहीं है। हमारा न्यायालय जनता की अदालत है और मुझे लगता है कि लोगों की अदालत के रूप में शीर्ष न्यायालय की भूमिका को भविष्य के लिए संरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''अब, जनता की अदालत होने का मतलब यह नहीं है कि हम संसद में विपक्ष की भूमिका निभाएं।''

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मुझे लगता है, विशेष रूप से आज के समय में, उन लोगों के बीच एक बड़ा विभाजन है जो सोचते हैं कि जब आप उनके पक्ष में निर्णय देते हैं तो उच्चतम न्यायालय एक अद्भुत संस्था है, और जब आप उनके खिलाफ निर्णय देते हैं तो यह एक ऐसी संस्था है जो बदनाम है।' न्यायमूर्ति ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है क्योंकि आप परिणामों के परिप्रेक्ष्य से शीर्ष न्यायालय की भूमिका या उसके काम को नहीं देख सकते हैं। व्यक्तिगत मामलों का नतीजा आपके पक्ष में या आपके खिलाफ हो सकता है। न्यायाधीशों को मामला-दर-मामला आधार पर स्वतंत्रता की भावना के साथ निर्णय लेने का अधिकार है।÷ उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को कानूनी सिद्धांत की असंगतता या त्रुटि के लिए न्यायालय की आलोचना करने का अधिकार है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मैं आश्वस्त हूं कि न्यायाधीशों को इससे कोई परेशानी नहीं है, लेकिन समस्या तब होती है जब वही लोग देखते हैं कि अदालत एक विशेष दिशा में जा रही है और वे सभी इसकी आलोचना करने को तत्पर हो जाते हैं क्योंकि परिणाम आपके खिलाफ गया है।''

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, उग्रवादियों ने पुलिस स्टेशन पर किया हमला

इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम जिले में उग्रवादियों ने एक बार फिर हिंसक हमला किया है। बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन पर उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं और बम फेंके। यह घटना असम सीमा के पास स्थित एक स्कूल को जलाए जाने के एक दिन बाद शनिवार सुबह हुई। उग्रवादियों ने अल सुबह पुलिस थाने पर अंधाधुंध फायरिंग की और हथियार लूट ले गए, जिसका सुरक्षाबलों ने तुरंत जवाब भी दिया। हालांकि, इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के अनुसार, उग्रवादियों ने आधुनिक हथियारों से हमला किया और बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले एक गांव को निशाना बनाया। इस दौरान सीआरपीएफ और पुलिसकर्मियों ने भी भारी गोलीबारी की। घटना के बाद इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं और बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है। इस घटना को लेकर मणिपुर के पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने कहा कि पुलिस सुरक्षा बलों से लूटे गए हथियारों को बरामद करने के प्रयास कर रही है।

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 अक्टूबर को गुजरात दौरे पर आएंगे

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दिवाली से पहले गुजरात दौरे पर आ रहे हैं। 22 अक्टूबर की सुबह अमित शाह गुजरात आएंगे और आणंद के मेहमान बनेंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 31 अक्टूबर को साळंगपुर हनुमानजी मंदिर में होने वाले मारुति यज्ञ में भाग लेंगे। जानकारी के मुताबिक अमित शाह 22 अक्टूबर को वह आणंद के मेहमान होंगे और एनडीडीबी के डायमंड जुबली समारोह के साथ-साथ अमूल के संस्थापक त्रिभुवनदास पटेल की जयंती में भी शामिल होंगे। आपको बता दें कि 22 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का जन्मदिन भी है। अपने जन्मदिन पर गृह मंत्री एनडीडीबी के अतिथि होंगे। एनडीडीबी के डायमंड जुबली समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी, मंत्री जगदीश विश्वकर्मा समेत अन्य मंत्री, नेता और नेता भी मौजूद रहेंगे।

# एक तीर से दो शिकार करना चाहता था भारत: कनाडाई उच्चायुक्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कनाडाई उच्चायुक्त ने भारत के खिलाफ जहर उगला है। कनाडा के उच्चायुक्त कैमरॉन मैके ने कहा कि भारत एक तीर से दो शिकार करना चाहता था लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया। भारत एक साथ कनाडा, उत्तर अमेरिका और यूएसए में निशाना साध रहा था। वहीं निज्जर की हत्या और खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश एक ही प्लॉट का हिस्सा हैं। बता दें कि कैमरॉन अब भी भारत में उच्चायुक्त के पद पर हैं।

मैके ने कनाडा के सरकारी एजेंसी को शनिवार को बताया, जिस तरह के अमेरिका ने भारत पर आरोप लगाए हैं उससे पता चलता है कि नई दिल्ली से ही एक ही प्लॉट के तहत निज्जर और पन्नू की हत्या की साजिश की गई थी। ऐसे में कनाडा और अमेरिका के सबूतों को एक साथ रखा जा सकता है। इससे पता चल जाएगा कि बीते एक साल से क्या चल रहा है। मैके ने कहा कि भारत ने बड़ी रणनीतिक भूल कर दी है। वह सोचता है कि कुछ एजेंट उत्तर अमेरिका में हिंसा करेंगे और फिर बच जाएंगे। मैं कनाडा और अमेरिका दोनों की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि रेड लाइन भारत ने क्रॉस कर दी है। बता दें कि अमेरिका ने आरोप लगाया था कि रॉ के लिए काम करने वाले विकास यादव ने पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। एफबीआई ने उन्हें मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में रखा है। वहीं इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया है कि विकास यादव पहले ही रॉ से अलग हो चुके हैं। वहीं किडनैपिंग और उगाही के आरोप में उन्हें दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था।

पहली बार ऐसा हुआ है कि कनाडा के किसी राजनयिक ने इस तरह के आरोप भारत पर लगाए हैं। बता दें कि बीते साल जून में कनाडा में ही खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। वहीं अमेरिका में गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप अमेरिका ने भारत पर लगाया है। भारत ने इन सभी आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिए हैं। बता दें कि मैके के उप उच्चायुक्त स्टेवार्ट व्हीलर का भी नाम उन राजनयिकों में शामिल है जिन्हें भारत से निष्कासित किया गया है। वहीं नई दिल्ली ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को कनाडा से वापस बुला लिया है। कनाडा की सरकार ने उन्हें निष्कासित करने की बात कही थी। भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा भी कनाडा छोड़ चुके हैं।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**